दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 50 | जयपुर | सोमवार, 23 दिसम्बर, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## चैंपियंस ट्रॉफी- भारत के मैच यूएई में होंगे

### ICC ने न्यूट्रल वेन्यू दुबई चुना; भारत सेमीफाइनल-फाइनल में पहुंचा तो ये मुकाबले भी यहीं होंगे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों की मेजबानी के लिए संयुक्त अरब अमीरात को चुना गया है। यह जानकारी पीटीआई को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने दी है। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और यूएई के मंत्री शेख नाहयान अल मुबारक के बीच हुई बैठक के बाद दुबई को न्यूट्रल वेन्यू के रूप में चुना गया है। टीम इंडिया अगर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करती है तो सेमीफाइनल और फाइनल भी दुबई में होगा। गुरुवार यानी 19 दिसंबर को आईसीसी की बैठक में तय हुआ था कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान के बजाय न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगा। साथ ही भारत में 2027 तक होने वाले सभी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी टीम भी भारत नहीं आएगी। उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। भारत में 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका में होना है।

## दिल्ली में फ्री बिजली नहीं : एलजी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को वीडियो शेयर करके सरकार की फ्री बिजली योजना पर सवाल उठाए। साथ ही शहर की गंदगी और बदइंतजामी की ओर भी इशारा किया। वीडियो में एलजी दक्षिणी दिल्ली के इलाके में लोगों से बातचीत करते दिख रहे हैं। वीडियों में लोग कह रहे हैं कि हम 10-15 हजार रुपए बिल भर रहे हैं। इस पर एलजी कहते हैं कि यहां तो बताया जाता है कि फ्री बिजली है। जवाब में लोग कहते हैं- कोई फ्री बिजली नहीं है। किसी का बिल 5-10 हजार रुपए से कम नहीं आता है। हम आपको बता रहे हैं, एक यूनिट बिजली भी फ्री नहीं है।

# पीएम मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च सम्मान





## 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर'

### अवार्ड पाने वाले पहले भारतीय पीएम

बढ़ता राजस्थान

**कुवैत सिटी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत दौरे के दूसरे दिन सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी ने कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा से यह सम्मान हासिल किया। बता दें कि ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर कुवैत का एक नाइटहुड सम्मान है।

यह सम्मान मित्रता के प्रतीक के तौर पर राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को दिया जाता है। पीएम मोदी से पहले यह सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसी हस्तियों को दिया जा चुका है। कुवैत की सरकारी समाचार एजेंसी कुना के मुताबिक भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह पुरस्कार दोनों देशों के बीच अच्छे संबंधों को मजबूत करने की खातिर दिया गया है। आपको बता दें कि किसी देश द्वारा पीएम मोदी को दिया गया यह 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

### इन लोगों को भी दिया है ये अवॉर्ड

इससे पहले कुवैत ने यह सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे अंतरराष्ट्रीय नेताओं को दिया जा चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कुवैत में एक श्रमिक शिविर का दौरा किया। पीएम मोदी ने कुवैत के मीना अब्दुल्ला क्षेत्र में गल्फ स्पिक लेबर कैंप का दौरा किया, जिसमें लगभग 1,500 भारतीय नागरिक कार्यरत हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने श्रमिकों से बात की।

### पीएम को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

रविवार को कुवैत के बयान पैलेस में प्रधानमंत्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। प्रधानमंत्री कुवैती अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर शनिवार को कुवैत पहुंचे हैं।

### दोस्ती का नया अध्याय होगा शुरू

पीएम मोदी का कुवैत दौरा दोस्ती का नया अध्याय शुरू करेगा। कुवैत में प्रवासी भारतीयों की संख्या भी अच्छी खासी है। भारत और कुवैत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10 .47 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है। इसके अलावा कुवैत भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है। दोनों देशों ने व्यापार और ऊर्जा समेत विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की।

## चुनाव नियम बदलना सरकार की सोची-समझी साजिश : खड़गे

### यह ईसी की आजादी पर हमला; केंद्र ने कहा था- पोलिंग बूथ के फुटेज सार्वजनिक नहीं होंगे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वोटिंग नियमों में बदलाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर हमला किया है। रविवार सुबह ट्वीटर पर पोस्ट में उन्होंने कहा- पहले मोदी सरकार ने सीजेआई को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाले पैनल से हटा दिया था और अब वे चुनावी जानकारी को जनता से छिपाना चाह रहे हैं। यह सरकार की सोची-समझी साजिश है।

जब भी कांग्रेस ने इलेक्शन कमीशन को वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने और ईवीएम में ट्रांसपेरेंसी के बारे में लिखा, तो ईसीआई ने अपमानजनक लहजे में जवाब दिया और हमारी शिकायतों को भी स्वीकार नहीं किया।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सांसदों की जवाबदेही की वकालत की



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में व्यवधान के कारण कामकाज कम होने की पृष्ठभूमि में, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को सांसदों की जवाबदेही की वकालत की और कहा कि लोग सांसदों को यह सोचने पर मजबूर करें कि उन्हें संसद में क्यों भेजा गया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए अभिव्यक्ति और संवाद दोनों बड़ी जिम्मेदारी के साथ-साथ चलने चाहिए। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने सांसदों के बीच जवाबदेही का आह्वान करते हुए कहा, ''कोई गलती न करें, मैं सांसदों का जिक्र कर रहा हूं। लोगों ने अव्यवस्था को व्यवस्था के रूप में लेना सीख लिया है।'' आधिकारिक बयान के अनुसार, उपराष्ट्रपति ने कहा, ''लोग आपको सोचने पर मजबूर करेंगे कि आप वहां (संसद) क्यों गए थे?''

## जयपुर एलपीजी ब्लास्ट

# मरने वालों की डीएनए टेस्ट से शिनाख्त

### इनमें एक रिटायर्ड आईएएस, 2 यूपी के; एक शव की पहचान नहीं हो सकी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में एलपीजी टैंकर ब्लास्ट में अब तक 13 मौतें हो चुकी हैं। एफएसएल टीम ने डीएनए सैंपल जांचकर तीन शवों की पहचान कर ली है। एक शव रिटायर्ड आईएएस करणी सिंह राठौड़ का है। दूसरा शव मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले संजय और तीसरा कानपुर (यूपी) निवासी प्रदीप कुमार का है। FSL के पास में अब एक शव के सैंपल हैं। इनके परिवार से किसी ने संपर्क नहीं किया है। इसलिए इसकी पहचान नहीं हो पाई है। एनएचएआई के अधिकारियों के साथ पांच अन्य जांच टीमों के अधिकारी आज एक बार फिर से दुर्घटना वाली जगह का जायजा लेंगे। दुर्घटना के कारण और दोबारा से दुर्घटना ना हो, इसे लेकर टीमें काम कर रही हैं।



### 27 लोग अब भी हॉस्पिटल में एडमिट

जयपुर के अजमेर रोड पर 20 दिसंबर को हुए हादसे में 4 लोग मौके पर ही जिंदा जल गए थे। 8 लोगों ने सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। 1 मौत जयपुरिया हॉस्पिटल में हुई थी। एक्सीडेंट में झुलसे 27 लोग अब भी हॉस्पिटल में एडमिट हैं। इनमें 7 वेंटिलेटर पर हैं। इस हादसे में 25 लोग 75 फीसदी तक झुलसे हैं। 20 दिसंबर की सुबह भारत पेट्रोलियम का टैंकर अजमेर से जयपुर की तरफ आ रहा था। सुबह करीब 5 :44 बजे दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने (भांकरोटा) टैंकर ने यू-टर्न लिया। इस दौरान जयपुर से अजमेर जा रहा ट्रक उससे भिड़ गया था।

# पूर्व सीएम वसुंधरा के काफिले की गाड़ी 3 बार पलटी

### बाइक सवार को बचाने की कोशिश में अनियंत्रित हुई बोलेरो; 7 पुलिसकर्मी घायल

बढ़ता राजस्थान

**पाली।** पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के काफिले में शामिल पुलिस की बोलेरो पलट गई। हादसे में 7 पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें बाली हॉस्पिटल भर्ती कराया गया है। 3 पुलिसकर्मियों को ज्यादा चोटें आई हैं। प्राथमिक इलाज के बाद सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसा बाइक सवार को बचाने की कोशिश में हुआ। हादसा पाली जिले के बाली में हुआ। जानकारी के अनुसार वसुंधरा राजे रविवार को मंत्री ओटाराम देवासी की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त करके उनके घर से लौट रही थीं। पाली जिले के मुंडारा गांव के लिए रवाना हुई थीं। रोहट और पाली के पणिहारी चौराहे पर भाजपा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया था। यहां से मुंडारा के लिए रवाना हुई थीं।



# वित्त मंत्री पैदल जैसलमेर की गलियों में घूमी

### सोनार फोर्ट को देखकर बोलीं- वंडरफुल, पाकिस्तान बॉर्डर पर भी पहुंचीं

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को जैसलमेर का विजिट किया। 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में जैसलमेर आई निर्मला सीतारमण ने रविवार को तनोट माता मंदिर, सोनार फोर्ट की गलियों का भ्रमण कर जैसलमेर को वंडरफुल सिटी बताया। साथ ही जैसलमेर से लगने वाली भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर भी पहुंचीं, जहांर जवानों से मुलाकात कर उनका हौसला भी बढ़ाया।




**वापस लौटी दिल्ली**-वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपनी 3 दिवसीय जैसलमेर यात्रा के बाद रविवार दोपहर को इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली लौट गई। जैसलमेर दौरे के दौरान निर्मला सीतारमण ने शनिवार को होटल मैरियट में जीएसटी काउंसिल की बैठक की। जिसमें कई राज्यों के सीएम, उप मुख्यमंत्री व फाइनेंस सेक्रेटरी ने हिस्सा लिया। रविवार को सीतारमण ने जैसलमेर भ्रमण कर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी।







सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# बॉलीवुड स्टार महिमा चौधरी ने किया जैविक वन औषधीय पादप केंद्र का भ्रमण

## गौ आधारित कृषि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने को बॉलीवुड स्टार महिमा चौधरी ने पुरजोर समर्थन किया

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर, (का.स.)।** श्री पिंजरापोल गौशाला स्थित जैविक वन औषधीय पादप केंद्र में रविवार को बॉलीवुड स्टार महिमा चौधरी ने गौ आधारित कृषि उत्पादों का अवलोकन किया। यहाँ वैदिक रीति रिवाज़ से पं0 विष्णु टोरड़ी के तत्वाधान में श्री काल भैरव भगवान पूजन, गौ पूजन व गौ सेवा की। इस अवसर पर सनराइज ग्रुप ऑफ़ कम्पनीज़ के संस्थापक डॉ0 अतुल गुप्ता व हैनिमन चेरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता ने महिमा चौधरी को गौ विज्ञान से अवगत कराया। महिमा चौधरी ने भी इस अवसर पर देशी गाय के शुद्ध घी को परख कर कहा कि यह घी नहीं अमृत है। यह असली घी है, जो वास्तव में बिलोना विधि से बनाया गया है। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा बनाये गए हस्त निर्मित उत्पादों को भी चखा व अपनी दादी-नानी के हाथों के स्वाद की अनुभूति महसूस की। जयपुर लाख के तत्वाधान में लाख व गाय के गोबर से बनाये जा रहे चूड़े व अन्य श्रृंगार सामग्री को भी उन्होंने काफी सराहा। अपने इस भृमण के दौरान महिमा चौधरी ने डॉ0 अतुल गुप्ता, मोनिका गुप्ता व संजना शर्मा के साथ जैविक राजस्थानी पारम्परिक भोजन का स्वाद लिया। महिमा चौधरी ने डॉ0 अतुल गुप्ता के द्वारा जैविक कृषि के क्षेत्र में अतुलनीय कार्यों को गहराई से समझा। उन्होंने गौ माता के संवर्धन व संरक्षण हेतु डॉ0 अतुल गुप्ता द्वारा किये जा रहे राष्ट्रव्यापी प्रयासों को और अधिक प्रभावी रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रियान्वित करने पर बल दिया। गौ आधारित कृषि के इस मॉडल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित व संवर्धित करने की आवश्यकता पर बल दिया और उन्होंने कहा कि हम और हमारी टीम भी इस प्रयोजन को आगे बढ़ाने में आपके साथ हमेशा खड़े रहेंगे।



# विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम ने किया राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर की नशा मुक्ति इकाई का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के अगद तंत्र विभाग की नशा मुक्ति इकाई का विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थ्रक्रह्न टीम द्वारा दो दिवसीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान ढ्ढ॥ह्र स्थ्रक्रह्न के रीजनल एडवाईजर, टोबैको फ्री इनिसिएटिव डॉ. जगदीश कौर एवं टैक्निकल ऑफिसर (ट्रेडीशनल मेडीसीन) डॉ. पवन कुमार गोदतवार द्वारा संस्थान के अस्पताल के अंतर्गत चलाई जा रही नशा मुक्ति इकाई (अन्तरंग विभाग) एवं बहिरंग विभाग का निरीक्षण किया गया। इसमें उन्होंने इकाई में भर्ती मरीजों से मिलकर वहाँ उनके ईलाज के साथ चल रहे पंचकर्म थैरेपी, योग - प्राणायाम एवं मनोवैज्ञानिक थैरेपी के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि संस्थान में नशा मुक्ति इकाई 2016 से चलायी जा रही है जिसमें अब तक 1500 से अधिक मरीज स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं7 कुलसचिव व अगद तंत्र की विभागाध्यक्ष प्रो. अनिता शर्मा ने बताया कि इस क्षेत्र में विभाग द्वारा हॉस्पिटल में नशा मुक्ति इकाई संचालन के साथ- साथ विभिन्न रिसर्च कार्य भी किये जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान अगद तंत्र विभाग से प्रो. शरद एम पोर्टे, वैद्य अमोल सुधाकर कडू, डॉ. दिनेश कुमावत एवं सभी पीएचडी - पीजी अध्येता उपस्थित रहे। इस दौरान वैद्य अमोल कडू एवं डॉ. दिनेश कुमावत के द्वारा विभिन्न नशा मुक्ति रिसर्च एक्टीविटी के बारे में अवगत करवाया गया। निरीक्षण टीम ने विभाग द्वारा कार्यरत नशा मुक्ति इकाई एवं संचालनकर्ताओं की सराहना करते हुए सभी से नशा मुक्त कैम्पस की अपील की।

# नीता अंबानी हावर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में करेंगी भारत की वैश्विक शक्ति पर विचार साझा

## अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी नीता अंबानी

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर/बोस्टन।** रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी 15-16 फरवरी, 2025 को बोस्टन में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित हावर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस (इंडिया कांफ्रेंस ऐट हार्वर्ड - आईसीएच) में भारत की वैश्विक शक्ति और क्षमता पर अपने विचार साझा करेंगी। आईसीएच की ओर से रविवार को इस सम्बन्ध में घोषणा की गई। इस साल की थीम 'फ्रॉम इंडिया टू द वर्ल्ड' रखी गई है। नीता अंबानी ने अपने सामाजिक कार्यों के माध्यम से 8 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। उनकी ताजा उपलब्धियों में चार दशकों बाद भारत में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) सत्र की मेजबानी और 2036 ओलंपिक के लिए भारत की दावेदारी को मजबूत करना शामिल है। आयोजकों ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में 80 से अधिक वक्ता शामिल होंगे। नीता अंबानी के साथ एक फायरसाइड चैट में भारत की वैश्विक भूमिका और दृष्टिकोण पर भी चर्चा होगी। अन्य प्रमुख वक्ताओं में इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के संस्थापक डीन प्रमथ राज सिन्हा, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सीईओ अनीश चौहान, फैशन डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी, और अंजलि बंसल शामिल हैं।

कॉन्फ्रेंसके सह-अध्यक्ष आयुष शुक्ला ने कहा, यह मंच भारत की तकनीकी प्रगति, सांस्कृतिक विविधता, और सामुदायिक दृष्टिकोण को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।

## रास्ता खोलो अभियान के तहत जिला प्रशासन ने 38 दिन में खुलवाए 249 रास्त

# जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश सभी तहसीलों में जारी है रास्ता खोलो अभियान

## बरसों पुराने रास्ते खुलवाए जाने पर ग्रामीणों ने जताया जिला प्रशासन का आभार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शुरू हुआ रास्ता खोलो अभियान ग्रामीणों के लिए राहत का दूसरा नाम बन गया है। अभियान के तहत जिला प्रशासन ने समझाइश एवं सहमति से महज 38 दिनों में गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े 249 रास्ते खुलवाने में कामयाबी हासिल की है। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं जजअभियान की नोडल अधिकारी श्रीमती सुमन पंवार ने बताया कि अभियान के तहत विगत एक सप्ताह में जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले के समस्त तहसीलों में बरसों से बंद 38 रास्ते खुलवाए गए। चौमूं तहसील में सर्वाधिक 21 रास्ते तो वहीं, जोबनेर तहसील में 20 रास्ते खुलवाए गए। आमेर, आंधी, शाहपुरा, किशनगढ़-रेनवाल, फुलेरा तहसील में 18-18 रास्ते तो वहीं, माधोराजपुरा तहसील में 17 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने बताया कि सांगानेर तहसील में 14 रास्ते, चाकसू तहसील में 13 रास्ते, जमवारामगढ़ , बस्सी, रामपुरा-डाबड़ी एवं कोटखावदा तहसील में 11-11 रास्ते, जालसू तहसील में 10 रास्ते, कालवाड़ एवं तुंगा तहसील में 8-8 रास्ते तो वहीं, जयपुर तहसील में 4 रास्ते खुलवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। वहीं, जिन रास्तों के वाद न्यायालय में विचाराधीन है परिवादियों द्वारा संबंधित न्यायालय से ही अनुतोष प्राप्त किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है।



इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया।

# टैक्सी कार लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किराए पर ली गई टैक्सी कार लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि पुलिस जेल में मिले तीन बदमाशों ने योजना के तहत किराए पर कार लेकर चालक को बंधक बनाया और फिर रुपए-मोबाइल छीनकर चलती कार से चालक को सीकर में रोड किनारे फेंक कार लूट ले गए थे। इनमें शामिल एक बदमाश सीकर के एक व्यवसायी से दो करोड़ रुपए की रंगदारी के मामले में फरार चल रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई कार बरामद कर ली है। वहीं इस मामले में फरार साथी बदमाश की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि सिंधीकैम्प थाना पुलिस ने लूट मामले में आरोपी दीपक सिंह चौहान उर्फ बॉक्सर (22) निवासी रामगढ़ सेठान सीकर और सचिन सिंह (20) निवासी फतेहपुर कोतवाली सीकर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस मामले में साथी बदमाश रविन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू बढानिया फरार चल रहा है,जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर फतेहपुर सीकर से लूटी गई टैक्सी कार बरामद कर ली है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि फरार बदमाश रविन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू बढानिया जुलाई-2024 में जेल से बाहर आया था। अक्टूबर-2024 में फतेहपुर के बड़े व्यवसायी को जान से मारने की धमकी देकर बदमाश रविन्द्र सिंह ने दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी मांगने के मामले में फरारी के दौरान रविन्द्र सिंह ने अपने पूर्व केसवार सचिन और जेल में मिले दोस्त दीपक सिंह के साथ कार लूट की योजना की थी। लूट में शामिल तीनों बदमाशों के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज है। थानाधिकारी किरण सिंह ने बताया कि मनोहरपुरा जगतपुरा निवासी अशोक कुमार वर्मा ने एक दिसम्बर को मामला दर्ज करवाया था।

# चेन स्नैचिंग करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार और एक बाल अपचारी निरुद्ध

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** वैशाली नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चेन स्नैचिंग करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है और साथ ही इस वारदात में लिप्त एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। जिनसे वारदात में इस्तेमाल चोरी की एक बाइक भी जब्त की गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि वैशाली नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चेन स्नैचिंग करने वाले गिरोह के शातिर बदमाश राजकुमार उर्फ राज, मंगल शर्मा और चोरी का माल खरीदने वाले खरीदार विष्णु सोनी को गिरफ्तार किया है। इस वारदात में शामिल एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। इसके अलावा पुलिस पूछताछ में दोनों बदमाशों ने वैशाली नगर, चित्रकूट झोटवाड़ा, करणी विहार, श्याम नगर, महेश नगर,सोडाला, मानसरोवर थाना इलाके में डेढ़ दर्जन चेन स्नैचिंग और पर्स स्नैचिंग करना कबूल किया। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित वारदात के लिए चोरी की हुई बाईक पर सुबह के समय जयपुर की गलियों में घूमते रहते थे। जैसे ही कोई अकेली महिला दिखती जिसके गले में सोने की चेन हो या कोई पर्स हो उसका पीछा कर उसकी चैन या पर्स लूट कर बाईक से भाग जाते थे। उससे मिलने वाले पैसे से नशा और मोज मस्ती के काम करते थे। जानकारी में सामने आया है कि पुलिस बदमाशों का पीछा कर रही थी। पीछा करने पर तेज बाइक दौड़ते समय दोनों बदमाश बाइक से गिर गए और दोनों बदमाशों के हाथ-पैरों में गंभीर चोट लग गई। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# पड़ोसी युवक बहला-फुसलाकर नाबालिग लड़की का अपहरण कर किया दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** सोडाला थाना इलाके में पड़ोसी युवक बहला-फुसलाकर नाबालिग लड़की का अपहरण कर अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया है। बताया जा है कि आरोपित पडौसी ने पीडिता को रातभर बंधक बनाकर रखा और फिर जबरदस्ती की। इस संबंध में नाबालिग पीड़िता के पिता ने आरोपित पड़ोसी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि सोडाला निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि बीस दिसम्बर को वह दुकान पर काम कर रहा था। इस दौरान उसकी पन्द्रह वर्षीय नाबालिग बेटी भी उनके साथ काम में हाथ बटा रही थी। इस दौरान मौका पाकर आरोपित पड़ोसी बहला-फुसलाकर नाबालिग बेटी का अपहरण कर अपने घर ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती की। दुकान से घर लौटने पर नाबालिग बेटी गायब मिली। रिश्तेदार-परिचितों के यहां ढूंढने पर नाबालिग बेटी का पता नहीं चला। रातभर ढूंढने के दौरान सुबह नाबालिग बेटी घर लौटी। रोते हुए घर पहुंचती नाबालिग बेटी ने आरोपी पड़ोसी के रातभर बंधक बनाकर जबरदस्ती करने के बारे में बताया। नाबालिग बेटी की आपबीती सुनकर थाने में पिता ने आरोपी पड़ोसी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# लूटेरी दुल्हन को देहरादून (उत्तराखंड) से किया गिरफ्तार

## जीवन साथी डॉट कॉम जैसे शादी के मोबाइल एप्लिकेशन पर विधुर और तलाकशुदा अमीर पुरुषों की करती है तलाश

बढ़ता राजस्थान

**अब तक कई लोगों को निशाना बना चुकी है आरोपित महिला**

**जयपुर, (का.स.)।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में लूटेरी दुल्हन को देहरादून (उत्तराखंड) से गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला पर अमीर व्यक्तियों से शादी कर उन्हें ब्लैकमेल करने और उनके परिवारों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करवाने का आरोप है। आरोपित महिला ने अब तक कई लोगों को निशाना बना चुकी है और लाखों रुपये और कीमती गहने हड़प चुकी है। पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपित महिला ने 2013 में आगरा के एक व्यापारी से शादी की थी। कुछ दिनों बाद उसने प्रताड़ना का केस दर्ज करवाकर 75 लाख रुपये वसूले। 2017 में उसने गुरुग्राम के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर से शादी की और उसके खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज करवाया। इस केस में उसने 10 लाख रुपये ऐंठे। जयपुर पुलिस ने देहरादून (उत्तराखंड) में छापा मारकर आरोपित महिला को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपित महिला ने माना कि वह अमीर और प्रतिष्ठित परिवारों को निशाना बनाकर उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाती थी। पुलिस का कहना है कि इस मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है। आरोपी महिला के खिलाफ धारा 420, 379, और 120 बी के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सीमा पहले भी कई लोगों को ब्लैकमेल कर चुकी है। उसके इस गिरोह में और लोगों के शामिल होने की संभावना है। मामले की जांच जारी है।

# पंछी फाउंडेशन संस्था द्वारा 13 वे विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** पंछी फाउंडेशन संस्था द्वारा आयोजित 13 वे विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 22 दिसंबर 2024 को आनंद बाड़ी गलता रोड जयपुर पर आयोजित किया गया।जिसमे 434 रक्त एकत्रित हुआ।शिविर में कुसुम यादव(महापौर) ,चन्द्रमनोहर बटवारा (किशनपोल विधानसभा प्रत्याशी),स्वामी बालमुकुन्दाचार्य जी (विधायक हवामहल विधानसभा) ने रक्तदान शिविर में पधारकर रक्तदाताओ का उत्साहवर्धन किया।

# जिला प्रशासन द्वारा एसएमएस अस्पताल में कैंप कार्यालय का हो रहा संचालन

## 24 घंटे के दौरान 3 शिफ्टों में अधिकारी और कर्मचारी व्यवस्थाएं कर रहे सुनिश्चित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** दिल्ली-अजमेर हाईवे पर शुक्रवार को घटित दुर्घटना को लेकर जिला प्रशासन संपूर्ण संवेदनशीलता बरतते हुए दुर्घटना के पीड़ितों, घायलों के सर्वोत्तम उपचार एवं मृतकों के आश्रित परिजनों सभी जरूरतों के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सवाई मानसिंह अस्पताल में कैंप कार्यालय संचालित किया जा रहा है। इस कैंप कार्यालय में 24 घंटे के दौरान 3 शिफ्टों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। कैंप कार्यालय की संपूर्ण प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिए उपखंड अधिकारी जयपुर-दक्षिण श्री अरुण शर्मा नोडल अधिकारी के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।

# जवाजा पुलिस की करनी व कथनी में अन्तर, पीड़िता ने पुलिस पर अपराधियों पर सहयोग करने का आरोप लगाया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** एक कहावत है कि उल्टा चोर कोतवाल को डाटे यही कहावत जवाजा पुलिस के साथ हो रही है। जवाजा थानान्तर्गत ग्राम ऊंटो का बाडिया काबरा निवासी निर्मला कंवर पत्नि नरपतसिंह ने गत 16 दिसम्बर को जवाजा थाने में 30 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए बताया कि इन लोगों ने घर में घुसकर मारपीट करते हुए जानलेवा हमला कर दिया, लेकिन पुलिस बजाए हमलावरों के खिलाफ कार्यवाही करने के मुस्तगिस पार्टी को ही पकड़ने चली गयी। पीडित परिवार के लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपकर हमलावरों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। पीडिता निर्मला कंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 16 दिसम्बर को प्रात: 10.30 – 11 बजे जब सासु जसोदा देवी व जेठानी आशा देवी व ननद पुजा व बच्चे घर पर थे तभी कुछ लोग एक राय होकर घर के पीछे से चार दिवारी को लांघकर अवैध रुप से घर में घुस गये। यह सभी लोग अपने हाथों में लकड़ियां व सरिये आदि से लेस थे। इन लोगों ने जमकर मार पिटाई करते हुए जानलेवा हमला बोल दिया। इनमें कमलसिंह, डाऊसिंह, मालसिंह, संतोषसिंह, किशोरसिंह, महेन्द्रसिंह, सम्पतसिंह, जितेन्द्रसिंह कुशालसिंह, सोनु मारपीट करते हुए निर्मला कंवर के कपड़े फाड़ दिये।

इस बीच उन्होने गाली-गलौच करते हुए अश्लील हरकते करने लगे। पीडित महिला निर्मला कंवर के सिर व शरीर पर कई जगह चोटें आई। सास जसोदा देवी के मुँह पर सरिये से बार किया जिस पर सास के मुँह पर गंभीर चोटें आई, सास की चोटों को देखकर जवाजा चिकित्सालय से ब्यावर के राजकीय चिकित्सालय में रेफर कर दिया। पीडिता की सास का इलाज चिकित्सालय में चल रहा है वहीं मारपीट में जेठानी के भी चोटें आई है। घर में घुसकर पत्थरबाजी व झगडा करने से घर में रखे सामान भी काफी क्षतिग्रस्त हो गये हैं। बाडे में लगाये गये टीनशैड को तोड़-मरोड़कर पाईप अपने साथ ले गये। घर में खड़ी इक्को गाड़ी जिसका नम्बर आर जे 36 सीए 8047 है। घर में पड़ी वैल्डिंग मशीन चारपाई, गलेन्डर तथा अन्य समान चोरी करके अपने साथ ले गये। पीडिता ने कमलसिंह, डाऊसिंह, संतोषसिंह, जितेन्द्रसिंह, हिम्मतसिंह पर आरोप लगाया कि वह अपने गले में पहने सोने का मंगलसुत्र अपने साथ ले गये। इस मामले में जवाजा पुलिस ने धारा 115 (2), 126 (2), 191 (2), 190, 352, 324 (4), 329 (3), 303 (2) बीएनएस (2023) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस को मामला दर्ज कराने के बावजूद अभी तक उन लोगों की गिरफ्तारी बाकि है। देखना यह है कि पुलिस पीडिता को न्याय दिलाती है या फिर उन तथाकथित लोगों को जिन्होने पीडिता के घर पर पत्थरबाजी कर उसके साथ मारपीट की और जेवर आदि लूटकर ले गये उनके खिलाफ कार्यवाही होती है।



# सर्व ओबीसी समाज महा पंचायत ट्रस्ट की प्रदेश अध्यक्षा मनीबेन पटेल व प्रदेश महामंत्री धारावती सुवालका मनोनीत



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** सर्व ओबीसी समाज महा पंचायत ट्रस्ट की बैठक लेक सिटी गार्डन में लोकेश चौधरी की अध्यक्षता में हुई। प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि बैठक में ओबीसी समाजों को सरकार द्वारा आवंटित भूमि के बारे में चर्चा एवं महिला कार्यकारिणी के चुनाव करवाए गए। संस्थापक दिनेश माली ने बताया कि ओबीसी समाजों को उदयपुर विकास प्रन्यास यूडीए द्वारा आवंटित भूमि को सरकार ने समीक्षा के नाम पर रोक लगा रखी है। सरकार को एक वर्ष होने के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया है। जिससे समाजों में काफी रोष व्याप्त हैं। बैठक में निर्णय लिया गया की जिलाधीश, संभागीय आयुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा। और स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मुख्यमंत्री को भी अवगत कराया जाएगा। बैठक में संस्थापक दिनेश माली ,कोषाध्यक्ष बालकृष्ण सुहालका, भेरूलाल भोई, उपाध्यक्ष पी एस पटेल, किशन राव ने संबोधित किया । भेरूलाल कलाल व नरेश पूर्बिया ने मार्गदर्शन दिया । इस अवसर पर गाछी समाज के मांगीलाल , नंदकिशोर , सूर्य प्रकाश गाछी, भंवर लाल लोहार ,राम अयोध्या यादव ,पूर्बिया समाज उदयपुर के अध्यक्ष दिनेश पूर्बिया का ट्रस्ट की ओर से स्वागत किया गया। आंजना समाज के उदाराम ,सूरजपाल, भंवर लाल लोहार ,गजेंद्र लोहार ने विचार व्यक्त किए एवं सुझाव दिए । ''महिला कार्यकारिणी के चुनाव''- प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट की महिला शाखा के प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव हुए। जिसमें संरक्षक डॉ सुनीता सुहालका, प्रदेश अध्यक्षा मनीबेन पटेल ,प्रदेश महामंत्री धारावती सुहालका, प्रदेश मंत्री - दीपमाला मेवाड़ा व रेखा ऊंटवाल, उपाध्यक्ष -शांता नागर , नम्रता चौधरी, मंजू सुथार, रमिला लोहार व निर्मला शर्मा , सह मंत्री -पूजा टेलर, रंजना साहू व निशा कुमावत ,सहसचिव- मंजू माली , कोषाध्यक्ष गंगा देवी माली को सर्व सम्मति मनोनीत कि गई। मनोनीत सभी पदाधिकारीयों को माला पहनाकर, उपरणा ओढ़ाकर कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# बाबा साहेब के सम्मान में बसपा का धरना प्रदर्शन 24 दिसम्बर को

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** बहुजन समाज पार्टी के कोटपूतली बहरोड़ जिला प्रभारी दीपचंद आर्य ने बानसूर विधानसभा क्षेत्र का एक दिवसीय दौरा किया। उन्होंने कहा कि 'बाबा साहेब के सम्मान में बीएसपी मैदान में 'आर्य ने बताया कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के निर्देशानुसार बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में जिला कोटपूतली बहरोड यूनिट, व समर्थक तथा बसपा कार्यकर्ता दिनांक 24 दिसंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर की गई अपमान जनक व अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में संवैधानिक व्यवस्था के तहत जिला मुख्यालय पर धरना व प्रदर्शन किया किया जाएगा और भारत के राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में सभी सम्मानित साथियों को सादर सूचित कर दिया गया है। आर्य ने बताया कि दिनांक 24.12.2024 को मंगलवार समय दोपहर 12:00 बजे स्थान नगर परिषद अंबेडकर पार्क कोटपूतली में में अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर इसका विरोध प्रदर्शन करेंगे।ज्ञापन जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष,विधानसभा अध्यक्ष व जिम्मेदार साथी पूरी तैयारी के साथ में इस कार्यक्रम को मजबूती से सफल बनाएंगे। उन्होंने आह्वान किया कि 'निकलो बाहर मकानों से जंग लड़ो बेईमानों'।

# छोटीसादड़ी में एडीजे कोर्ट के संचालन को लेकर जिला जज ने देखा भवन, अधिकारियों से चर्चा की

बढ़ता राजस्थान

**छोटीसादड़ी।** शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओमी पुरोहित ने छोटीसादड़ी का दौरा कर एडीजे कोर्ट के अस्थायी संचालन और भवन निर्माण के लिए संभावित स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालय परिसर के समीप उपयुक्त जगह का अवलोकन करते हुए जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। अभिभाषक संघ अध्यक्ष प्रदीप वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान सरकार ने छोटीसादड़ी में एडीजे कोर्ट की स्थापना की अधिसूचना जारी कर दी है। इसी क्रम में जिला जज पुरोहित ने संभावित स्थानों का निरीक्षण कर उनकी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने एडीजे कोर्ट के लिए न्यायालय परिसर के पास स्थान सुनिश्चित करने और भवन निर्माण की योजना को प्राथमिकता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर न्यायधीश ओमी पुरोहित ने कहा कि एडीजे कोर्ट की शुरुआत से क्षेत्र के लोगों को शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय मिलने में सहायता होगी। इस दौरे में एसीजेएम मनीषा अग्रवाल, एसडीएम यतीन्द्र पोरवाल, तहसीलदार राजेंद्र कुमार सारेल, भू-अभिलेख निरीक्षक दीपक राव मराठा, पटवारी किशन धाकड़, पटवारी ऋतिक शर्मा और स्थानीय अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

# 5 दिवसीय इन्द्रसिह बारहठ स्मृति राजस्थान स्टेट जूनियर्स ओपन एवं अन्तर जिला टेनिस प्रतियोगिता 4 जनवरी से

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** राजस्थान टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में उदयपुर टेनिस एसोसिएशन द्वारा आगामी 4 जनवरी से 5 दिवसीय इन्द्रसिह बारहठ स्मृति राजस्थान स्टेट जूनियर्स ओपन एवं अन्तर जिला टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान कृषि महाविद्यालय व सुविवि के टेनिस कोर्ट में किया जायेगा। राजस्थान टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ.दीपांकर चक्रवर्ती ने बताया कि अन्तर जिला टेनिस प्रतियोगिता के साथ ही जूनियर्स बालक एवं बालिकाओं के 10,12,14,16 एवं 18 वर्ष आयुवर्ग के मुकाबले खेले जायेंगे। डॉ. चक्रवर्ती ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य की लगभग 25 जिलों से टेनिस की टीमें भाग लेगी। विजता-उप विजेता टीमों को प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि प्रदान की जायेगी।

# जंजीरों में 131 तालों से बंधी जादुगर आंचल आज निकलेगी आग में से

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** मात्र साढ़े 4 साल की उम्र में जादू के मंच पर आकर अपना करतब दिखानें वाली जादूगर आंचल 31 वर्ष की उम्र ऐसा करनामा करने जा रही है। जो इस उम्र में दिखानें का साहस हर कोई नहीं कर पाता है। कार्यक्रम संयोजक एवं युवा समाजसेवी डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री ने बताया कि आयोजन की तैयारियों को लेकर आज एक बैठक अयोजित की गई। जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। डॉ शास्त्री ने कार्यक्रम के सफल बनाने के लिए मीटिंग ली एवं ऑन टॉस टीम के काम पर जानकारी दी जिसमें उन्होंने उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं को विभिन्न दिशा निर्देश दिए। जादूगर आंचल द्वारा 23 दिसम्बर को गांधी ग्राउण्ड में सांय 4 बजे आयोजित किये जाने वाले एडवेंचर विद फायर कार्यक्रम में अपनी जान को जोखिम में डाल कर चारें की बनी धू-धू कर जलती हुई झोपड़ी में लगी आग में से बाहर निकलने का करनामा दिखायेंगी। गांधी ग्राउण्ड में शाम 4 बजे से प्रवेश नि:शुल्क होगा, लेकिन पास से होगा। उन्हेंने बताया कि मेवाड़ की इस जादूगर आंचल कलाकार ने मेवाड़ की आन-बान-



शान को बनाये रखनें हेतु ऐसा साहसिक कदम उठाया है। डॉ. शास्त्री ने कल हर आम व्यक्ति को इसमे भाग लेने का आव्हान किया है। जादूगर आंचल ने बताया कि इस आयोजन को लेकर उनका एक मात्र उद्देश्य यहीं है कि पढाई को लेकर तनाव रखने वाले विद्यार्थी तनाव से दूर रह कर सफलता हासिल करें। इसी मुद्दे को लेकर जादूगर आंचल अपने ब्रेक दि डि प्रेशन अभियान के तहत इस खतरनाक और साहसिक कारनामें का प्रदर्शन करेगीवही आंचल मेजिक शौ के डायरेक्टर गिरधारी कुमावत ने कहा कि आमजन से अपील है कि वे पास लेकर ही कार्यक्रम में पहुँचे। इस अवसर पर इरशाद चैनवाला ,चेतन सोनी ,लव वर्मा,विनम्र जैन,भगवती लोहार ,श्रीमती नयना जैन,रेखा भाणावत ,सूर्यप्रकाश चित्तौड़ा, उज्जवल जैन ,सुनील व्यास ,अनिल अग्रवाल ,अनीश जैन ,कमल कुमावत,जितेंद्र ओड,राव उमराव सिंह,देश राज बागड़ी आदि मौजूद थे ।

# तीन दिनों में हुआ 15 हजार से अधिक वस्त्रों का वितरण




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** धाकड़ परिवार की ओर से सूरजदेवी एवं भैरूलाल धाकड़ की स्मृति में महाराणा भूपाल सार्वजनिक चिकित्सालय की ओपीडी के बाहर तीन दिनों में जरूरतमंद 5 हजार से अधिक महिला, पुरूष व बच्चों को 15 हजार से अधिक वस्त्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक ध्रुवप्रकाश धाकड़ ने बताया कि इस महावस्त्रदान अभियान उदयपुर की विभिन्न सेवा भावी संस्थाओं ने सहयोग किया। इस वर्ष सर्दी के अधिक प्रकोप के कारण आने वाले समय में शीतलहर की संभावना है। इस हाडकंपाती सर्दी में गरीब एवं बीमार लोगों को बिना उनी वस्त्रों के बहुत ही तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सालय में उदयपुर के आस-पास गांवों के हजारों जरूरतमंद लोग ईलाज के लिये आते है। ऐसे में उनका ध्याान रखते हुए धाकड़ परिवार ने 15 हजार वस्त्रों का नि:शुल्क वितरण किया।इन वस्त्रों में जैकेट कोट,स्वेटर, टी शर्ट,पेट,शर्ट आदि शामिल थे। इस वस्त्रदान अभियान की सफलता को देखते हुए आगामी 6 से 8 जनवरी तक पुन: इसकी शुरूआत की जायेगी।

# दशनान गोस्वामी समाज का प्रथम राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन

## अति वरिष्ठ समाजजन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान एवं स्मारिका विमोचन समारोह 25 को

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** दशनान गोस्वामी समाज का प्रथम राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन,अति वरिष्ठ समाजजन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान एवं स्मारिका विमोचन समारोह 25 दिसम्बर को हिरणमगरी से.11 स्थित व्यास सभागार में आयोजित किया जायेगा। समाज के नगर मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि समारोह में राज्य के 80 वर्ष पार समाज के 65 बुजुर्गो सहित समाज के ही ग्रामीण क्षेत्र के 102 वर्ष पार बुजुर्ग समाजजन को भी सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर कक्षा 10,कक्षा 12,स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 180 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि समारोह में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम युवक-युवती परिचय सम्मेलन में राजस्थान मध्यप्रदेश एवं गुजरात के 187 युवक-युवतियों ने अपना पंजीकरण कराया है। इस मौके पर समाज के 60 वरिष्ठजनों को भी सम्मानित किया जायेगा। समारोह में करीब 1800 लोगों के भाग लेने की संभावना है। उनके ठहरने के लिये धर्मशाला एवं होटलों में व्यवस्था की है।

आयोजन सचिव तरूणपुरी गोस्वामी ने बताया कि समारोह में आशीर्वचन प्रदान करने के लिये कुंभलगढ़ के सूरजकुण्ड धाम केलवाड़ा के महन्त अवधेशानन्द महाराज, हरिद्वार वीरों का मठ कुंभलगढ़ के अध्यक्ष महन्त रविन्द्रपुरी महाराज,खासओदी आश्रम के प्रयागगिरी महाराज,रामद्वारा उदयपुर के दयाराम महाराज, रामद्वारा बड़ीसादड़ी के अनन्तराम महाराज भाग लेंगे।

बैठक में हरीशपुरी गोस्वामी,उप सचिव राजेश भारती गोस्वामी, कोषाध्यक्ष राजेश भारती गोस्वामी,त्रिलोक पुरी गोस्वामी, महेन्द्र पुरी गोस्वामी सहित कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे।

## लक्ष्मीनगर मोड़ पर अन्डरपास की मांग को लेकर बैठक का आयोजन

# 11 सदस्यीय संघर्ष समिति का हुआ गठन, आज विधायक व जिला कलेक्टर को सौंपेगें ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के लक्ष्मीनगर मोड़ पर अन्डरपास बनाये जाने की मांग को लेकर रविवार को श्रीराम मंदिर लक्ष्मीनगर में वार्ड नं. 21 कुम्हारों का मौहल्ला, कुंज विहार कॉलोनी, लक्ष्मीनगर, पटेल कॉलोनी, उपली कोठी, फौजावाली ढ़ाणी, कांवर नगर व आसपास के क्षेत्र के लोगों की बैठक का आयोजन प्रेमचंद ठेकेदार की अध्यक्षता में किया गया। वक्ताओं ने कहा कि दीवान होटल एवं सब्जी मंडी के पास प्रस्तावित फ्लाई ओवर से पहले लक्ष्मीनगर कट पर अन्डरपास बनाया जाना बेहद आवश्यक है। विपरीत दिशा में लोगों के आने जाने से अनेकों बार दुर्घटनायें होती हैं तथा आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। राजमार्ग के दूसरी ओर जिला कलेक्टर कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय, उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, पशु चिकित्सालय, बालिका विधालय, श्मशान भूमि है एवं रोजमर्रा के अनेकों कार्यो हेतु रोजाना लोगों का आना-जाना रहता है और विपरीत दिशा में चलने के कारण या फिर रेलिंग को कूद कर जाने से अनेको बार दुर्घटनायें होती रहती है। इस मौके पर आपसी



विचार विमर्श कर समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रामस्वरूप चौधरी, उपाध्यक्ष प्रेमचंद कुमावत व रामेश्वर सैनी, सचिव रघुवीर गोयल, कोषाध्यक्ष भीखाराम सैनी, मीडिया प्रभारी अरुण गर्ग व प्रकाश चन्द शर्मा, गिरिराज नायक, जितेंद्र जलेंद्रा, राजेंद्र सांखला, दीपक कटारिया, दौलतराम सैन, विजय आनंद भारद्वाज सहित 11 सदस्यीय लक्ष्मीनगर अन्डरपास संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसके बाद सभी से चर्चा करते हुये स्थानीय विधायक हंसराज पटेल, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, एनएचएआई प्रोजेक्ट अधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। सोमवार 23 दिसम्बर को विधायक एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। बैठक में राजेंद्र सांखला, दीपक कटारिया, सतीश यादव, भीखाराम सैनी, संतलाल कश्यप, विजय आनंद भारद्वाज, रामेश्वर सैनी, पार्षद प्रतिनिधि रघुवीर गोयल, रमेश आर्य, बिल्लूराम सैनी, अशोक आर्य, धनपत मिस्त्री, महावीर टेलर, लीलाराम सैन, जितेंद्र यादव, मनीष बबेरवाल, सुरेश सैनी, रोहिताश सैनी समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मंगल न्यूटन स्कूल का 18वां वार्षिक दिवस समारोह भव्य रूप से आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** मंगल न्यूटन स्कूल ने अपना 18वां वार्षिक दिवस समारोह 22 दिसंबर 2024 को स्कूल परिसर में भव्यता और उत्साह के साथ मनाया। यह कार्यक्रम हर मायने में अद्वितीय और यादगार रहा, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि शंकर सिंह रावत अध्यक्ष श्वेता मेहता मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया । कार्यक्रम के प्रारंभ में विधि त्रिपाठी और रुबिना ऑस्टिन द्वारा दिए गए गरिमामय स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने अपने शब्दों से सभी अतिथियों, अभिभावकों और दर्शकों का स्वागत करते हुए इस दिन की महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रवक्ता विश्वाकांत जोशी के अनुसार दिल्ली के मशहूर नाट्य कर मनीष हलदार आयुष शर्मा की टीम ने पिछले एक माह से इस वर्ष की प्रस्तुति के लिए तीन प्रमुख नाट्य रूपांतरण को शामिल किया। इसके साथ ही, केजी वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों जैसे 'ब्यूटीफुल वर्ल्ड,' 'गमी बियर,' 'चेयर डांस,"मंकी डांस,' और 'अम्ब्रेला डांस' से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी मासूम अदाओं ने पूरे कार्यक्रम को जीवंत कर दिया। शैक्षणिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि विधायक शंकर सिंह रावत, स्कूल के निदेशक यश



मंगल, और प्रधानाचार्या रेचल लिटिल ने किया। अकादमिक उपलब्धियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, और खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ खेल गृह ट्रॉफी इस वर्ष सत्य हाउस को प्रदान की गई। सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के लिए वार्षिक शील्ड शौर्य हाउस को प्रदान की गई। मुख्य अतिथि श्री शंकर सिंह रावत ने अपने संबोधन में छात्रों की प्रतिभा और कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। धन्यवाद प्रस्ताव में सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों, और आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया।

# उपकारागृह में योग शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** निकटवर्ती ग्राम रामसिंहपुरा रोड़ स्थित उपकारागृह में रविवार को समाजसेवी रतन लाल शर्मा द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर योगाचार्य सत्यदेव सोनी द्वारा कैदियों को विभिन्न योग, आसन व प्राणायाम करवाये गये। सोनी ने योग के लाभ बताते हुये कहा की योग से तन व मन दोनों की शुद्धि होती है। इसलिये प्रतिदिन योग करना चाहिये। उल्लेखनीय है कि समाजसेवी रतनलाल शर्मा द्वारा उपकारागृह में पिछले 10 वर्षो से योग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वृक्षारोपण समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जेलर प्रेमप्रकाश मीणा ने कहा कि जीवन को खुशहाल बनाने के लिये योग करना चाहिये। इस दौरान जयसिंह मीणा, शेरसिंह मीणा, महिपाल, विरेंद्र, विष्णु समेत स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# डॉलर के सामने पस्त हुआ रुपया, अर्थव्यवस्था पर मंडरा रहा संकट का साया

डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत गिर कर पचासी से अधिक हो गई। यह अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। बताया जा रहा है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अपनी नीतियों में बदलाव की वजह से ऐसा हुआ है। कोरोना के बाद दुनिया के तमाम देश मंदी की चपेट में आ गए थे। उससे उबरने के लिए सभी ने अपने-अपने तरीके से उपाय किए। अमेरिकी फेडरल ने अपनी ब्याज दरों में कटौती कर उसे साढ़े चार फीसद पर ला दिया है। इस तरह डालर की स्थिति मजबूत हुई है। फिर, जब से राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की विजय हुई है, निवेशकों को लगने लगा है कि वहां निवेश करना सबसे फायदेमंद है। इसलिए बहुत सारे निवेशकों ने भारत से पैसे निकाल कर अमेरिका का रुख कर लिया। इससे विदेशी मुद्रा भंडार में भी छीजन दर्ज शुरू हो गई। पिछले कुछ समय तक डालर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट लगभग रुकी हुई थी, तब विशेषज्ञों ने कहना शुरू कर दिया कि सरकार विदेशी मुद्रा भंडार से डालर की निकासी करके रुपए की कीमत को रोक रखा है। मगर अब वह तरीका भी शायद काम नहीं आ रहा। डालर के मुकाबले रुपए की कीमत में गिरावट का असर व्यापार, पर्यटन, शिक्षा आदि पर पड़ता है। भारत अपनी जरूरत का अधिकतर ईंधन तेल दूसरे देशों से खरीदता है। ऐसे में जब भी कच्चे तेल की कीमत बढ़ती है, तो सरकार का खर्च बढ़ जाता है। इसके अलावा, दवाइयों के लिए कच्चा माल, खाद्य तेल, इलेक्ट्रानिक साजो-सामान आदि के लिए भी हम दूसरे देशों पर निर्भर हैं। विदेश पढ़ने गए विद्यार्थियों और पर्यटकों की जेब पर बोझ बढ़ जाता है। इसलिए रुपए की कीमत का गिरना चिंताजनक होता है।

रुपए की कीमत गिरने की कुछ वजहें साफ हैं। व्यापार घाटा बढ़ता है, तो डालर के मुकाबले रुपए की कीमत घट जाती है। हालांकि वर्षों से निर्यात बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, घरेलू बाजार और स्वदेशी को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है, मगर हकीकत यह है कि निर्यात में लगातार कमी देखी जा रही है। व्यापार घाटा पाटने के लिए कई विदेशी वस्तुओं के आयात पर रोक लगाने और देसी वस्तुओं को प्रश्रय देने की कोशिश की गई, इसका कुछ असर भी हुआ। मगर फिर भी व्यापार घाटा कम नहीं हो पा रहा। खासकर चीन के साथ हमारा व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। महंगाई पर काबू पाने के मकसद से रिजर्व बैंक ने लगातार रेपो दर को ऊंचा बनाए रखा है, मगर स्थिति यह है कि बाजार में पूंजी का अपेक्षित प्रवाह नहीं बन पा रहा। इसकी बड़ी वजह लोगों की आय में बढ़ोतरी न हो पाना है। इन स्थितियों का असर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर पड़ता है। जैसे ही बाहरी निवेशकों को लगने लगता है कि किसी देश में उपभोक्ता व्यय घट रहा है, तो वे वहां निवेश करने से बचते हैं। पिछले कुछ समय से हमारी विकास दर और उसमें विनिर्माण क्षेत्र की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ऐसे में डालर की आवक कम हुई है। इस स्थिति में रुपए की कीमत घटनी शुरू हो जाती है। भारत में यह सिलसिला लगातार बना हुआ है।

# तस्करी के लिए हाइटेक ड्रोन्स और तकनीक का इस्तेमाल कर रहा पाकिस्तान

**आंकड़े बताते हैं कि पाकिस्तान में सालाना 44 टन तक संसाधित हेरोइन की खपत होती है। पड़ोसी अफ़गानिस्तान से 110 टन हेरोइन और मॉर्फिन की तस्करी पाकिस्तान के ज़रिए अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में की जाती है। इसके अलावा, माना जाता है कि पाकिस्तान का अवैध ड्रग व्यापार सालाना 2 बिलियन डॉलर तक कमाता है। आज पाकिस्तान ड्रोन से अवैध रूप से ड्रग्स कारोबार में लिप्त है।आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2024 के दस महीनों में ही पाकिस्तान से पंजाब सीमा पर भेजे गए 177 ड्रोन बरामद किए गए हैं। यह बरामदगी 2023 में पकड़े गए ड्रोन की संख्या से 107 अधिक है। गत वर्ष 60 ड्रोन बरामद हुए थे।**

सुनील कुमार महला

सभी जानते हैं कि पाकिस्तान दुनिया में आतंकवाद का गढ़ है। पाकिस्तान न केवल आज दुनिया में आतंकवाद फैला रहा है बल्कि वह स्वयं भी इससे बहुत त्रस्त है। हाल ही में उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सुरक्षा चौकी पर बड़ा आतंकवादी हमला हुआ, मीडिया के हवाले से खबरें आईं हैं कि आतंकवादियों की ओर से किए गए इस भीषण हमले में 16 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। मीडिया से यह भी सूचना मिली है कि पिछले कुछ महीनों में सुरक्षा बलों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकवादी हमला है।न केवल आतंकवाद बल्कि पाकिस्तान अपने यहां से नशा व हथियारों की तस्करी का भी आज एक बड़ा गढ़ ही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पाकिस्तान ड्रग्स व हथियारों की स्मगलिंग के लिए ऐसे हाईटेक ड्रोनों का इस्तेमाल कर रहा है, जो आसानी से पकड़ में नहीं आते। गौरतलब है कि जहां नशीली दवाओं की तस्करी अक्सर अपराध के अन्य रूपों जैसे-आतंकवाद, मनी लॉन्ड्रिंग अथवा भ्रष्टाचार से जुड़ी होती है, वहीं दूसरी ओर हथियारों की तस्करी आतंकवाद व आतंकी घटनाओं को जन्म देती है।कहना ग़लत नहीं होगा कि आज नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी से राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा है। नशा व हथियार तस्करी ही नहीं धार्मिक शिक्षा के नाम पर भी पाकिस्तान आज एक खतरनाक खेल, खेल रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और खुफिया एजेंसी आइएसआइ के गठजोड़ का भी एक फ्रांसीसी पत्रिका ले स्पेक्टेकल डू मोंड द्वारा यह खुलासा किया गया है कि पाकिस्तान जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को सेना की तरह प्रशिक्षित कर रहा है और धार्मिक शिक्षा के नाम पर साज़िश रच रहा है। यह बहुत ही खतरनाक है कि आज जैश धार्मिक शिक्षा की आड़ में आतंकी तैयार कर रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पाकिस्तान धार्मिक शिक्षा की आड़ में आतंकी ही तैयार नहीं कर रहा है अपितु वह भारत में हथियार और मादक पदार्थों की तस्करी के नये-नये तरीके खोज रहा है और उन्हें इस्तेमाल में ला रहा है। सच तो यह है कि पाकिस्तान स्थित विभिन्न आतंकवादी समूह आज डिजिटल यानी कि विभिन्न आनलाइन गतिविधियों के जरिए भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने में लिप्त है। हालांकि, भारतीय सुरक्षा एजेंसियां, हमारे देश की साइबर टीम और हमारे तमाम सुरक्षा बिल इसको लेकर पहले से ही बहुत सतर्क और मुस्तैद हैं। बावजूद इसके भारत को पाकिस्तान द्वारा की जा रही डिजिटल घुसपैठ को रोकने के लिए और बड़े कदम उठाने की जरूरत इसलिए है क्योंकि आज का जमाना सूचना क्रांति का है।हम सभी जानते हैं कि आज आनलाइन माध्यमों से पलों में भारत विरोधी कंटेंट को इधर से उधर पहुंचाया जा सकता है। आज तस्कर और आतंकी लगातार तकनीक और मोबाइल क्रांति का सहारा ले रहे हैं। सच तो यह है कि मोबाइल और तकनीक के इस्तेमाल ने आतंकियों/तस्करों/ माफियाओं के लिए तस्करी के तरीके, रास्ते सटीक और आसान बना दिए हैं। आलम यह है कि अब सरहद के पास कोई स्थान विशेष को निर्दिष्ट करके हथियार और हेरोइन, अफीम, गांजा



,चरस, नशीली दवाएं आदि मादक पदार्थ तथा हथियार तक गिराए जाते हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान, भारत समेत विश्व के अनेक देशों में हथियारों और नशीले पदार्थों की खपत करता है।वर्ष 2022 में जून के महीने में यह सामने आया था कि पाक के तस्कर पंजाब सीमा से सटे खेतों व बॉर्डर फेंसिंग के पास नशे से भरी ईंटें फेंक रहे हैं। उस वक्त यह भी सामने आया था कि पानी की मोटरों में इस्तेमाल होने वाले होलो पंप में भी नशा भरकर सीमा पार से भेजा जा रहा है और कोल्ड ड्रिंक्स की बोतलों का भी इस्तेमाल नशा तस्करी में किया जा रहा है। पिछले कुछ समय पहले यह भी सामने आया था कि अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट भारत में नशे की खेप लाने के लिए अलग-अलग रास्तों का फायदा उठा रहे हैं। मसलन, गुजरात का मुंद्रा पोर्ट, पंजाब बॉर्डर, नेपाल और म्यामांर के रास्ते भारत में ड्रग्स लाई जा रही है। वाकई यह बहुत ही संवेदनशील है कि आज भारतीय तस्कर पाकिस्तानी तस्करों को लोकेशन भेज ड्रोन के माध्यम हेरोइन,गांजा, चरस और असलहा आदि की खेप मंगवा रहे हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि पाक तस्करों का समर्थन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ भी करती है। आइएसआइ इन्हीं तस्करों की मदद से भारत में विस्फोटक सामग्री, हथियार व नशीले पदार्थों तक को भिजवाती है। सच तो यह है कि पाकिस्तान भारत में शांति व सौहार्द को भंग करने के उद्देश्य से चोरी-छुपे हथियारों की सप्लाई के साथ नशा तस्करी को भी अंजाम दे रहा है और यही कारण है कि भारत में तस्करी आज एक बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आ रही है, जो सिर्फ कानून व्यवस्था पर ही नहीं, बल्कि देश की आर्थिक स्थिति, हमारे समाज और पर्यावरण, स्वास्थ्य पर भी कहीं न कहीं बुरा असर डाल रही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि तस्करी का प्रभाव केवल कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं रहता। यह पूरे देश की सुरक्षा, स्वास्थ्य, समाज और पर्यावरण तक को प्रभावित करता है। पाकिस्तान अपनी धरती से भारत विरोधी गतिविधियों का संचालन करता रहा है और आज भी वह लगातार ऐसी गतिविधियों में संलिप्त है। तस्करी की बात करें तो हाल ही में पंजाब के अमृतसर (ग्रामीण) में पुलिस ने 4 किलो हेरोइन के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इस हेरोइन को पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए तस्करी करके लाया गया था। हेरोइन ही नहीं पुलिस ने एक 9 एमएम पिस्तौल भी बरामद की है। आज भी नेपाल और पंजाब के रास्ते पाकिस्तान से हेरोइन और अफीम जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती है और इस आशय की खबरें मीडिया के माध्यम से आतीं रहतीं हैं। दो साल पहले एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक के हवाले से यह खबरें आईं थीं कि पाकिस्तान, अपने हितैषी चीन में बने नये ड्रोन के स्थान पर अब पाकिस्तान में ही बनाए गए पुराने ड्रोन तस्करी के लिए इस्तेमाल कर रहा है।सूत्रों के मुताबिक भारतीय सुरक्षा बलों की पाकिस्तानी तस्करों पर लगातार कार्रवाई और महंगे चीनी ड्रोन से होने वाले आर्थिक नुकसान को कम करने के लिए पाकिस्तान द्वारा ऐसा किया जा रहा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान से भारतीय सीमा में आने वाले ज्यादातर ड्रोन चीन में ही बने होते हैं, जिनमें हेक्साकॉप्टर और क्वाडकॉप्टर ड्रोन भी शामिल हैं। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि पाकिस्तान आज ज्यादातर अपने देश में बने ड्रोन से ही हथियार और नशा भारत में सप्लाई कर रहा है। आज हमारे देश की सीमा सुरक्षा एजेंसियाँ, सीमा सुरक्षा बल और सीमा शुल्क अधिकारी, पाकिस्तानी तस्करों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई करते हैं, अनेक ड्रोनों को उन्होंने मार गिराये हैं और तस्करों को पकड़ा भी हैं,जिसके परिणामस्वरूप अवैध व्यापार अस्थायी रूप से रुका भी है। हालाँकि, यह बात अलग है कि तस्करी में शामिल लोग अपने अवैध व्यापार(नशीले पदार्थों, हथियारों की सप्लाई) को जारी रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों के साथ ही तस्करी के अन्य विकल्पों की तलाश करते हैं। आज पाकिस्तान आतंकियों, तस्करों की सहायता से देश के अंदरूनी इलाकों में अव्यवस्थाओं को फैलाने की कोशिश करता है और इसके लिए वह सूचना क्रांति के इस दौर में नये-नये हथकंडे अपना रहा है। यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि आज पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकियों और नशा माफिया/तस्करों ने अपनी गतिविधियों के पुराने तरीकों को छोड़कर नये तरीके अपना लिए हैं। आज पाकिस्तान से पाकिस्तानी सिम कार्ड की रेंज बढ़ा दी गई है। पाकिस्तानी आतंकी और तस्कर आज वाट्सएप व पाकिस्तानी सिमकार्ड से भारतीय तस्करों से संपर्क साधते हैं, क्योंकि अब रेंज बढ़ाये जाने से पाक मोबाइल कंपनियों का सिग्नल सीमावर्ती भारतीय गांवों तक पहुंचने लगा है।कहना ग़लत नहीं होगा कि अब सीमा पर पूरे षड्यंत्र के साथ तस्करी (हेरोइन, गांजा,चरस, नशीली दवाओं और असलहा की खेप)और आतंकी गतिविधियां हो रही हैं। अक्सर तस्कर आपस में कोड वर्ड देकर एक दूसरे से मादक पदार्थ व हथियार मंगवाते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि तस्करी के काम में ज्यादातर बेरोजगार युवा जुड़े हुए हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किन बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

व्यापार के लिए बाहर जाना हो सकता है। विदेश से अच्छे समाचार आएंगे। आज नए काम का आरंभ कर सकते हैं। धन लाभ का योग है। पूंजी निवेश के लिए अनुकूल दिन है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। भाग्य वृद्धि होगी।

**वृष**

धार्मिक या परोपकार के काम आपके मन को आनंदित करेंगे। आज आपको विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। मन पर चिंता का बोझ रहने से मानसिक बेचैनी का अनुभव होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा।

**मिथुन**

नौकरीपेशा लोगों को ऑफिस में अनुकूल वातावरण रहेगा। नौकर वर्ग और ननिहाल पक्ष से लाभ होगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आवश्यक खर्च होंगे। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे।

**कर्क**

किसी नए व्यक्ति के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। सार्वजनिक जीवन में मान- सम्मान मिलेगा। आप दान- धर्म आदि काम करेंगे। आज का दिन खुशी और सफलता का है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। नौकरी और धंधे में लाभ के साथ अतिरिक्त आय होगी।

**सिंह**

आज आप शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से काम करेंगे। सृजनात्मक प्रवृत्तियों में विशेष दिलचस्पी रहेगी। साहित्य और कला के क्षेत्र में कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। प्रेमीजनों और प्रिय व्यक्ति के साथ मुलाकात होगी।

**कन्या**

आज धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों में रुचि रहने से व्यस्तता रहेगी तथा उनके पीछे खर्च भी होगा। शारीरिक स्फूर्ति तथा मानसिक प्रसन्नता में कमी का अनुभव होगा। परिश्रम के अनुसार फल न मिलने पर निराशा का भी अनुभव होगा।नए काम को आज शुरू कर देंगे।

**तुला**

वाणी पर भी संयम रखें। अत्यधिक कार्यभार और खान-पान में लापरवाही से आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। समय से भोजन और नींद नहीं लेने के कारण मानसिक रूप से बेचैनी का अनुभव होगा।

**वृश्चिक**

आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादातर समय चुप रहेंगे, तो पारिवारिक सदस्यों के साथ संघर्ष से बच सकेंगे। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। अनावश्यक खर्च पर अंकुश लगाना आवश्यक है।

**धनु**

निर्धारित समय पर काम पूरा नहीं होने से रोष की भावना रहेगी। मौज-मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में आपको विशेष रुचि होगी। परिजन, दोस्तों या प्रिय व्यक्ति के साथ बाहर घूमने-फिरने का आयोजन होगा। प्रेम संबंधों में सुधार होगा।

**मकर**

आज धार्मिक कारणों से कहीं जाना पड़ सकता है। आप निर्धारित कामों को आज पूरा कर सकेंगे। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता के कारण ताजगी और प्रसन्नता रहेगी। स्वजनों के साथ हुई मुलाकात मन को प्रसन्न करेगी।

**कुंभ**

आज आपके निर्धारित काम आसानी से पूरा कर सकेंगे, परंतु ऐसा हो सकता है कि आप जो प्रयत्न कर रहे हैं वे गलत दिशा में हों। मांगलिक अवसरों पर जाना हो सकता है। तीर्थयात्रा का योग बन रहा है। गुस्से पर काबू रखना पड़ेगा।

**मीन**

माता के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता होगी। स्थाई संपत्ति, वाहन से संबंधित समस्याएं निर्मित होंगी। शुभ या धार्मिक अवसरों पर यात्रा प्रवास का आयोजन होगा। भाई-बंधुओं के साथ अच्छे वातावरण में घरेलू मामलों पर चर्चा होगी। दोस्तों, खासकर महिला मित्रों से आपको लाभ होगा।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्री गोविन्द गुप्ता जी। बेहद संवेदनशील अधिकारी के रूप में इन्हे जाना जाता है। पुलिस कल्याण के लिए हमेशा अच्छा सोचकर सरकार से पुलिस कल्याण के लिए योजनाओं को किर्यान्वहन करवाने वाले अधिकारियों में से एक गिना जाता है। 8 जनवरी सन 1968 को करौली जिले में जन्में गुप्ता शुरू से ही होनहार रहे। एम.टेक कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग बी.ई कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग की पढाई कर पुलिस सेवा में आए और आज महानिदेशक, जेल राजस्थान, जयपुर जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आयोजना आधुनिकीकरण और कल्याण, राजस्थान जयपुर रहे। इससे पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड राजस्थान, जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सतर्कता राजस्थान जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, सीआईडी सीबी राजस्थान, जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था प्रशासन, राजस्थान जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, कोटा रेन्ज, कोटा। पुलिस महानिरीक्षक, बीकानेर रेंज बीकानेर। पुलिस महानिरीक्षक, उदयपुर रेंज उदयपुर। पुलिस महानिरीक्षक, जेल जोधपुर। उप पुलिस महानिरीक्षक, जेल जोधपुर। उपपुलिस महानिरीक्षक, एसीबी जोधपुर। पुलिस अधीक्षक, उदयपुर। पुलिस अधीक्षक, भीलवाड़ा। पुलिस अधीक्षक, कोटा ग्रामीण कोटा। पुलिस अधीक्षक, सवाईमाधोपुर। पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अजमेर। पुलिस अधीक्षक, नागौर। पुलिस अधीक्षक,धौलपुर। कमांडेंट, 9वीं बटालियन आरएसी टोंक। सहायक अधीक्षक पुलिस, ग्रामीण दक्षिण जयपुर। वृत्त अधिकारी, जयपुर ग्रामीण दक्षिण। वृत्त अधिकारी,अलवर। एसवीपीएनपी, हैदराबाद में संस्थागत प्रशिक्षण चरण। राज्य में प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रशिक्षणाधीन एएसपी श्रीगंगानगर रहे। इसके अलावा अतिरिक्त कार्यभार इन पदों पर भी रहा। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, पुलिस कल्याण राजस्थान, जयपुर और अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, राज्य अपराध रिकार्ड ब्यूरो एससीआरबी राजस्थान, जयपुर। भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद से परिवर्तनकारी नेतृत्व में भागीदारी का प्रमाण पत्र व पुलिस पद से सम्मानित भी किया गया। बेहद शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं गोविन्द गुप्ता जी। दैनिक बढता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**



श्री गोविन्द गुप्ता-डीजीपी जेल
( वरिष्ठ आईपीएस )

## आज का इतिहास

### 23 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- विजयनगर के शासक वीरूपक्ष द्वितीय तेलीकोटा की 1465 में लडाई में अहमदनगर, बीदर, बीजापुर और गोलकुंडा की संयुक्त मुस्लिम सेना से पराजित हुए।
- खगोलविद जियोवनी कैसिनी ने 1672 में शनि के उपग्रह 'रिया' की खोज की।
- रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 1894 में पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन में पूस मेले का उद्घाटन किया।
- नई दिल्ली को देश की राजधानी घोषित करने के समय 1912 में वायसराय लार्ड हार्डिंग द्वितीय ने हाथी पर बैठकर शहर में प्रवेश किया लेकिन इस दौरान एक बम विस्फोट में वह घायल हो गए।
- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सेना 1914 में मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंची।
- बीबीसी रेडियो ने 1922 में दैनिक समाचार प्रसारण शुरू किया।
- सन 1954 में आज ही के दिन बॉस्टन में दो जीवित लोगों के बीच पहला सफल किडनी प्रत्यारोपण हुआ।
- मौसम संबंधी देश के पहले रॉकेट 'मेनका' का 1968 में सफल प्रक्षेपण।
- चांद पर से लाए गए पत्थरों को 1969 में राजधानी में आयोजित एक प्रदर्शनी में रखा गया।
- निकारागुआ की राजधानी मनागुआ में 1972 में आज ही के दिन दो घंटे तक चले भूकंप ने जनजीवन तहस-नहस कर दिया और लगभग दस हजार लोग मारे गए।
- सर शिवसागर रामगुलाम द्वारा मॉरिशस में 1976 में मिली जुली सरकार का गठन।
- हरियाणा के मंडी डाबवाली इलाके में स्थित एक स्कूल में 1995 में कार्यक्रम के दौरान आग लगने से 360 लोगों की मौत।
- पश्चिम बंगाल की राजधानी कलकत्ता का नाम 2000 में आधिकारिक तौर बदलकर कोलकाता किया गया।
- इस्रायल ने 2003 में गाजा पट्टी पर हमला किया।
- वामपंथी विरोधी लेक काकजिंस्की ने 2005 में पौलैंड के राष्ट्रपति का पद भार ग्रहण किया।
- पाकिस्तान में लगे आपातकाल को वहाँ की अदालत ने 2007 में सही ठहराया।
- साफ्टवेयर कम्पनी सत्यम पर विश्व बैंक ने 2008 में प्रतिबंध लगाया।
- विख्यात कथाकार गोविन्द मिश्र को 2008 में उनके उपन्यास कोहरे के क़ैद रंग के लिए हिन्दी भाषा के साहित्य अकादमी पुरस्कार 2008 से नवाज़ा गया।

### 23 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति

- भारतीय राजनीतिज्ञ, जानेमाने अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता रास बिहारी घोष का 1845 में जन्म हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध उपन्यासकार, कहानीकार, निबंधकार, नाटककार, क्रान्तिकारी, पत्रकार और संपादक रामवृक्ष बेनीपुरी का 1899 में जन्म हुआ।
- भारत के पाँचवें प्रधानमंत्री, जो किसानों की आवाज़ बुलन्द करने वाले प्रखर नेता चौधरी चरण सिंह का 1902 में जन्म हुआ।
- फ्रेंच एथलीट और संगीतकार मिचेलाइन ऑस्टेर्मायर का 1922 में जन्म हुआ।

## विशेष आलेख

# हाउस अरेस्टिंग डिजिटल क्रांति का काला और स्याह पहलू

संजीव ठाकुर,

डिजिटल क्रांति का स्वरूप मानवीय जीवन में एक नया और क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आया है। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने आमजन की जीवन शैली ही बदल कर रख दी है। इस क्रांति ने देश और विदेश की दूरियों को एकदम कम कर दिया इसके अनेक लाभ तो है ही साथ ही जीवन में अनेक परेशानियां तथा दहशत को जन्म दिया है । इंटरनेट की सेवाओं से उपजा हाउस अरेस्टिंग का मायाजाल कभी एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट कभी कस्टम ऑफिसर और कभी



पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को डरा धमका कर हाउस अरेस्ट कर आमजन के संचित कोष को लूटने में लगा है इसके अलावा पीड़ित व्यक्ति का समय दशरथ और डर गुजरता है मामला गंभीर है और चिंतनीय भी। इसका निदान तत्काल प्रभाव से किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा हाउस अरेस्टिंग एक बड़े सामाजिक अभिशाप के रूप में सामने आने लगा है। 21वीं सदी इंटरनेट और वेब मीडिया युग की शताब्दी मानी जा रही है इसलिए सूचना के आदान-प्रदान जनमत तैयार करने विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृति को आपस में जोड़ने तथा भागीदार बनाने में सोशल नेटवर्किंग एक बेजोड़ उपकरण की तरह उभरी है। सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है। इसमें जितनी अच्छाइयां हैं दूसरी तरफ उतनी ही बड़ी परेशानी का सबब भी है। आज इस युग में सोशल मीडिया ने विश्व के लोगों को जोड़कर एक ऐसे नए नागरिक का जन्म किया है, जो स्वयं तो जागरूक है दूसरों को भी जागरूक कर रहा है पर इससे बच्चे ही आने आने वाली पीढ़ी के नागरिक मानसिक द्वंद और वयस्क दुनिया में अचानक प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा मानसिक रोगों को जन्म देने वाली भी यह एक बड़ी मशीन है। आज गांव से लेकर शहर तक हर आदमी सोशल मीडिया के प्रयोग से ग्रसित है और मानसिक संतुलन खोने की स्थिति तक पहुंच चुका है। परिवार के अभिभावकों द्वारा बच्चों से मोबाइल छीन लेने पर बच्चों के आत्महत्या के प्रकरण में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है। वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग साइट इंटरनेट का एक अभिन्न हिस्सा है जिसका उपयोग विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जा रहा है। यह एक ऑनलाइन मंच है जो सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने तथा वेबसाइट पर उपयोगकर्ताओं के साथ सहभागी होने की अनुमति देता है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, लिंकडेंन, इंस्टाग्राम और न जाने कितने ऐसे साइट्स हैं जो दुनिया भर के लोगों को एक दूसरे से अनायास जोड़ देते हैं। इंटरनेट के जरिए विश्व के अनेक देशों की दूरियां पलक झपकते खत्म हो जाती है। वैश्विक नागरिक जन अब इंटरनेट मीडिया नामक एक आभासी देश के नागरिक बन चुके हैं। फेसबुक का आविष्कार 2004 में और ट्विटर का आविष्कार 2006 मे हुआ है। फेसबुक के निर्माता मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक का निर्माण कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। फेसबुक का इस्तेमाल विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जाता है। यह दुनिया का सबसे लोकप्रिय साइट है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम के बड़े उपयोगकर्ता भारत में निवास करते हैं। आंकड़ों की मानें तो भारत में ही 350 मिलियन सोशल नेटवर्किंग के ग्राहक हैं, और 2023 में इनकी संख्या 450 मिलियन होने की संभावना है। एक गणना के अनुसार भारत में लोग सोशल मीडिया पर 24 घंटे गुजारते हैं जबकि भारत से समृद्ध देश जापान के लोग केवल 47 से 50 मिनट तक की सोशल मीडिया पर उपस्थित रहते हैं। सोशल मीडिया नेटवर्किंग कोई भी सकारात्मक रूप से लें इसके बहुत फायदे हैं, इसके फायदे की जद में न सिर्फ बच्चे बल्कि शिक्षक, व्यवसाई, न्यूज़पेपर, मीडिया चैनल आदि भी हैं जिसका परिणाम सोशल मीडिया एक विशाल नेटवर्क बन गया है।ये पूरे विश्व को जोड़कर रखने में सक्षम है। इसके अलावा यह संचार का अच्छा माध्यम होने के साथ-साथ बहुत तेज गति से सूचनाओं का आदान-प्रदान भी करता है। भौगोलिक तथा सांख्यिकी रूप से विशाल देश भारत में जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इसको अभियान की तरफ अपनाया गया है। इसके अलावा यह रोजगार प्रदान करने वाला माध्यम भी बन गया है। यह शिक्षा तथा ज्ञान का एक विशिष्ट माध्यम बन गया है। एक झटके में एक क्लिक से विश्व की कोई भी जानकारी इसमें तत्काल उपलब्ध हो जाती है। सोशल नेटवर्किंग का सबसे ज्यादा फायदा कोविड-19 के संक्रमण काल में करुणा की महामारी को रोकने के लिए इस संबंध में बचाव कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हुआ है। अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, कनाडा, इजराइल,ऑस्ट्रेलिया जैसे सक्षम देश में महामारी से लाखों लोगों की मौत हुई किंतु सोशल नेटवर्किंग के बलबूते पर भारत शासन ने कोविड-19 की महामारी में विशाल जनसंख्या के होते हुए भी प्रभावी नियंत्रण पा लिया है। सोशल नेटवर्किंग की इस सदी की सबसे बड़ी मानवीय सहायता है। भारत देश के अच्छे कार्यों तथा चीन और पाकिस्तान के गलत तरीके से भारत की सीमा में घुसने के समाचारों को सोशल नेटवर्किंग से प्रचारित प्रसारित कर भारत को वैश्विक समर्थन आप करने में सोशल मीडिया का बहुत बड़ा सहयोग रहा है। भारत के प्रधानमंत्री वैश्विक स्तर पर दूसरे नंबर के सर्वाधिक लोकप्रिय व्यक्ति भी सोशल मीडिया के कारण ही बने हैं। पर यदि सोशल मीडिया के नकारात्मक पहलू पर अपन चर्चा ना करें तो यह बात अधूरी रह जाएगी, सोशल मीडिया का ज्यादा प्रयोग मानव मस्तिष्क को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

दैनिक
बढ़ता राजस्थान

बढ़ता टोंक-सवाई माधोपुर
टोंक/निवाई/देवली/टोडा/
मालपुरा/लालसोट/उनियारा/गंगापुरसिटी

जयपुर | सोमवार, 23 दिसम्बर, 2024
www.badhatarajasthan.in


# वन्यजीवों को बना रहता है खतरा

- वन विभाग ने रेलवे व एनएचएआई को लिखा था पत्र
- दो साल बीते, फिर भी नहीं हुआ अण्डरपास का निर्माण

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** टोंक-चिरंगाव नेशनल हाइवे पर खण्डार व फलौदी की ओर आए दिन बाघ व अन्य वन्यजीवों का मूवमेंट बना रहता है। इससे वन्यजीवों के साथ-साथ वाहन चालकों, राहगीरों को भी खतरा बना रहता है। चिन्ता का विषय यह है कि सरकारी महकमों ने वाले तो खूब किए, लेकिन इनकी इच्छा शक्ति के आगे फाइल आगे ही नहीं बढ़ पा रही है। पहले भी कई बार बाघ बाघिन इस मार्ग पर चहलकदमी करते हुए देखे जा चुके है। ऐसे में वन विभाग की ओर से रणथम्भौर बाघ परियोजना के आसपास स्थित हाइवे व रेलवे लाइन पर वाहनों व ट्रेनों से बाघ व अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग की ओर से अब कवायद शुरू कर दी गई थी। इसके लिए वन विभाग की ओर से नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इण्डिया (एनएचएआई) और रेलवे से वन क्षेत्र की सीमा के पास से गुजर रहे हाइवे और रेलवे ट्रैक पर मौजूद अण्डरपास की जानकारी मांगी थी। इसके अलावा वन विभाग की ओर से रेलवे व एनएचआई से कई स्थानों पर वन्यजीवों के लिए अण्डरपास बनाने की मांग भी की थी, लेकिन अब तक यह कवायद भी आगे नहीं बढ़ सकी है।



### रेलवे को लिखा था पत्र

पूर्व में 8 मई 2022 को आमली वन क्षेत्र के पास स्थित रेलवे लाइन पर एक भालू की ट्रेन की चपेट में आने के कारण मौत हो गई थी। इसके बाद वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग की ओर से 9 मई 2022 को कोटा मण्डल के रेल प्रबंधक को पत्र लिखकर सवाईमाधोपुर- कोटा रेललाइन पर आमली रेलवे स्टेशन के पास अण्डर पास बनाने का अनुरोध किया गया था। इसके साथ ही खटुपरा रेल लाइन के संबंध में भी रेलवे से जानकारी मांगी गई है।

### फैंसिंग कराने की मांग

वन विभाग ने रेलवे से आमली व अन्य वन क्षेत्र के समीप से गुजर रही रेलवे लाइन को चिह्नित कर रेलवे लाइन के दोनों और तार व पोल फैंसिंग कराने की मांग भी की थी। जिससे वन्यजीव फैंसिंग को पार करके रेलवे ट्रैक पर नहीं जा सके।

### एनएचएआई से भी मांगी जानकारी

इसके बाद इसी क्रम में हाल ही में वन विभाग की ओर से एनएचएआई के अधिकारियों को पत्र लिखकर रणथम्भौर बाघ परियोजना के आसपास हाइवे पर वन्यजीवों के आने जाने के लिए बनाए गए अण्डर पास के बारे में जानकारी मांगी गई है।

### किमी के एरिया में कितने अण्डरपास

वन विभाग ने एनएचएआई से रणथम्भौर की खण्डार व बालेर रेंज के समीप से टोंक चिरगांव नेशनल हाइवे व स्टेट हाइवे पर करीब 70 किमी के एरिया में स्थित अण्डरपासों के बारे में जानकारी मांगी है। वनाधिकारियों ने बताया कि यूं तो उक्त मार्ग पर वन्यजीवों के मूवमेंट को देखते हुए नेशनल हाइवे पर निर्माण के दौरान सवाईमाधोपुर से बोदल तक कई स्थानों पर करीब आधा दर्जन से अधिक अण्डर पास पहले से ही बना दिए हैं। लेकिन कई जगहों पर अब भी अण्डरपास की दरकार है।

रेलवे की ओर से आवश्यकता और यात्रियों की सुविधा के लिए कई स्थानों पर अण्डरपास का निर्माण कराया जाता है। यह निर्णय भी उच्च स्तर पर किया जाता है।

**लोकेन्द्र मीणा, स्टेशन अधीक्षक, सवाईमाधोपुर।**

### ट्रेन से कब-कब हुई वन्यजीवों की मौत

- 18 नवम्बर 2020 को रेलवे लाइन को पार करते समय एक हायना की मौत हो गई थी।
- 8 नवम्बर 2021 को रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने एक पैंथर की जान गई थी।
- 8 मई 2022 को आमली रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक भालू की मौत हुई थी।

## शिखा मीना को मिली 187वीं रैंक गांव आने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**वजीरपुर/गंगापुरसिटी।** उपखंड क्षेत्र के गांव सेवा निवासी शिखा मीना को आरजेएस में 187वीं रैंक मिली है। सफलता मिलने के बाद शनिवार को शिखा अपने गांव सेवा पहुंची। इस दौरान गांव के मंदिर पर इनका स्वागत व सम्मान किया गया। शिखा के स्वागत के लिए वजीरपुर से सेवा गांव पहुंचे बिलाल अहमद, जाकिर खान, नवाजिश अहमद ने भी उनका सम्मान किया। पुष्प भेंट कर शॉल ओढ़ाया।

बिलाल अहमद ने बताया शिखा के पिता मुकेश कुमार मीना जेडीए में इंजीनियर हैं। माता संतरा मीना गृहणी है। शिखा ने एलएलबी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर से की। इसके बाद गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से एलएलएम किया। वर्तमान में दिल्ली यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रही हैं। शिखा का कहना है कि उसको दूसरे प्रयास में यह सफलता मिली। इस अवसर पर पूर्व कस्टम कलक्टर रहे रामू मीणा, विश्राम मीणा आदि कई अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सर्दी बढ़ी : कोहरे से फसलों पर छाने लगी रौनक, अच्छी पैदावार की उम्मीद से धरती पुत्रों के चेहरों पर मुस्कुराहट

बढ़ता राजस्थान

**वजीरपुर / गंगापुरसिटी।** उपखंड क्षेत्रों में लगातार सर्दी बढ़ने लगी है। इसके साथ ही कोहरा भी छाने लगा है। कोहरे से गेहूं, सरसों, चना आदि फसलों में बढ़तवार होने लगी है। इससे अच्छी पैदावार की उम्मीद जाएगी है। किसानों के चेहरों पर भी मुस्कुराहट नजर आने लगी है। उधर सर्दी, कोहरा और शीतलहर से आमजन जीवन प्रभावित होता दिखाई दे रहा है। पिछले तीन दिनों से शीतलहर का प्रकोप बढ़ रहा है। कोहरा भी अब लगातार बढ़ने लगा है। तड़के 3 बजे से सुबह 9 बजे तक कोहरे के असर रहा। वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट का उपयोग करना पड़ा।कड़ाके की सर्दी के बीच किसान फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। सर्द मौसम में रात के समय निराश्रित मवेशियों से फसलों को बचाना किसानों के लिए किसी चुनोती से कम नहीं। गंगापुरसिटी के सहायक कृषि अधिकारी पिंटू लाल मीणा ने कहा कि इस बार क्षेत्र के सभी किसानों के खेतों में सरसों, चना, गेहूं सहित रबी की सभी फसलें अच्छी है। इस कारण से किसान काफी खुश है।

## वजीरपुर कन्या कॉलेज में मिड टर्म टेस्ट के लिए अंतिम अवसर आज

बढ़ता राजस्थान

**वजीरपुर/गंगापुरसिटी।** राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर में मिड टर्म टेस्ट में अनुपस्थित छात्राओं के लिए सोमवार 23 दिसंबर को टेस्ट का अंतिम अवसर दिया गया है। नोडल अधिकारी प्रो. रमेश बैरवा ने बताया कि कॉलेज में 19 से 21 दिसंबर मिड टर्म टेस्ट हुए थे। जिनमें राजनीति विज्ञान में 16, हिंदी साहित्य में 17, भूगोल में 15, समाजशास्त्र में 15 एवं अन्य विषयों में भी छात्राएं अनुपस्थित रही। जिन्हें 23 दिसंबर सुबह 10 बजे टेस्ट देने के लिए अंतिम अवसर दिया गया है। इसके बाद मिड टर्म टेस्ट के लिए कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।

## तेली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन, दहेज रूपी कुरीति पर प्रहार एक रुपया शुल्क लेकर करवाएंगे निकाह

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( अब्दुल माहिर )।** मुस्लिम तेली समाज का प्रदेश स्तरीय सामुहिक विवाह सम्मेलन 21 जनवरी 2025 को जयपुर में होगा। इस विवाह सम्मेलन से आयोजन समिति समाज में व्याप्त दहेज रूपी कुरीति को समाप्त करने का संदेश देना चाहती है। ताकि निर्धन परिवारों की बेटियों के भी समय पर निकाह हो सके। यहां समिति की ओर से विवाह करने वाले जोड़ों को गृहस्ती के उपयोग में आने वाली वस्तु उपहार के रूप में दी जाएगी। विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुन्ना नदबई, सचिव शाहबुद्दीन, कोषाध्यक्ष रफीक, सदस्य गफ्फार पटेल, यासीन खान, कमरुद्दीन, मुन्ना मास्टर आदि यहां गंगापुरसिटी पहुंचे। जहां उन्होंने तेली समाज के लोगों से चर्चा कर जयपुर में होने वाले विवाह सम्मेलन में अपने बालिग बेटा-बेटी का निकाह करने के लिए समझाइश की। इस दौरान विवाह सम्मेलन के पम्पलेट का विमोचन भी किया गया। समिति अध्यक्ष ने बताया कि हम दूल्हा-,दुल्हन पक्ष से पंजीयन शुल्क के रूप में केवल एक-एक रुपया ले रहे हैं।

## लोक अदालत का एडीजे ने किया शुभारम्भ




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय ) ।** तालुका विधिक सेवा समिति मालपुरा के तत्वावधान में राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार रविवार को अदालत परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का समिति अध्यक्ष एवं एडीजे कृष्ण मुरारी जिन्दल ने दीप प्रज्ज जलवित कर शुभारम्भ किया। समिति सचिव रवि कुमार जांगीड़ ने बताया कि अदालत परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अय्यूब खान निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। इसका विधिवक शुभारम्भ तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीयश कृष्ण मुरारी जिन्दल ने किया। इस मौके पर सिविल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट धर्मेन्द शर्मा, अभिभाषक संघ मालपुरा के अध्यक्ष राजेन्द्र राजपुरोहित, सदस्य बेंच अधिवक्ता एडवोकेट अनीष जैन, एडवोकेट प्रेमप्रकाश सैनी, तालुका स्थित सभी बैंक शाखाओ के प्रबन्धक, जलदाय, विद्युत विभाग, नगरपालिका के अधिकारी/प्रतिनिधि, बीमा कम्पनीयो के अधिवक्ता, लोक अदालत में राजीनामे एवं समझोते के आधार पर प्रकरणो का निस्तारण करवाने के लिए सम्बन्धित अधिवक्ता सहित भारी संख्या में परिवादी मौजुद रहे। जांगिड़ नें बताया कि लोक अदालत में चिन्हित प्रकरणो की सुनवाई कर निस्तारण किया गया।

## रविवार को बन्द रहा गणेश मार्ग

### रणथभौर दुर्ग पर बाघिन और शावकों का मूवमेंट, प्रशासन ने बरती सावधानी



बढ़ता राजस्थान

सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)। रणथभौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर और दुर्ग में वन विभाग की ओर से रविवार को श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगाई गई। वन विभाग के अनुसार बाघिन टी-84 यानी ऐरोहैड और उसके तीन शावकों का मूवमेंट वर्तमान में दुर्ग परिसर के आसपास ही बना हुआ है। रविवार को अवकाश का दिन होने के कारण त्रिनेत्र गणेश मंदिर पर आम दिनों की तुलना में श्रद्धालुओं की संया अधिक रहती है। ऐसे में वन विभाग की ओर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए श्रद्धालुओं के प्रवेश को बंद करने का फैसला किया। पर्यटकों को यथावत कराया जाएगा पार्क भ्रमण - वन अधिकारियों ने बताया कि बाघिन और उसके शावकों का मूवमेंट होने से दुर्ग और गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश को भले ही रविवार को बंद किया गया हो, लेकिन इससे पार्क भ्रमण पर जाने वाले पर्यटकों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। रणथभौर बाघ परियोजना के उपवन संरक्षक रामानंद भाकर ने बताया कि बाघिन और शावकों का मूवमेंट एक बार फिर से जंगल की ओर होने पर दुर्ग और मंदिर को फिर से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा।

## निर्माणाधीन सीएचसी व आइटीआइ कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण नहीं हो रहा कार्य, जताई नाराजगी

### बिफरी विधायक इन्दिरा, उच्चाधिकारियों से की वार्ता



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** बामनवास विधायक इंदिरा मीणा गत दिवस भौंरी क्षेत्र में विगत कार्यकाल में स्वीकृत सीएचसी भवन व आइटीआइ कॉलेज का निरीक्षण के दौरान बिफर पड़ी। वजह यह थी कि सीएचसी भवन का कार्य 2023 में पूर्ण किया जाना था, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। सीएचसी भवन में घटिया ईंटों के प्रयोग का आरोप भी है। ऐसे में विधायक इंदिरा मीणा ने विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समय पर कार्य पूरा करने एवं गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

आइटीआइ कॉलेज भवन में निर्माण के दौरान सीमेंट की मात्रा मापदंडों के अनुसार न मिलने पर विधायक इंदिरा मीणा ने असंतोष जाहिर किया। साथ ही सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जांच करने व संवेदक को आवश्यक दिशा निर्देश देने के लिए कहा। आईटीआई कॉलेज परिसर में अवैध बजरी भंडारण मिलने को लेकर विधायक इंदिरा मीणा ने नाराजगी जाहिर की। मौके पर तैनात संवेदक के कार्मिक को विधायक ने लताड लगाई। विधायक इंदिरा मीणा ने मामले को लेकर उच्च अधिकारियों का अवगत करवाया। साथ ही निर्माणाधीन शैक्षणिक भवन में अवैध बजरी जैसे काले कारोबार बंद करने की मांग की। विधायक इंदिरा मीणा ने कहा कि दोनों ही भवन निर्माणाधीन है और नगर पालिका बौली के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। ऐसे में दोनों भवनों का निर्माण नियम अनुसार व गुणवत्ता पूर्वक किया जाना चाहिए। मसलन विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।




### देर शाम कार्रवाई से मचा हड़कंप

## खाटूश्याम मंदिर के पीछे हो रहे अतिक्रमण को यूआईटी ने किए ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शहर में हो रहे अनियोजित विकास और अतिक्रमण को लेकर नगरीय विकास न्यास सत हो गया है और इसे लेकर कार्रवाई की जा रही है। इसे लेकर शुक्रवार को खाटूश्याम मंदिर के पास कार्रवाई की गई और यहां अनुचित तरीके से चल रहे कार्य को ध्वस्त किया गया। इस दौरान बताया कि वन क्षेत्र के पास ग्रीन जोन में ही मास्टर प्लान के विपरीत कार्य चल रहा है। शुक्रवार की देर शाम 7 बजे यूआइटी ने पुलिस जाब्ते के साथ कार्रवाई की। इस दौरान आलनपुर से रणथभौर रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर खाटूश्याम मंदिर के पीछे व आसपास हो रहे अवैध निर्माण व अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया। इस दौरान खसरा नंबर 1899 एवं 1897/3115 में कार्रवाई की गई। यहां बिना अनुमति के हो रही एक मकान की नीवं को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई से लोगों में हडकंप मच गया और मौके पर भीड़ जमा हो गई। अतिक्रमण को ध्वस्त करने के बाद अधिकारियों को लोगों को मौके पर दुबारा अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत भी दी। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार विनोद शर्मा, गिरदावर आलोक उज्ज्वल, यूआइटी एक्सईएन अमित गोयल सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

## जलदाय मंत्री चौधरी ने आम जन से सुनी समस्याऐं सम्बन्धित अधिकारियो को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** प्रदेश के केबिनेट जलदाय मंत्री व मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी रविवार को अपने टोडारायसिंह प्रवास के दौरान अपने कार्यालय में मोजुद रहकर आम जन से जुड़ी समस्याऐं सुनकर सम्बन्धित अधिकारियो को त्वरित समाधान के निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान मौजुद व आम जन को सम्बोधित करते हुए जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सम्पूर्ण सरकार आम जन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का त्वरित समाधान के लिए प्रयासरत है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी अधिकारियो को गांव गांव ढाणी ढाणी व शहरो तक स्वयं पहुंच कर जन समस्या समाधान शिविर आयोजित कर आम जन की समस्याऐं सुनने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही अधिकारियो को शिविरो में प्राप्त समस्याओं को निश्चित समयाविधि में समाधान कर हर हाल में आम जन को राहत प्रदान करने के लिए कहा है। चौधरी ने कहा कि उनका भी शुरू से यही प्रयास रहा है कि आम जन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान हो। इसके लिए वे स्वयं भी अपने स्तर पर कड़े प्रयास कर रहे हैं। साथ ही जब भी समय मिलता है तब ही वे अपने क्षेत्र के परिवार तुल्य जनता के समक्ष मौजुद रह कर समस्याओं सुनने का प्रयास कर रहे हैं। चौधरी ने कहा कि वे केवल समस्याओं को सुनते ही नहीं बल्कि प्राप्त समस्याओं को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो तक पहुंचा त्वरित समाधान करवाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

जलदाय मंत्री चौधरी के इस जनता दरबार में भारी संख्या में परिवादी पहुच कर अपनी समस्याओं को रखा।

## घर में घुसा सांप, स्नेक कैचर ने किया रेस्क्यू कोबरा से 6 गुना जहरीला हैं ये सांप

बढ़ता राजस्थान

**वजीरपुर / गंगापुरसिटी।** उपखंड क्षेत्र के नया गांव में शनिवार रात एक घर जहरीला सांप घुस गया। इससे घर वालो में हफकम्प मच गया। घर मे सर्प की जानकारी मिलते ही पड़ोस के लोग जिंसीराम मीणा के घर पहुंचे, लेकिन किसी ने भी उस तक पहुंचने की हिम्मत नहीं दिखाई। सर्प बिस्तर में घुसने से घर वाले बाहर निकल गए। इस दौरान किसी ने स्नेक केचर रवि मीणा को मौके पर बुलाया। आधीरात एक घण्टे की मशक्कत के बाद रवि ने सर्प को रेस्क्यू कर लिया। इसके सुबह लेजा कर गांव के बाहर जंगल मे सुरक्षित छोड़ दिया।



**देश के चार सबसे जहरीले सांपो में शुमार कॉमन करैत :** स्नेक कैचर रवि मीणा ने बताया कि यह कॉमन करैत नस्ल के सांप है। देश के चार सबसे खतरनाक जहरीले सांपों में से एक है। पतला और काले रंग का होता है। सिर के पीछे से इसकी चमड़ी पर सफेद रंग की धारी होती है। यह मुख्य रूप से अपने से छोटे सांप, चूहा मेंढक आदि का शिकार करता है। खास बात यह है कि यह रात के अंधेरे में शिकार पर निकलता है। शिकार की तलाश के दौरान गांवो में इंसान इसका शिकार हो जाते हैं। यह ठंडे खून वाला सांप है। गर्मी पाने के लिए अक्सर इंसान के बिस्तर में घुस जाता है। ज्यादातर यह मानव शरीर के ऊपरी हिस्से पर लिपटने की कोशिश करता है। करवट लेने के दौरान जैसे ही इंसान का शरीर सांप के संपर्क में आता है सांप आदमी को डस लेता है।

**नींद में ही निकल जाता है दम :** कोमन करैत सांप का विष दंत सूई की तरह बेहद पतला और छोटा होता है। इसके डसने से कोबरा या वाइपर की तरह तेज दर्द नहीं होता है। यह पेट, सीना, गर्दन या सिर पर हमला करता है। ऐसी स्थिति में कई बार इंसान की नींद भी नहीं खुलती और मृत्य हो जाती है। स्नेक केचर मीणा ने कहा सांप के काटने पर तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता होती है। इसके जहर में शक्तिशाली न्यूरोटोक्सीन होते हैं। अगर तुरंत इलाज नहीं किया जाए तो मृत्यु हो जाती है।

## रेलवे कॉलोनी में टीवी रोग उन्मूलन जागरूकता के लिए रैली निकाली

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मंडल रेल चिकित्सालय द्वारा 100 दिवसीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान की शुरुआत 11 दिसम्बर को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुपर्णा सेन राय के मार्गदर्शन में किया गया था। इस अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम रेलवे अस्पताल कोटा द्वारा पुरानी रेल कॉलोनी परिक्षेत्र में टीवी रोग उन्मूलन जागरूकता रैली का आगाज किया गया। इस रैली के माध्यम से रेलकर्मी, उनके परिजन एवं आमजनों को जारूकता संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त एक ज्ञानवर्धक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन चिकित्सकों एवं चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया गया। जिसमें क्षय(टीवी) रोग के लक्षण, उपचार एवं सावधानियों संबंधित जानकारी साझा कर जागरूक किया गया।

## पेयजल का शट डाउन स्थगित, परकोटे के क्षेत्र में 5 घंटे बाधित रहेगी पेयजल सप्लाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अकेलगढ स्थित प्लान्ट का सोमवार को प्रस्तावित शट-डाउन स्थगित कर दिया गया है। अधिशाषी अभियंता एम.आर. मीना ने बताया कि सोमवार 23 दिसम्बर को सम्पूर्ण कोटा शहर में जलापूर्ति सामान्य रहेगी। उन्होंने बताया कि परकोटे के अन्दर के क्षेत्र रामपुरा, मोखापाडा, कैथूनीपोल, पाटनपोल, श्रीपुरा, घण्टाघर, चन्दअ्रटा, टिपटा इत्यादि क्षेत्रों की पेयजल आपूर्ति तकनीकी कारणों से मंगलवार 24 दिसम्बर को प्रातः 6.00 बजे से प्रातः 11.00 बजे तक (5 घण्टे) बाधित रहेगी।

# मानवता को झकझोरने वाला जयपुर का भीषण सड़क हादसा-नागरिक उवाच

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** 20 दिसंबर 2024 को जयपुर के भांकरोटा में हुए भीषण सडक हादसे ने ना केवल मानवता को अर्न्तआत्मा तक झकझोरकर रख दिया बल्कि जिसने भी सुना या पढा, एक सिहरन सी पैदा कर दी।

मानवता चित्कार उठी जब कुछ पलों में ही एक साथ निर्दोष लोग जिंदा जले होगे। प्रत्यक्षदर्षियों के दिलो पर तो क्या गुजर रही होगी, एक बड़े बम धमाके से भी ज्यादा खौफ नाक मंजर देखकर एल.पी.जी., सी.एन.जी. या अन्य विस्फेटक पदार्थ आधुनिक युग में जहां सभी लोगो के जीवन की आवश्यक वस्तु बन गई है वही इसका रोद्र रूप किसी के भी जीवन को पल भर में खाक करने की क्षमता भी रखता है। ऐसे विस्फोटको का परिवहन भी आवश्यक है। ऐसे में सरकार को विचार करना होगा कि ऐसे पदार्थो का परिवहन व भंडारण को सुरक्षित कैसे बनाया जाये ताकि भविष्य में कोई और भांकरोटा जैसा भीषण हादसा ना हो। सरकार को चाहिए कि वे बुद्विजीवियों, परिवहन व भंडारण विषेषज्ञों व आमजन से सुझाव आमंत्रित कर प्राप्त सुझावों में से जो उचित व व्यवहारिक हो उनको तुरंत प्रभाव से लागू करें।

### इसी क्रम में मेरा बतौर आम नागरिक निम्न सुझाव है

- एल.पी.जी., सी.एन.जी. या अन्य विस्फ्रेटक पदार्थ को परिवहन करने वाले वाहन पर आगे की तरफ व पीछे की तरफ एम्बूलेंस जैसी दो-तीन रंगों की लाईट लगानाअनिवार्य किया जावे जिस से सडक पर चल रहे अन्य वाहन सतर्कता के साथ ऐसे वाहन के आगे पीछे निर्धारित दूरी बना कर चले या सर्तकता से ओवरटेक करें।
- एल.पी.जी., सी.एन.जी. या अन्य विस्फोटक पदार्थ को परिवहन करने वाले वाहन वाहनों की स्पीड 30 कि.मी प्रति घंटा निर्धारित की जावे। इस बाबत ऐसे वाहनो में ही स्पीड सेट की जावे ताकि वाहन चालक उक्त स्पीड से ज्यादा वाहन को चला ही नही सकें।
- एल.पी.जी., सी.एन.जी. या अन्य विस्फोटक पदार्थको परिवहन करने वाले वाहन के आगे, पीछे, दाहिने व बाई साईड सेंसर लगाया जावे जिसमें यदि ऐसे वाहन के आगे व पीछे 20 फीट पर अन्य कोई वाहन आये तो सेंसर सायरन बजाना शुरू करदे। ऐसे ही दाये व बाये साईड में अन्य कोई वाहन 5 फीट की दूरी से कम पर हो तब भी सेंसर के माध्यम से सायरन बज उठे। ऐसे में वाहन का चालक व अन्य वाहन जो नजदीक आयेगा, उसका चालक सतर्क होकर निर्धारित दूरीबनाये रख सकेगा।
- एल.पी.जी., सी.एन.जी. या अन्य विस्फोटक पदार्थ को परिवहन करने वाले वाहन को लाल रंग का होना आवश्यक किया जावे तथा वाहन के आगे व पीछे चेतावनी बोर्ड जिसपर ''खतरे का निशान'' लगाया जावे और वाहन के टेंक पर हिंदी/इंग्लिश सहितअन्य भाषाओं में ''खतरा- खतरा- खतरा'' शब्द लिखा जावे।
- एल.पी.जी., सी.एन.जी. या अन्य विस्फ्रेटक पदार्थ को परिवहन करने वाले वाहन के नोजल के पास सेंसरयुक्त फायर फाईटिंग इक्यूपमेंट लगाया जावे और ताकि किसी प्रकार की लीकेज होने पर सेंसर जागृत होकर और फायर फाईटिंग इक्यूपमेंट को सक्रिय कर सके और संभावित आगजनी से बचाव हो सके।

प्रबुद्वजनों व विशेषज्ञों से प्राप्त इसी प्रकार के अन्य सुझाओं में से जो व्यवहारिक रूप से संभव हो कड़ाई से लागू करने से काफी हद तक ऐसे भीषण हादसो से बचाजा सकता है।



**डी.आर.गुप्ता, अलवर**
**आम नागरिक**

## नेक कमाई की पहल

# जूट का सामान और कागज की ज्वैलरी को मिली पहचान अलवर की महिलाओं को नारी सशक्तिकरण के लिए किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर की महिलाओं को उनके बनाए जूट के बैगए कागज और मिटटी की बनी ज्वैलरी सहित उनके पापड़ जैसे उत्पाद को अब राष्ट्रीय पहचान मिलना शुरू हो गई है। नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से अलवर नगर निगम के महिला स्वयं सहायता समूह के साथ दिल्ली के होटल रेडिशन में भारत सरकार के सहयोग से एंपावर्ड वूमैन ग्रुप की ओर से महिला सशकितकरण अवार्ड व नारी की वर्तमान स्थिति पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया और महिलाओं के बनाए उत्पादों की स्टॉल लगाई गई। इसमें अलवर के नेक कमाई फाउंडेशन व नगर निगम स्वयं सहायता समूह को संयुकत रूप से नारी सशतिकरण के क्षेत्र में कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।




फाउंडेशन के मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि संरक्षक दौलत राम हजरती के निर्देशन में शिष्टमंडल ने अलवर से भाग लिया। अलवर की महिलाओं के बने जूट के सामान और ज्वैलरी को यहां देश भर से आई संस्थाओं ने पसंद किया। देश की पहली आईपीएस व राज्यपाल रही किरण बेदी ने अलवर की महिलाओं को सममानित किया। संरक्षक दौलत राम हजरती ने नेक कमाई फाउंडेशन के कार्यों की मंच पर जानकारी दी। इस शिष्टमंडल में बिंदू कपूर, आरती तेजवानी, मीरा उगंती मीणा रेखा शर्मा व चिरायु थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता से दिए ज्वलंत सामाजिक संदेश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजकीय कला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर श्री लालदास मंदिर में रविवार को श्री लालदास मंदिर, धौलीदुब में आयोजित हो रहे बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालयए अलवर की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारो इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वंयसेवको को ध्यान का अभ्यास और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। विशेष शिविर के दूसरे दिन प्रथम सत्र में श्री लालदास मंदिर में प्रात: 9 बजे से स्वंयसेवको ने डॉ अनिल यादव के निर्देशन में परेड का अभ्यास किया और मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर श्रमदान किया। द्वितीय सत्र में स्वंयसेवको को हेम नारायण सैन और ओम प्रकाश सैन ने एक्यूप्रेशर और ध्यान का अभ्यास करवाया। तृतीय सत्र में स्वंयसेवकों ने दहेज हत्याए पर्यावरण सुरक्षाए बेटी बचाओए जातिवाद, मताधिकार का प्रयोग, सड़क सुरक्षा, स्वच्छता अभियान भ्रष्टाचार, पेड़ लगाओ-जल बचाओ, कन्या भ्रूर्ण हत्या ज्वलंत विषयों पर अंजली शर्मा, प्रियांशी गुप्ता, प्रियंका, संगीता, राशिका, गुडिया खटीक, स्नेहा, अरविंन्द्र सिंह, अर्पिता, शिवानी, सेजल शर्मा टीम लीडरो के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्वंयसेवकों ने विषय मिलने के बाद केवल 30 मिनिट में अपने अपने नुक्कड़ नाटकों को तैयार कर प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरोज मीणा, डॉ महेश गोठवाल,डॉ अनिल यादव और डॉ सुभाष खटीक ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता का संचालन स्वंयसेवक अंकित मधुकर ने किया। चतुर्थ सत्र में शिविर में पांडुराम बंजारा




और घनश्याम दत्त शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालयए थानागाजी ने स्वंयसेवको को श्रमदान और पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरोज मीणा, डॉ महेश गोठवाल, डॉ अनिल यादव और डॉ सुभाष खटीक के निर्देशन में शिविर के आयोजन में पवन सिंह, दीपक मीणा, धीरज, लक्की प्रजापत, राधिका गुप्ता, सोनम चौहान ने सक्रिय सहयोग किया। सभी स्वंयसेवको ने शिविर में सामूहिक भोज का आनन्द उठाया।

# इक नदी सी बह रही है प्यार की : दिवाकर

## सृजक की कवि गोष्ठी सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था सृजक की ओर से वर्ष 2024 की अंतिम काव्य गोष्ठी रविवार को कालीमोरी रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे स्थिति मधुबन मैरिज गार्डन के सेमीनार हॉल में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 शिवचरण शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। गोष्ठी के आरंभ में अतिथियों ने सरस्वती प्रतिमा पर मल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की तथा वरिष्ठ कवि गोकुल राम शर्मा श्दिवाकरश् ने सरस्वती वंदना से कवि गोष्ठी का शुभारंभ किया। कवि गोष्ठी में मुख्य अतिथि वरिष्ठ गीतकार प्रवेन्द्र पंडित के भाव प्रवण गीत को उपस्थिति श्रोताओं ने खूब सराहाए कवि गोष्ठी विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 देवेन्द्र शर्मा की पौष की कविता को तथा उर्दू अदब के वरिष्ठ शायर सरदार अमरीक सिंह श्अदबश् की आजाद नज़्म को श्रोताओं ने पसंद किया ए वरिष्ठ कवि रेवती रमण शर्मा की . तस्वीर हो गई है माँ व पेड़ बोलता है तथा सविता भार्गव की कविता . श्मा कविता ने, वरिष्ठ कवयित्री शीला स्वामी व प्रदीप माथुर की सर्दी की कविताओं ने श्रोताओं को प्रभावित किया।

वरिष्ठ साहित्यकार रघुवर दयाल जैन की हास्य रस की कविताएँ सुनकर श्रोता हँस-हँस कर लोटपोट हो गये, डॉ. शिवचरण चैड़वाल की ग़ज़ल, डॉ0 वेद प्रकाश यादव व मुकेश गुप्ता अचल के दोहों ने खूब तालियाँ बटोरी, युवा कवि प्रेम प्रकाश शर्मा की कबाड़ कविता ने गोष्ठी को गरिमा प्रदान की, कवयित्री सरिता भारत की सामाजिक सवाल उठाती कविता एवं वीरेन्द्र क्रांतिकारी की सामाजिक सरोकारों की कविताओं ने गोष्ठी को गंभीरता प्रदान की। इस अवसर पर सृजक संस्थान के कोषाध्यक्ष हेमराज सैनी, राधेश्याम शर्मा ,राज नारायण सैन, दीपक, राहुल कुमार, जितेन्द्र पोपली, बाँसुरी वादक सुभाष नकड़ा, शिक्षाविद शर्मिलाशशि भूषण रोहित मोजाका, कौशल सिंह व उत्तम अग्रवाल आदि अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

## 1360 प्रकरणों के निस्तारण सहित 31,59500 रूपये के अवार्ड पारित

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राष्ट्रीय लोक अदालत में लोक अदालत की भावना से पक्ष कारण में आपसी समझे कर कर फ्री लिट्टीगेशन मुकदमे रेवेन्यू मुकदमे एवं फौजदारी सिविल प्रकरणों का निस्तारण कराया गया भुसावर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट , स्थानीय राष्ट्रीय लोक अदालत अध्यक्ष शशिकांत गुप्ता द्वारा आपसी सहमति से न्यायालय में लंबित 92 में प्रकरणों ( फौजदारी /सिविल /एनआईएक्ट ,रिवेन्यू विभाग के 1251 प्रकरणों एवं बैंक रिकवरी मामलों में कुल 18 पर्यावरण सहित रविवार 22 दिसंबर2024 को आयोजित लोक अदालत में 1360 प्रकरणों का राजीनामा द्वारा निस्तारण किया जाकर 31 लाख 59 हजार 5 सौ रुपये के अवार्ड पारित किये गये! इस अवसर पर शशिकांत गुप्ता अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक अदालत सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट भुसावर हेमसिंह पांडे अधिवक्ता न्यायालय पर कर भुसावर सदस्य लोक अदालत न्यायालय के अधिवक्तागण रमेश चन्द्र पाण्डेय्, इंद्र दत पाण्डेय्, धनेंद्र पाण्डेय्, चंद्रशेखर तिवारी, महेश मीणा, शांति स्वरूप शर्मा, पंकज शर्मा सहायक अभियोजन अधिकारी भुसावर सहित मोहन प्रकाश शर्मा रीडर ,जितेंद्र कुमार उपाध्याय फौजदारी लिपिक, सुरेश चंद शर्मा अनिल कुमार सहायक कर्मचारी एवं रेवेन्यू विभाग के राम सिंह रीडर तथा बैंक अधिकारी, कर्मचारीगण एवं पक्षकार उपस्थित रहे।



# अलवरंगम में हुआ मनोज मित्रा द्वारा लिखित और दिनेश अहलावत द्वारा निर्देशित हास्य नाटक बुड्ढा मर गया का मंचन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर के महावीर ऑडिटोरियम में रंग संस्कार थियेटर ग्रुप द्वारा आयोजित 100 दिवसीय प्रतिष्ठित नाट्य उत्सव अलवरंगम के अंतर्गत दिल्ली के प्रसिद्ध मास्क थिएटर ने मनोज मित्रा द्वारा लिखित और दिनेश अहलावत द्वारा निर्देशित हास्य नाटक बुड्ढा मर गया का मंचन किया। बुड्ढा मर गया नाटक ग्रामीण पृष्ठभूमि में जमींदारी प्रथा,लालच और पारिवारिक विवाद की मनोरंजक कहानी प्रस्तुत करता है। यह नाटक बंछा राम नाम के एक वृद्ध व्यक्ति के इर्द.गिर्द घूमता है, जो अपनी बगीची को जमींदार और अन्य लोगों से बचाने के लिए जी.जान से जुटा रहता है। जमींदार के पिता छकोरी, जो लालच में मरने के बाद भी अपनी बगीची नहीं छोड़ पाते और भूत बनकर पेड़ों के बीच भटकते रहते हैं, कहानी में हास्य का अनूठा रंग जोड़ते हैं। नाटक में बंछा राम के पोते और उसकी पत्नी अपने स्वार्थ के लिए वृद्ध व्यक्ति को लंबे समय तक जीवित रखने की कोशिश करती हैं ताकि बगीची पर उनका अधिकार बना रहे। वहीं, दूसरी ओर, जमींदार नकोरी और उसका परिवार बगीची पर कब्जा जमाने की हर संभव कोशिश करता है। यह हास्य नाटक दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर करता है कि आखिर बगीची किसके हाथ लगेगी। बुड्ढा मर गया की सबसे बड़ी विशेषता इसकी जमीनी कहानी, पात्रों की जीवंतता और हास्य से भरपूर संवाद हैं। निर्देशक दिनेश अहलावत के कुशल निर्देशन में मास्क थिएटर के कलाकारों ने अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों को हंसी और सोच का अद्भुत संगम प्रदान किया। 23 दिसंबर 2024 को नाटक उसके साथ का मंचन होगा।

# कल्याण फाउंडेशन का रक्तदान शिविर 25 को : तैयारियों को लेकर हुई बैठक, दो टीमें करेंगी ब्लड कलेक्शन, 16 बेड लगेंगे

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे की प्रमुख सामाजिक संस्था श्री कल्याण फाउंडेशन की ओर से 25 दिसंबर को प्रथम रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शहर के वेयर हाउस रोड स्थित अमर पैलेस मैरिज होम में लगने वाले इस शिविर की तैयारियों को लेकर रविवार को फाउंडेशन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की संस्था चेयरमैन विनय अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। सचिव रमन धाकड़ ने बताया कि सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होने वाले इस शिविर में जिला आरबीएम अस्पताल ब्लड बैंक और एसएमएस ट्रॉमा यूनिट की टीमें रक्त संग्रहण का काम करेंगी। रक्तदान स्थल पर रक्त दाताओं के लिए 16 बेड लगाए जाएंगे। चेयरमैन विनय अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर को उत्सव के तौर पर मनाया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक सजावट की जाएगी। सेल्फी पॉइंट भी बनाए जाएंगे। शिविर के लिए रक्तदान करने वाले लोगों के रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए गए हैं। रक्तवीरों को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर अल्पाहार की व्यवस्था की जाएगी। वहीं पेशेवर गायक भजन गीतों की प्रस्तुति देंगे। शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक डॉ ऋतु बनावत रहेंगी। इसके अलावा एसडीएम, एएसपी, डिप्टी एसपी समेत सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किये गए हैं। दो दिन 23 व 24 दिसंबर को लाउड स्पीकर रिक्शा के जरिए शहर के विभिन्न हिस्सों में प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था कोषाध्यक्ष किशन चंद गुप्ता, गोविन्द उपाध्याय, त्रिलोक उपाध्याय, मुरलीमोहन गुप्ता एडवोकेट, सुनील कटारा, प्रदीप आर्य, सौरभ गर्ग, बंटी शर्मा, केशवदेव गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, मोंटी मग्गो, दिनेश शर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, पंकज गर्ग, श्रीराम धाकड़, कृष्ण मुरारी धाकड़, मनसुखा गुप्ता, हरिओम उपाध्याय, अशोक शर्मा सहित संस्था से जुड़े कई सदस्य मौजूद रहे।




# प्रधान पुत्र ने कराया एसी/एसी एक्ट में मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर पंचायत समिति प्रधान के पुत्र राम खिलाड़ी पुत्र घंसराम जाटव ने खेडली मोड थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है कि वह 16 दिसंबर 2024 को दोपहर में सुरेंद्र जाट छोकरवाड़ा कल की लट्ठा की फैक्ट्री पर बैठा था मोबाइल नंबर 7742 114 181 से कॉल आया कि कहां है सुधांशु चौधरी बोल रहा हूं स्ड्ड्ब्स्त्र तेरे घर आए हैं मैंने उनको कट्टा फैक्ट्री पर होना बताया, उन्होंने जल्दी बंसल नमकीन भंडार पर आने को कहा। जहां सफेद स्कॉर्पियो गाड़ी में सुधांशु चौधरी ड्राइवर सीट पर बैठा था बगल की सीट पर रोहतास मीणा देवली एवं बीच वाली सीट पर दरब सिंह बाछरैन एवं गोविंद सिंह गाजीपुर बैठे थे डिग्गी वाली सीट पर सौदानसिंह जाटव घाटरी व घनश्याम जाटव अलीपुर बैठे थे। मुझे धर्म सिंह ने गाड़ी का गेट खोलकर हाथ पकड़ कर खींच लिया सुधांशु ने देवा पहलवान को फोन कर बुला लिया। बीपी का मैरिज होने का निवेदन करने पर भी नहीं छोड़ा प्राथमिकी में अन्य बातों को लिखने के साथ गाड़ी में ले जाकर सेवक पुल पर गाड़ी से नीचे पटकने की बात लिखते हुए पुलिस को सूचना देने के लिए धमकाने सहित अन्य बातें लिखी गई है।

# तहसील शाखा वैर का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह 25 दिसंबर को होगा आयोजित


बढ़ता राजस्थान

**वैर/भरतपुर (गोपाल पाठक)।** राजस्थान पेंशनर समाज तहसील शाखा वैर का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह 25 दिसंबर बुधवार को आयोजित होगा। उप शाखा के अध्यक्ष तेज सिंह धाकड़ एवं संरक्षक दामोदर लाल व्यास ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यायालय ( छात्र) वैर में प्रात: 10ः00 बजे से प्रारंभ होगा। राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा वैर की समस्याओं पर विचार विमर्श कर उन्हें दूर करने के प्रयास किए जाएंगे। बार्षिक अधिवेशन में जिला भरतपुर एवं डीग की उप शाखाओ की कार्यकारिणी के सदस्य इस अधिवेशन और सम्मान समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक उम्र प्राप्त करने वाले पेंशनर भी सम्मानित होगें एवं सह भोज के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# लोक अदालत में दिखा लोगों का उत्साह : 292 प्रकरणों का पक्षकारों के बीच आपसी राजीनामा की भावना से निस्तारण हुआ

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश केशव कौशिक के निर्देशन में रविवार को बयाना न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लम्बित सभी प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों और प्री-लिटीगेशन के प्रकरणों का आपसी समझाइश से निपटारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों की सुनवाई के लिए अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-2 प्रशांत शर्मा और अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-2 सुनील कुमार की अध्यक्षता में दो बेंचों का गठन किया गया। राजस्व प्रकरण की सुनवाई के लिए बेंच में एसडीओ दीपक मित्तल और पैनल अधिवक्ता यज्ञप्रिय शर्मा व संजय कुमार शर्मा भी सदस्यों के रूप में शामिल रहे। तालुका विधिक सेवा समिति की सचिव वंदना तनेजा व घनश्याम शर्मा ने बताया कि लोक अदालत में सभी न्यायिक न्यायालयों के कुल 885 प्रकरण, प्री-लिटीगेशन के 3025 प्रकरण और राजस्व न्यायालयों के कुल 5870 प्रकरण सुनवाई के लिए बेंचों के समक्ष रखे गए। जिनमें से न्यायिक न्यायालयों में विचाराधीन कुल 292 प्रकरणों का पक्षकारों के बीच आपसी राजीनामा की भावना से निस्तारण किया गया। इसी तरह प्री-लिटीगेशन के 278 प्रकरणों और राजस्व न्यायालयों के कुल 5686 प्रकरणों का निस्तारण आपसी सहमति के आधार पर किया गया। प्री-लिटीगेशन के प्रकरणों में 65 लाख 59 हजार 500 रूपये और मोटर दुर्घटना दावा (एमएसीटी) के प्रकरणों में 79 लाख 43 हजार रुपए के अवार्ड पारित किए गए। लोक अदालत के फायदों से परिचित होने से आमजन में लोक अदालत में मामलों का निपटारा कराने के प्रति उत्साह बढ़ रहा है। लोक अदालत में सरकारी विभागों और पक्षकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



# उपखण्ड स्तरीय कोटा महोत्सव : खातौली में कला, उत्सव, आतिशबाजी के साथ समापन

## त्रिनेत्र अकादमी की बाल नृत्यागंनाओं ने मन मोहा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** कोटा महोत्सव के अन्तर्गत उपखण्ड स्तरीय कार्यक्रम खातौली के खेल मैदान में रविवार को धूमधाम से हुआ। यह आयोजन क्षेत्रीय संस्कृति, कला और प्रतिभाओं के प्रोत्साहन का प्रतीक बना।इसी के साथ उपखण्ड स्तरीय आयोजन सम्पन्न हो गए। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों को जिला स्तरीय आयोजन में मंच दिया जाएगा। महोत्सव की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम के दौरान वेस्ट जोन कल्चरल सेंटर के कलाकारों ने अपनी अद्वितीय प्रस्तुति से सबका ध्यान आकर्षित किया। लोकल टैलेंट हंट के माध्यम से स्थानीय कलाकारों ने अपनी लोक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं, त्रिनेत्र कत्थक अकादमी के कलाकारों ने उपखण्ड स्तरीय सभी कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति से छाप छोडी।

**ग्रामीण अंचल में कथक को मिली सराहना :** त्रिनेत्र कत्थक अकादमी की प्रमुख एवं अंतर्राष्ट्रीय नृत्यांगना गरिमा भार्गव ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन न केवल कला के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाता है, बल्कि कलाकारों के लिए भी यह एक अनूठा अनुभव होता है। अकादमी की छात्राओं को हाड़ौती अंचल के विभिन्न कस्बों में अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसे सराहना मिली। जो उनके लिए बेहद प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम के अंत में भव्य आतिशबाजी की गई। कोटा महोत्सव में जनप्रतिनिधि मार्केटिंग चैयरमेन प्रेम गोचर सरकारी अधिकारी, कार्मिक और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी रामनिवास मेहता ने कहा यह महोत्सव न केवल कला और संस्कृति का उत्सव रहा, बल्कि क्षेत्रीय कलाकारों और प्रतिभाओं के लिए एक सशक्त मंच भी बना। ग्रामीण अंचलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों और उनकी कला को देखना स्थानीय नागरिकों के लिए एक नया अनुभव भी रहा।



# न्यायालय चौमहला में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ के निर्देशानुसार रविवार को तालुका विधिक सेवा समिति (न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) चौमहला में बैंच अध्यक्ष न्यायाधीश राजपाल मीना की अध्यक्षता एवं बैंच सदस्य उपखंड अधिकारी छत्रपाल चौधरी की सदस्यता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम न्यायालय में मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित किया गया। उक्त लोक अदालत में लोक अदालत की भावना से ज्यादा से ज्यादा राजीनामा योग्य फौजदारी, दीवानी, वैवाहिक विवाद,धन वसूली, बैंकों, विद्युत विभाग, बीएसएनएल के प्रिलिटीगेशन आदि प्रकरणों का निस्तारण गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से पति- पत्नी के वैवाहिक विवाद को सुलह समझाइश के माध्यम से निस्तारित कर दंपती को राजी खुशी से साथ साथ रहने के लिए समझाया गया।

लोक अदालत में विद्युत विभाग के कई प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में राजीनामा के माध्यम से सेटलमेंट कर अवॉर्ड जारी किए। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में बार संघ के समस्त अधिवक्तागण, न्यायालय समस्त स्टाफ, और संबंधित विभागों, बैंकों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

### गौरवांवित पट्टीका लगी तो भावुक हो गए नेत्रदानी परिवार

# संभाग के सभी नेत्रदानी परिवारों के घर गौरवांवित पट्टिका लगाने का कार्य प्रारंभ



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** शनिवार को रामगंज मंडी क्षेत्र के लिए गौरव करने वाला दिन था, शाइन इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक डॉ कुलवंत गौड़ और डॉ संगीता गौड़ ने क्षेत्र के नेत्रदानी परिवारों को शोक के समय पर नेत्रदान करवाने के पुनीत कार्य के लिए उनके घरों पर जाकर प्रेरणादायक और गौरवांवित पट्टीका लगाकर अपनी ओर से सेवा में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया ।

पट्टीका लगाने के इस कार्य में शहर संयोजक संजय विजावत के साथ ज्योति मित्र वर्धमान डांगी,मोनू माहेश्वरी,लव शर्मा दिनेश डबकरा और संजय पतिरा भी साथ थे। शहर संयोजक संजय विजावत ने बताया कि, उनके स्वयं के प्रयास से हाडोती में 78 नेत्रदान हुए हैं उनमें से 63 नेत्रदान रामगंजमंडी क्षेत्र से है । प्राप्त नेत्रों को संकलित करने के बाद जयपुर स्थित आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान,जयपुर में भेजा जाता है वहीं से इनका निशुल्क प्रत्यारोपण पूरे राजस्थान में भेज कर किया जाता है । शाइन इंडिया फाउंडेशन की टीम जब सुविधा नगर पहुंची,वहाँ समाजसेवी लव शर्मा की माता स्व. चंद्रकला जोशी का नेत्रदान किया गया था। उन्होंने कहा कि मुख्य द्वार पर पट्टिका को लगाने से, गर्व की अनुभूति होती है,इससे लगता है कि हम शहर के उन गिने-चुने लोगों में हैं जिन्होंने पुण्य का कार्य कर अपने प्रियजनों की आंखों से दृष्टिबाधित लोगों के अंधेरे जीवन को रौशन करने में सहयोग किया है।

सेवानिवृत शिक्षक चैतन्य प्रकाश जैन ने बीते वर्ष अपनी पत्नी सीता देवी का नेत्रदान करवाया था,अपने घर पर जब नेत्रदान प्रेरक पट्टीका लगी तो उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि यह पट्टीका अपने आप में एक प्रेरक संदेश दे रही है,मुझे गर्व है कि नेत्रदान के कार्य ने मेरे परिवार का मान बढ़ाया है ।

बाजार नंबर एक निवासी कपड़ा व्यापारी व समाज सेवी वर्धमान डांगी ने कुछ समय पहले अपने भाई पदम कुमार का नेत्रदान कराया था, उन्होंने भी पट्टिका लगने के बाद अपने परिवार को शहर व समाज का गौरवान्वित परिवार माना है । एक अन्य नेत्रदानी परिवार हरक चंद झाड़ियां के घर पर भी गौरवांवित पट्टीका लगाई । संजय बिजावत ने बताया कि शीघ्र ही, रामगंज मंडी क्षेत्र के सभी नेत्रदानी परिवारों के यहाँ पर यह पट्टीका लगायी जाएगी ।

### लोकसभा अध्यक्ष ने दी कोटा महोत्सव के सफल आयोजन की शुभकामनाएं

# अपनी संस्कृति और अपनी विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के लिए तैयार कोटा : लोकसभा अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार 23 दिसंबर से शुरू होने वाले भव्य ''कोटा महोत्सव'' का शुभारंभ करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष को जिला प्रशासन द्वारा ''कोटा महोत्सव'' के शुभारंभ एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अगुवाई में कोटा महोत्सव आयोजन की सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा लोकसभा अध्यक्ष को इसके लिए आमंत्रण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा कोटा महोत्सव स्वागत योग्य कदम है।कोटा महोत्सव के माध्यम से आज हमारा अपना शहर है। यह महोत्सव न केवल हमारी ऐतिहासिक धरोहरों, समृद्ध संस्कृति और खूबसूरत पर्यटन स्थलों को जानने ओर समझने का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि हर कोटा के प्रत्येक नागरिक को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ने का एक सुनहरा अवसर भी देगा।

**ब्रांड एम्बेसेडर के रूप में भागीदार बनें सोशल मीडिया इन्फल्यूएंसर :** बिरला ने कोटा-बून्दी के नागरिकों सहित युवा इन्फ्सुएंसर्स का आह्वान किया वे कोटा के ब्रांड एम्बेसेडर के रूप में का इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और कोटा के गौरवशाली इतिहास व अद्भुत विरासत से देश-दुनिया का परिचय कराएं। उन्होंने कहा कि कोटा पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध है। कोटा महोत्सव से कोटा के पर्यटक स्थलों की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेगी और पर्यटन मानचित्र पर कोटा तेजी से उभरेगा। इससे कोटा की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।उन्होंने कोटा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। श्री बिरला को जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी के साथ अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग श्रीमती कृष्णा शुक्ला, व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी एवं कोटा ग्रेन एण्ड सीड मर्चेंट, सेठ भामाशाह मंडी के अध्यक्ष अविनाश राठी ने कोटा महोत्सव का आमंत्रण पत्र प्रदान तीन दिवस तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी और उन्हें इस महोत्सव के शुभारंभ एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया।

# आचार्य भगवंतों ने किया नि:शुल्क पशु-पक्षी चिकित्सालय का निरीक्षण

## जीव दया के किए जा रहे कार्यो को लेकर की भाया दम्पत्ति की प्रशंसा

बढ़ता राजस्थान



**अंता /बारां (शफीक मंसूरी)।** बोरडिया परिवार के कुलदीपक बालमुनि श्री विजयचद्र सागर जी के पिताजी विजय बोरडिया व माता शिल्पा बोरडिया ने बताया कि आचार्य भगवंतों द्वारा पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया की प्रेरणा से बड़ां बालाजी तीर्थधाम के सामने संचालित महावीर गौशाला में नि:शुल्क पशु-पक्षी चिकित्सालय पहुंच कर वहां पर संचालित जीव दया के कार्यो का बारीकी से निरीक्षण किया गया। नि:शुल्क पशु-पक्षी चिकित्सालय में संचालित जीव दया के कार्यो को देखकर गुरुदेव ने कहा कि इस संसार में जन सेवा, प्रभूसेवा ऐसा नारा तो बहुत बार सुना है पर आज इस निशुल्क पशु-पक्षी चिकित्सालय का निरीक्षण करके ऐसा एहसास हो रहा है कि प्रमोद जैन भाया ने पशु सेवा, प्रभु सेवा का एक नया नारा जगत को दिया है। प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में एक बार अवश्य इस निशुल्क पशु चिकित्सालय का अवलोकन करना चाहिए क्योंकि यहां जिस प्रकार से अबोल जीवो की निशुल्क सेवाएं होती है, शायद पूरे विश्व ऐसी सेवाएं और सुविधाएं मनुष्य के भी नहीं होती होगी। गुरुदेव का आज यहां पर मांगलिक हुआ। पशुओं को गुरुदेव श्री ने नवकार महामंत्र सुनाया और भाया दम्पत्ति परिवार को ऐसा आषीर्वाद प्रदान किया कि जब तक आसमान में सूरज और चन्द्रमा है तब तक धरती पर आपकी गौशालाएं एवं निशुल्क पशु-पक्षी चिकित्सालय की सेवाएं चलती रहेगी। श्री गुणवर्धन शंखेश्वर जैन तीर्थ ट्रस्ट अध्यक्ष, जिला प्रमुख उर्मिला जैन, सोनम एवं पूजा श्रीमाल ने बताया कि आचार्य भगवन्त वर्धमान तपोनिधि प. पू. आचार्य श्री नयचंद सागर सूरी म.सा., सहस्त्रावधानी प. पू.गणिवर्य डॉ. श्री अजीतचन्द्र सागर जी म.सा. व बोरडिया परिवार के कुलदीपक बालमुनी श्री विजयचन्द्र सागर जी म.सा. 21 आदि ठाणा बारां पधारे हुए है। विपुल श्रीमाल, विनय बोरडिया ने बताया कि कल सोमवार को आचार्य भगवंतों का ग्राम बड़ां से मंगल प्रवेष दोपहर 3.00 बजे जय त्रिभुवन विमल विहार तीर्थ पर होगा। पूरे नवयुवक मण्डल एवं महिला मण्डल की सदस्याएं आज बारां शहर से महाराज साहब के साथ पैदल विहार करते हुए बड़ां बालाजी स्थित श्री महावीर गौषाला निषुल्क पशु-पक्षी चिकित्सालय पहुंचे। पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया एवं पशु पक्षी चिकित्सालय के चिकित्सक द्वारा महाराज साहब को पूरे चिकित्सालय परिसर का विस्तार से अवलोकन करवाया गया।

# स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा के सेंट पॉल सैकंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि रावतभाटा एडीएम विनोद मल्होत्रा रहे। विशिष्ट अतिथि एसडीएम रावतभाटा महेश गगोरिया, एडिशनल एस पी भगवत लाल हिंगड़ अधिशासी अभियंता आशीष जैन, कमांडेंट सीआईएसअफ विवेक आर्या, रावतभाटा तहसीलदार विवेक गरासिया एवं सेक्रेटरी सीडीईएसयू फ़ादर जॉन बोस्को रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।प्राचार्य फ़ादर डांटी जोसफ ने अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नृत्य संगीत नाटक व डांस ड्रामा जैसे विभिन्न कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय हेड बॉय आदित्य शर्मा व हैड गर्ल विधि छाबड़ा ने संस्था की सत्र 2023 -24 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्राचार्य फ़ादर डांटी जोसफ ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।कार्यक्रम के अंत में मैनेजर फादर रोबर्ट ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। वार्षिक उत्सव ने छात्रों अभिभावकों व शिक्षकों को आपस में जुड़ने और स्कूल की उपलब्धियों का जश्न मनाने का अवसर प्रदान किया।

# ठिकरिया ग्राम में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा में हुआ गणेश जी का जन्म

बढ़ता राजस्थान

**अंता (नि.स.)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत ठिकरिया में चल रही सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के छठे दिन भगवान गणेश जी का जन्म हुआ और उत्साह से गणेश जन्मोत्सव मनाया गया। कथा का वाचन साध्वी पुष्पा देवी रामायणी के श्रीमुख से किया जा रहा है।

ठिकरिया ग्राम पंचायत सरपंच राज सिंह चौधरी ने बताया कि सात दिवसीय संगीत मय शिव महापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 12:30बजे से शाम 3:30 बजे तक आयोजित हो रही है और शनिवार को कथा में छठे दिन मुख्य अतिथि के रुप में अभिमन्यु सिंह एसडीएम बारां, अंजना सेहरावत एसडीएम मांगरोल, थानाधिकारी दिग्विजय सिंह अंता, प्रधान प्रखर कौशल पंचायत समिति अंता, सरपंच अनूप सिंह शामिल हुए।

छठे दिन मुख्य यजमान पवन नागर रहे और कथा शुभारंभ से पूर्व कथा की विधिवत पूजा अर्चना की गई। कथा में महिला पुरुष बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और कथा के दौरान भक्त भजनों पर नृत्य कर कथा का रसपान कर रहे हैं। वही कथा के समापन पर मुख्य अतिथियों द्वारा महा आरती की गई और मुख्य यजमान द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में रेफर कर कुल 11 बेचों में 1,55,616 प्रकरणों का निस्तारण किया

बढ़ता राजस्थान



बून्दी (अनन्त दाधीच)। जिले के न्यायालयों में लम्बित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में रेफर कर कुल 11 बेंच गठित करते हुए पक्षकारान के मध्य समझाइश करवाकर आम जन को शीघ्र व सुलभ न्याय दिलवाने का प्रयास किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ अर्चना मिश्रा, न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, क्रम सं.1, बूंदी द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरिता मीणा एवं जिला मुख्यालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में मुख्यालय पर बैंच संख्या 01 की अध्यक्षता अर्चना मिश्रा ने, बैंच संख्या 02 की अध्यक्षता डॉ. विवेक शर्मा ने, बैंच संख्या 03 की सिद्धांत सक्सेना ने, स्थाई लोक अदालत, उपभोक्ता मामलों एवं प्री-लिटिगेशन मामलों की बैंच की अध्यक्षता सरिता मीणा ने एवं बैंच संख्या 04 की अध्यक्षता वृष्टि विज ने की। उक्त बैंचों के सदस्यों में महेन्द्र कुमार शर्मा, कुमारिल भट्ट, कामरान खान एवं हिमांशी शर्मा अधिवक्तागण तथा अर्जुन लाल मीणा तहसीलदार ने अपनी भागीदारी निभाई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण तथा न्यायिक कर्मचारीगण ने भी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले में लंबित प्री-लिटिगेशन व न्यायालयों में लम्बित कुल 1,76,676 मामले रेफर किये गये जिनमें से 1,55,616 प्रकरणों का निस्तारण कर कुल अवार्ड 10,35,42,537 पारित कर जनता को राहत पहुचाई गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में आम नागरिकों ने उत्साह दिखाया।

# कोटा महोत्सव आज से, लोकसभा अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में होगा भव्य शुभारंभ, गणेश वंदन के साथ होगा शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा महोत्सव का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ माननीय लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की गरिमामय उपस्थिति में 23 दिसंबर को प्रातः 9 बजे खड़े गणेश मंदिर में होगा। गणेश वंदना एवं चंबल महाआरती में शिव स्तुति, कृष्ण राधा प्रसंग की प्रस्तुति राष्ट्रीय कथक केंद्र, दिल्ली की गुरु मालती श्याम की शिष्याएँ आँचल रावत, गौरी शर्मा, संस्कृति पाठक एवं हर्षिता शर्मा द्वारा दी जाएगी।

# रक्तदान को हर घर अभियान बनाना है, रक्तदान करके हमें लोगों की जान बचाना है

## हर घर रक्तरूपी महायज्ञ की हुई आज से शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** वर्तमान में रक्त की कमी के चलते जरूरतमंदों की मदद हेतु रुधिरा ब्लड बैंक व टीम मंजूश्री स्नेह संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में झालावाड़,झालरापाटन व आसपास के क्षेत्र में घर-घर रक्तसंग्रह अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है । मंजूश्री संस्थान के अजय मोमिया ने बताया कि आप सभी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं तथा क्षेत्र के कॉलोनी वासियों से निवेदन किया जा रहा है कि रक्तदान को बढ़ावा देने हेतु अपनी संस्थाओं तथा कॉलोनी वासियों के माध्यम से छोटी सी टीम बनाकर रक्तदान कर सकते है जिसमें आपकी कॉलोनी में ब्लड बैंक की टीम रक्त संग्रह करने के लिए आ जाएगी, उसके लिए आपको किसी भी प्रकार का खर्च करने के जरूरत भी नहीं होगी। ब्लड बैंक प्रभारी महावीर ने बताया कि रक्तदान करने पर ब्लड बैंक द्वारा प्रत्येक रक्तवीर को डोनर कार्ड उपलब्ध करवाया जाएगा जिसके माध्यम से 3 महिने के अंदर आप उस कार्ड के माध्यम से भी किसी की मदद कर सकते है। कम से कम 5 व्यक्ति होने पर ही रक्त संग्रह के लिए गाड़ी आपकी कॉलोनी में आ आयेगी, इसके लिए आप टीम मंजूश्री स्नेह संस्थान की किसी भी सदस्य या ग्रुप में संपर्क कर सकते है।

# महाराणा प्रताप खेल मैदान पर वार्ड कप का आयोजन

## पत्रकार एकादश और एडवोकेट टीम के बीच जागरूकता के लिए हुआ मैच, वकीलों ने जीती बाजी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान में इन दोनों वार्ड कप प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से चल रहे इस आयोजन में रविवार को पत्रकार एकादश और एडवोकेट टीम के बीच मैच का आयोजन किया गया। इस मैच को जागरूकता के लिए रखा गया। जिसमें शहर के सैकड़ो लोग देखने पहुंचे। पत्रकार एकादश द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया गया। जिसमें बलबीर राणा ने 26 रन,मलिक इमरान खान ने 26 के साथ अन्य पत्रकारों द्वारा 10 ओवर के मैच में 91 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एडवोकेट टीम ने युवा अधिवक्ता रूप सिंह के धुआंधार प्रदर्शन से 7.2 ओवर में ही जीत दर्ज कर ली। ऐसे में एडवोकेट रूप सिंह को मैन ऑफ द मैच दिया गया। इस मैच के मुख्य अतिथि एडवोकेट जितेंद्र सिंह चौहान रहे। जिन्होंने मैन ऑफ द मैच के साथ अन्य स्मृति चिन्ह प्रदान किये। मैच आयोजन के बाद पत्रकार एकादशी की कप्तानी कर रहे प्रमोद मुद्गल ने सभी खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारा शहर कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है। जिसमें मुख्य रूप से पेयजल पाइप लाइन के काम मे बरती जा रही अनियमितता और सीवर लाइन को लेकर लगातार मिल रही शिकायतें मुख्य समस्या है। ऐसे में शहर के विकास को समर्पित इन परियोजनाओं की अनियमितताओं को लेकर मामले को कोर्ट तक पहुंचाया गया। लेकिन जब तक आमजन अपनी जिम्मेदारी महसूस नहीं करेगा कोई समस्या का समाधान नहीं हो सकता। यह दोनों योजनाएं शहर के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है।जिसको लेकर जनता का जागरूक होना और अच्छे तरीके से नियम अनुसार काम कराना बेहद आवश्यक है। जिसका नितांत अभाव देखा जा रहा है। क्योंकि जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ रहे हैं। इसी को लेकर इस मैच के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है। इस दौरान ग्रीन क्लब के फाउंडर डॉ परमेश पाठक,ओमवीर परमार,सुगड सिंह मामा,श्याम राय प्रेमसिंह पोसवाल,भूरा परमार,जुबेर पठान,रोहित वर्मा,अंकित अग्रवाल, आविद अली सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस दौरान प्रतियोगिता के आयोजक युवा क्रिकेट एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।



# विधवा पुनर्विवाह जन जागृति अभियान

## त्यागी समाज की पहल को ग्रामीणों ने दिया समर्थन, विधवा पुनर्विवाह को लेकर हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले में त्यागी समाज की युवा टीम की ओर से चलाए जा रहे विधवा पुनर्विवाह जन जागृति अभियान के तहत बदरिका गांव में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के सैकड़ों पुरुषों और माताओं-बहनों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। बैठक में विधवा पुनर्विवाह को लेकर जागरूकता और एकजुटता का संदेश दिया गया। गांव में आयोजित बैठक की अध्यक्षता गांव के वरिष्ठ और प्रतिष्ठित बुजुर्ग विशंभर दयाल त्यागी ने की। बैठक में महिला जिला अध्यक्ष रानू त्यागी ने कहा कि विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा देना समाज में महिलाओं के लिए समानता और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। हमें इस मुहिम को हर घर तक पहुंचाना होगा। बैठक में त्यागी समाज के संरक्षक रोतन सिंह त्यागी ने कहा कि यह अभियान त्यागी समाज की सोच में बदलाव लाने का प्रयास है। विधवा महिलाओं को उनके अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए समाज के हर वर्ग को साथ आना होगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विशंभर दयाल त्यागी ने कहा कि विधवा पुनर्विवाह समाज के नैतिक और सांस्कृतिक उत्थान का माध्यम है। उन्होंने कहा कि युवा टीम की यह पहल समाज को नई दिशा देने के साथ-साथ हमारी पुरानी गौरवशाली परंपराओं को पुनर्जीवित करेगी। बैठक में मौजूद लोगों ने विधवा पुनर्विवाह को खुले दिल से स्वीकार करने और इसे समाज में प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही निर्णय लिया गया कि युवा टीम और महिलाएं गांव-गांव जाकर विधवा महिलाओं से संबंधित आंकड़े एकत्र करेंगी, ताकि इस अभियान को अधिक प्रभावी और परिणामदायक बनाया जा सके। बैठक में जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जायन्ट्स ग्रुप ऑफ कामवन द्वारा आयोजित निशुल्क आर्थोपेडिक परामर्श शिविर में 115 रोगियों की हुई जांच



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** कस्बे की समाजसेवी संस्था जायन्ट्स ग्रुप ऑफ कामवन द्वारा एस एम एस हॉस्पिटल जयपुर के हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष गुप्ता के सहयोग से विशाल निशुल्क आर्थोपेडिक परामर्श मेडिकल शिविर रविवार, 22 दिसम्बर को बस स्टैंड के समीप स्थित शिव शक्ति तमोलिया भवन में स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज के मुख्य आथित्य व भरत यादव सीईओ,विशम्बर दयाल गोयल के आथित्य में शुभारम्भ किया गया। जायन्ट्स ग्रुप के अध्यक्ष खेमराज खंडेलवाल ने बताया की इस अवसर पर चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि जहां सम्पूर्ण विश्व ने अन्य देशों को बाजार के रूप में देखा है वही भारत ने परिवार के रूप में स्वीकार किया है। डॉ आशीष गुप्ता ने कहा कि मैं स्वयं को मरीज के समकक्ष रख उनकी परेशानियों को समझना चाहता हूं। जायन्ट्स ग्रुप जहां लोगो को जोड़ने का काम करता है वही मैं हड्डियों को जॉइंट करने का कार्य करता हूँ। शुभारंभ कार्यक्रम का संचालन करते हुए यूनिट डायरेक्टर संजय जैन बड़जात्या ने कहा कि सक्षम को मानव सेवा सक्षमता के अनुरूप अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफिसर हरप्रसाद नाटाणी,हरि कुम्हेरिया, महेंद्र अरोड़ा, उमाशंकर शर्मा,सुनील तमोलिया,गोविंद खंडेलवाल, सुरेश सोनी,मनोज गंगोरा वाले, दीपचंद आर्य,अनिल सोनी,प्रमोद पुजारी, राधा शरण शर्मा ने जयपुर से पधारी मेडिकल टीम बाबूलाल,रोहित,राहुल,डॉ संजय शर्मा सहित अथितियों का अभिनंदन किया। शिविर में 115 रोगियो की जांच की गई। लाइफ लाइन हॉस्पिटल द्वारा सहयोग प्रदान करते हुए एक्सरे की सुविधा में राहत प्रदान की।

# राजेन्द्र नगर स्थित प्राचीन हनुमान जी मंदिर पर भागवत कथा वाचक का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** राजेन्द्र नगर स्थित प्राचीन हनुमान जी मंदिर पर भागवत कथा के दूसरे दिन में अमर कथा ,परीक्षत जन्म व ध्रुव चरित्र का सुरुचिपूर्ण संगीतमय कथाओं का वर्णन किया।भागवतकथा में महिलाए भावविभोर होकर न नृत्य करने लगी। कथावाचक व्यास मुकेश चन्द शास्त्री का ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ समाज सेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने माला पटका व विहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।कथावाचक आचार्य ने सभी को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष व समाज सेवी कौशलेश शर्मा,पूर्व उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग व कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान मंदिर ट्रस्ट नेमीचंद शर्मा ,समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर ,रांगेय राघव कालेज निदेशक व भामाशाह शिशुपाल लवानियां,लाल चंद शर्मा एल आई सी ,तिलक नगर ब्राह्मण समाज वरिष्ठ सदस्य पंडित वनबारी लाल , अतिरिक्त निदेशक डॉयट कमल किशोर शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा ,रोडवेज संभाग अध्यक्ष दिनेश चंद जघीना, समता आन्दोलन के अशोक शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा ,आनंद विहारी भारद्वाज ,बृजकिशोर अध्यापक, राजेन्द्र पंच अध्यापक आदि अनेक गणमान्य महिलाए पुरुष उपस्थित हुए।

# पशुओं से भरे 2 ट्रक पकड़े, 2 तस्कर गिरफ्तार : 98 पशु कराए मुक्त, उत्तर प्रदेश के बूचड़खाने ले जा रहे थे

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले की कोतवाली पुलिस ने मध्य प्रदेश बॉर्डर पर नाकाबंदी के दौरान पशुओं से भरे दो ट्रक को जब्त किए हैं। पुलिस ने ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भरे 98 पशुओं को मुक्त कराकर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी प्रमेंद्र रावत ने बताया कि एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# सीवरेज के गड्ढे में टायर धंसने से ट्रक पलटा

## शहर में जगह-जगह खुदाई से लोग परेशान, वाहन सवार हो रहे घायल

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर शहर की सड़कों पर होने वाले हादसों के लिए जिम्मेदार सीवरेज के गड्डों के बाद कभी गैस कंपनी तो कभी टेलीकॉम कंपनी द्वारा जगह-जगह खुदाई की जा रही है। कोतवाली थाने के सामने टेलीकॉम कंपनी द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरने से शनिवार को एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद एक बार फिर रविवार सुबह ओंडेला रोड पर सीवरेज के गड्ढे में धंसने से ट्रक बीच सड़क पर पलट गया। लोगों ने बताया कि शहर में जगह-जगह गड्ढे खोदे जा रहे हैं। कहीं, सीवरेज के गड्ढे तो कही गैस और टेलीकॉम कंपनी की केबल के गड्ढे खोदे गए हैं। कोतवाली थाने के सामने टेलीकॉम कंपनी द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरने से शनिवार को एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद एक बार फिर रविवार सुबह ओंडेला रोड पर सीवरेज के गड्ढे में टायर धंसने से ट्रक बीच सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि जिस वक्त ट्रक पलटा उस वक्त कोई भी वाहन ट्रक के आसपास मौजूद नहीं था। जिस वजह से बड़ा हादसा होने से टल गया। विकास के नाम पर धौलपुर जिले में खाद जा रहे गड्डा को दो महीने से अधिक समय हो गया है। जिन्हें अभी तक जिम्मेदारों ने बंद नहीं किया हैं। जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। धौलपुर जिले में जगह-जगह गड्ढे होने के बाद लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार प्रशासन को भी लिखित शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन शहर की बदहाल स्थिति को सुधारने के लिए प्रशासन द्वारा भी कोई पहल नहीं की गई है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।



# भैंस चोरी का आरोपी बिरजा के जंगलों से गिरफ्तार : एक साल से था फरार, 10 हजार रुपए का इनाम था घोषित

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले की आंगई थाना पुलिस ने भैंस चोरी के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। बिरजा के जंगलों से गिरफ्तार किए गए आरोपी पर धौलपुर पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। कार्रवाई को लेकर आंगई थाना प्रभारी राम अवतार मीणा ने बताया कि एक वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र से पांच भैंसों की चोरी हुई थी। जिसको लेकर पीड़ित की शिकायत पर थाने पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की। जांच में अजब सिंह (35) पुत्र राम अख्तियार निवासी ज्वारे का पुरा कस्बा नगर थाना बसई डांग द्वारा भैंस चोरी करने की बात सामने आई थी। जिस मामले में आरोपी अजब सिंह एक वर्ष से फरार चल रहा था। जिस पर एसपी ने 10 हजार रूपए का इनाम घोषित किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि भैंस चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी के बिरजा के जंगलों में होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस की टीम गठित कर मौके पर भेजी गई। जहां पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर इनामी को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पुलिस चोरी हुई भैंसों की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

# सुनार गली स्थित बाबा भैरवनाथ के मंदिर पर हुआ अन्नकूट का आयोजन

## बाबा की आरती और भोग लगाने के बाद सैकड़ो लोगो ने पाई प्रसादी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर में अन्नकूट महोत्सवों का दौर लगातार जारी है। रविवार को शहर की सुनार गली स्थित बाबा भैरवनाथ मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन श्रद्धालुओं और मंदिर से जुड़े भक्तों द्वारा किया गया। इस अन्नकूट को लेकर बाबा भैरवनाथ मंदिर पर देर रात से तैयारी चल रही थी।

अन्नकूट की प्रसादी लेने के लिए शहर के विभिन्न कॉलोनी के लोग पहुंचे। जिन्होंने बाबा भैरवनाथ के दर्शन कर अन्नकूट की प्रसादी पाई यह आयोजन शाम तीन बजे तक जारी रहा। मंदिर से जुड़े श्रद्धालु एवं पार्षद शैलेंद्र सोनी ने बताया कि बाबा भैरवनाथ के मंदिर पर सर्दियों में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। ऐसे में शनिवार की रात को अन्नकूट की प्रसादी तैयार करने के लिए हलवाई लगाए गए। जिन्होंने पूरी रात चावल,बाजरे को भट्टियों पर तैयार किया। और इसके बाद सुबह मही की बेसन युक्त कड़ी बनाई गई और सभी तरह की मिश्रित सब्जी जिसे सतकुट कहते हैं को तैयार किया गया।

### बाबा की आरती के बाद लगाया गया भोग

बाबा भैरोनाथ मंदिर के पुजारी सुग्रीव गुसाईं द्वारा बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया और बाबा की आरती की गई इसके बाद उन्हें अन्नकूट का प्रसाद लगाया गया। इसके बाद करीब ग्यारह बजे से सभी श्रद्धालुओं के लिए अन्नकूट का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग पहुंचे और बड़े चाव से प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान मंदिर से जुड़े श्रद्धालु आकाश बंसल,पवन सोनी, दीपू वर्मा,गौरव सोनी,बिट्टू सोन,राजू मीणा,मुकेश अग्रवाल सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे जिन्होंने व्यवस्थाओं को संभाला।

# शरद महोत्सव में गोल्डन वॉयस मोहम्मद रफीक नाइट्स का आयोजन

## गायकों ने बिखेरे सुरों के जादू, खिलाड़ियों को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** नगर परिषद की ओर से आयोजित शरद महोत्सव 2024 के अंतर्गत शनिवार रात गोल्डन वॉयस मोहम्मद रफीक नाइट्स का आयोजन किया गया। जिसमें सुरों के कलाकारों ने अपनी आवाज का जादू बिखरे। नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह ने कहा कि शरद महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य लोगों को एक मंच प्रदान करना है। जिसमें सभी अपनी प्रतिभाओं को लोगों के सामने दिखा सकें। उन्होंने कहा कि शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने में नगर परिषद का सहयोग करें। हमारा प्रयास है कि हम सीमित संसाधनों के बीच शहर में बेहतर व्यवस्था कायम कर सकें। इस मौके पर उप जिला शिक्षा अधिकारी खेलकूद विजय उदैनियां ने बताया कि शरद महोत्सव में खेलकूद प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाई और पहली बार आयोजित हुए मिस्टर शरद धौलपुर में युवाओं का जुनून सर चढ़कर बोला है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से शहर की प्रतिमाओं को एक अच्छा प्लेटफार्म मिलता है। जिससे उनकी प्रतिभाओं में भी निखार आता है। महोत्सव के दौरान आयोजित गोल्डन वॉयस कार्यक्रम में गायक कलाकारों ने मोहम्मद रफी के गाने सुनाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में महोत्सव में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर मंच का संचालन रंजीत दिवाकर और अनिल मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मोहम्मद जाकिर हुसैन, रूप सिंह राणा, पूजा नरसल, संतोष राजपूत, प्रभात मुखर्जी, प्रणब मुखर्जी, आकाश चंदेला और कमल सिंघल मौजूद रहे।




# रोजगार शिविर में 553 का प्रारंभिक और 116 बेरोजगारों का स्वरोजगार के लिए चयन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई में शुक्रवार को रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 553 आशार्थियों का प्रारंभिक तथा 116 बेरोजगारों का स्वरोजगार के लिए चयन हुआ। जिला रोजगार अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि शिविर में भूपेन्द्र प्रताप पीएनबी, सचिन एनवी सन्स, हुकम सावंत अमेधनी, सत्यम परमार टैलकास प्रा. लि., नरेश कुमार एन. आर. मैनपावर, राजेष गुर्जर यशस्वी ग्रुप, नरेष कुमार बैक्सी कम्पनी, मेगा मैटल्स, राहुल त्यागी ओगिसो प्रा. लि., रामवरन गोस्वामी प्योर इंडिया ट्रस्ट, अमन जैन बी. एम. जैन स्टील इण्ड., अरविन्द चौधरी सुरेन्द्र एंटरप्राइजेज, राजेश सिकरवार भोले बाबा इण्ड., आलोक शर्मा आरईसीएल, मुकेश सिंह समाज कल्याण, दानवीर सिंह जिला उद्योग केन्द्र, सुरेन्द्र आरएसएलडीसी, ओमप्रकाश भारतीय जीवन बीमा निगम आदि ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। शिविर का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर ने किया। शिविर में 1168 बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया जिसमें आरईसीएल ने 07, भोले बाबा इण्ड. ने 5, मेगा मैक्स ने 23, एनआर मैनपावर ने 32, यशस्वी ग्रुप ने 150, सुरेन्द्र एंटरप्राइजेज ने 87, बी. एम. जैन स्टील इण्ड. ने 40, एनवी सन्स ने 53, ओगिसो प्रा.लि. ने 04, अमेधनी ने 98, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 54 बेरोजगारों का प्रारंभिक चयन किया। प्योर इंडिया ट्रस्ट ने 41, जिला उद्योग केन्द्र 61, पीएनबी ने 14 बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए चयन किया। शिविर में आईटीआई प्रिंसिपल कमलेश मीना, रोजगार कार्यालय से ममता गुप्ता, हरिओम सोनी, रनवीर सिंह, दीपक गोयल आदि उपस्थित रहे।



# दो महिलाओं से दुष्कर्म का मामला दर्ज : देवर और पड़ोसी पर लगाए आरोप

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** बाड़ी शहर के कोतवाली थाने में दो अलग-अलग महिलाओं द्वारा दुष्कर्म के मामले दर्ज कराए गए हैं। यह मामले अदालत के आदेश पर इस्तगासे के माध्यम से दर्ज हुए हैं। पुलिस ने दोनों महिलाओं का मेडिकल परीक्षण कराया और पर्चा बयान दर्ज किए हैं। फिलहाल पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है।

### जांच में जुटी पुलिस

**पहला मामला : देवर पर दुष्कर्म और धमकी का आरोप :** थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि पहले मामले में थाना क्षेत्र की 35 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया है कि 4 दिसंबर को दिन में जब वह घर पर अकेली थी, तब परिवार का ही एक युवक, जो रिश्ते में उसका देवर लगता है, घर में घुस आया। उसने महिला को अकेला पाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी ने किसी को यह बात बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। शाम को जब महिला के पति घर लौटे, तो उसने पूरी घटना बताई। इसके बाद जब पति आरोपी के घर शिकायत करने गया, तो आरोपी और उसके परिजनों ने उसके पति के साथ मारपीट की। महिला ने इस घटना को लेकर कोर्ट के माध्यम से मामला दर्ज कराया।

**दूसरा मामला: पड़ोसी पर दुष्कर्म का आरोप :** दूसरे मामले में 25 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया है कि 3 दिसंबर को जब वह घर में अकेली थी, तो पड़ोस में रहने वाला युवक किसी चीज की मांग के बहाने घर आया। उसने दरवाजा बंद कर महिला को दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। एसएचओ शिवलहरी मीणा ने बताया कि दोनों मामलों में कानूनी कार्रवाई की गई है। दोनों महिलाओं का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और उनके बयान दर्ज कर लिए गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कपासन के न्यायालयों में विचाराधीन 115 प्रकरणों का निस्तारण एवं 39,43,332 रु. के अवार्ड पारित किये

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के संयोजन में रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।जिसमे ताल्लुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कपासन डॉ. महेन्द्र सोलंकी तथा वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कपासन निष्ठा पांडे की अध्यक्षता में गठित न्यायपीठ में अपर जिला एवं सेशन न्यायालय कपासन,न्यायालय अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट कपासन एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कपासन में विचाराधीन 448 प्रकरणों में को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु चिन्हित किया गया।जिसमे 115 प्रकरणों का लोक अदालत में निस्तारण किया तथा 39,43,332 रू. राशि के अवार्ड पारित किये गये। ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन सचिव देव तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौडगढ महेन्द्र सिंह सिसोदिया एवं ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सोलंकी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों के लंबित 115 प्रकरणों में पक्षकारो के मध्य राजीनामे व लोक अदालत की भावना से प्रकरणों का निस्तारण किया गया।इसी प्रकार बिजली विभाग,बैंको व अन्य वित्तीय संस्थाओं, दूरसंचार,जलदाय विभाग के प्रि-लिटिगेशन संबंधित 3747 प्रकरणों के राजीनामे हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत में सम्मिलित किया गया था।जिसमे 187 प्रकरणों का राजीनामे से निस्तारण तथा 78,85,579 रू. के अवार्ड पारित किये गये। साथ ही बिजली के बकाया बिलों पर 50 प्रतिशत की भारी छूट के साथ प्रकरणों का निस्तारण किया गया। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय आमजन एवं पक्षकारों द्वारा उत्साहपूर्वक राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेकर लाभान्वित हुवे। इस अवसर पर लोक अदालत पीठ के सदस्य एवं तहसीलदार कपासन मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा,अधिवक्ता नरेन्द्र दाधीच, अधिवक्ता गोविंद सिंह पंवार आदि अधिवक्ताओं सहित न्यायालय रीडर गोपाललाल,अनिल मीना, दिलीप, कर्मचारी सोहनलाल पूर्बिया, धनराज मीना, हरिओम व्यास,लोकेश मीना, कमलेश कुडी, योगेन्द्र गहलोत, पुनीत गुर्जर,विष्णु शरणम, सुमित्रा, सहायक लोक अभियोजक अनिल गहलोत, कमलेश बारेगामा,ऋषि भट्ट, शाहरूख, शंभुलाल भील,पंकज भट्ट एवं विभिन्न विभागीय अधिकारी, कार्मिक,बैंको के शाखा प्रबंधक तथा पक्षकारान उपस्थित रहे।



# मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज कपासन की आयोजित बैठक में निर्विरोध चुनाव संपन्न

## समाज के अध्यक्ष पद लगातार तीसरी बार नंदकिशोर सोनी निर्विरोध नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की रविवार को आयोजित बैठक में निर्विरोध पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया।जिसमे अध्यक्ष पद पर समाजजनों द्वारा लगातार तीसरी बार नंदकिशोर टेलर को निर्वाचित घोषित किया गया। जानकारी अनुसार मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज कपासन के आराध्य श्री लक्ष्मीनाथ जी मंदिर परिसर में निर्वाचन अधिकारी राधेश्याम, शिवनारायण,रमेश चंद्र,घनश्याम की उपस्थिति में समाज सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे उपस्थित चुनाव अधिकारी द्वारा कपासन क्षेत्र के चुनाव के संबंधी पूर्ण जानकारी से समाजजनों को अवगत कराया गया। इसके उपरांत स्वर्णकार समाज के सदस्यों एवं गणमान्यजनों द्वारा मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज कपासन के अध्यक्ष पद पर लगातार तीसरी बार नंदकिशोर सोनी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।साथ ही नवयुवक मंडल अध्यक्ष पद पर संजय बवाल को नियुक्त किया गया।मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज कपासन के सदस्यों एवं गणमान्यजनों द्वारा सर्व सहमति से उक्त पदों हेतु सहमति प्रदान की गयी।बैठक में निर्वाचन अधिकारी द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर शुभकामनाएं दी गयी।इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।बैठक के अंत में मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज कपासन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी द्वारा उपस्थित समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# गणेश बाग रोड देवपुरा बूंदी में संदिग्ध गतिविधियो व लड़ाई-झगड़े में लिप्त 8 व्यक्ति गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा आईपीएस द्वारा जिला बून्दी में अवैध एंव सदिग्ध गतिविधियो की रोकथाम कर असामाजिक तत्वो के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे, जिस पर उमा शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व अरुण कुमार वृताधिकारी वृत बून्दी के निकटतम सुपरविजन में रमेश चन्द आर्य पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना सदर बृन्दी को जर्ये कन्ट्रोल रुम सूचना मिली कि गणेश बाग रोड हरिधाम कोलोनी बूंदी में लडाई झगडा हो रहा है कि सूचना पर रवाना होकर गणेश बाग रोड पहुंचा जहां पर बृजकंवर पत्नी गजेन्द्र सिंह निवासी मीलो का बरडा गणेश बाग बूंदी के मकान पर कुछ व्यक्ति लडाई झगडा कर रहे थे, जिनको छुडवाया वहां पर कुछ महिलाऐ व पुरुष थे जो संदिग्ध गतिविधियो में लिप्त नजर आये। बृजकंवर के सिर से खून निकल रहा था जिसको तुरन्त अस्पताल पहुंचाया गया व संदिग्ध युवक व युवतिया से पहचान पत्र इत्यादि मांगा तो कोई पहचान पत्र नहीं दिखाया उनसे नाम पता पूछा तो कोई संतोषप्रद जवाब नही दिया। जिस पर पूछताछ हेतु डिटेन कर थाना लेकर आये जिनसे नाम पता पुछा तो अपने नाम यशवन्त पुत्र बालकिशन जाति रेबारी निवासी मोहनपुरा थाना इन्द्रगढ जिला बूंदी, 2. सोनू पुत्र गुलाबचन्द जाति माली निवासी धाणा का बाडा हिण्डोली 3. नरेन्द्र सिंह पुत्र भागसिंह जाति राजपूत निवासी सरोण्डी थाना सरोण्डी जिला कोटपूतली, 4. मनीष पुत्र रतन लाल जाति माली निवासी



अमरसर थाना अमरसर जिला जयपुर ग्रामीण, 5. अनुराग जरैणा पुत्र मुरारी लाल मीणा निवासी दानालपुर, थाना श्रीमहावीरजी जिला करौली हाल कंचनजंघा अपार्टमेन्ट सैक्टर 8 इन्दिरा गांधी नगर थाना जगतपुरा जयपुर, 6. नवीन्द्र कुमार मीणा पुत्र शिवराम मीणा निवासी दादरेण पुलिस थाना बयाना जिला भरतपुर, 7. सुदीप्त सिंह पुत्र सत्यवीर सिंह जाति जाट निवासी सारस चैराहा भरतपुर थाना मथुरागेट जिला भरतपुर, 8. चरणजीत सिंह पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह जाति जाट निवासी गोपालनगर भरतपुर को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया। तथा 03 महिलाओ को बाद पूछताछ के वन स्टॉप सेन्टर बूंदी दाखिल करवाया गया।

# भीलवाडा एवं शाहपुरा जिलों को दो दिन नही मिलेगा चम्बल का पानी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के अन्तर्गत भीलवाड़ा एवं शाहपुरा जिलों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाती है। अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग परियोजना खण्ड़-प्रथम भीलवाड़ा अवजीत सिंह ने बताया कि चम्बल भीलवाडा पेयजल परियोजना के अन्तर्गत फेज 1, पेकैज ढ्ढ एवं ढ्ढढ्ढ के तहत रॉ एवं क्लियर वॉटर पम्पिग एवं ट्रांसमिशन सिस्टम तथा आरोली डब्ल्यूटीपी के वार्षिक संधारण एवं जनरल रिपेयर कार्य हेतु दिनांक 26.12.2024 प्रातः 7ः00 बजे से 36 घंटे का शटडाउन रहेगा। जिसके कारण भीलवाडा शहर सहित समस्त भीलवाडा एवं शाहपुरा जिले में दिनांक 26.12.2024 सांय से 28.12.2024 प्रातः तक चंबल से होने वाली पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने भीलवाडा शहर सहित भीलवाडा एवं शाहपुरा जिलेवासियो से अनुरोध किया है कि शटडाउन पूर्व पेयजल का समुचित भंडारण सुनिश्चित कर लेवे तथा पेयजल मितव्ययता से खर्च करें।

# उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्रों को सरकार द्वारा हर महीने मिलेंगे दो हजार रुपए

## 31 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** उच्च अध्ययन के लिए अपने घर से दूर किराए पर कमरा लेकर रहने वाले विद्यार्थियों को अब राज्य सरकार आर्थिक मदद दे रही है। ऐसे छात्रों को अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना के तहत हर महीने 2,000 रुपए यानी पूरे साल में 20,000 रुपए तक की सहायता राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस योजना के माध्यम से छात्रों को रहने और खाने के खर्च से राहत देने का काम किया है। ताकि छात्र पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें। इस योजना मे आवेदन की तिथि को बढ़ाकर अब 31 दिसंबर कर दिया गया है। जनसंपर्क अधिकारी मयंक गुर्जर ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी को आधार, जन आधार, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, जिला स्थित राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र, किराए के मकान का प्रमाण पत्र, किरायानामा, किराया रसीद, गत वर्ष उत्तीर्ण कक्षा की अंक तालिका एवं बैंक खाते का विवरण आदि दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। इच्छुक अभ्यर्थी ई-मित्र, एसएसओ आईडी से पोर्टल पर जन आधार के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# साइबर ठगी के मामले में 4 महीने से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी ( नि.स. )।** साइबर थाना पुलिस द्वारा जुलाई माह में तेलंगाना निवासी के साथ ऑनलाइन 1लाख 46 हजार की ठगी हुई थी । इस मामले में साइबर थाना पुलिस बूंदी द्वारा कार्रवाई करते हुए पूर्व में तीन आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी थी । इस पूरे मामले में जिस युवक के खाते में ?25000 तीन बार में ट्रांसफर किए गए, उसे मामले को लेकर मनीष मीणा नाम के युवक को साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया गया है ।जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भी भेज दिया गया है।

उक्त आरोपी मनीष मीणा साइबर ठगी के मामले में 4 महीने से फरार चल रहा था ,जो की मुख्य आरोपी का बड़ा भाई है, मनीष मीणा के अकाउंट में ?25000 शनिवार को 3 ट्रांजैक्शन किए गए थे, इस फरार आरोपी को साइबर थाना पुलिस ने वृताधिकारी खंड बूंदी अमर कुमार के नेतृत्व में मौकेंद्र पाल सिंह हेड कांस्टेबल साइबर थाना बूंदी की टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# भीलवाड़ा के ईट भट्ठो पर प्रवासी मजदूर परिवारों को दिया हेल्थ बजटिंग प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** सेंटर फॉर लेबर रिसर्च एंड एक्शन संस्था द्वारा संचालित हिट प्रवासी मजदूरों के बच्चों के लिए बालवाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं इस दौरान कार्यक्रम 10 भट्टों पर हेल्थ बजटिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जहां मजदूरों को हेल्थ पर बजट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया लोगों को नशा व अन्य अनावश्यक खर्चो को छोड़कर के बच्चों व स्वयं के स्वास्थ्य पोषण व शिक्षा पर खर्च करने को कहा गया , किस तरीके से छोटी-छोटी बचत उनके लिए आवश्यक है जो उनकी बड़ी जरूरत को पूरा कर सकती हे , पेकिंग फूड उनके ओर बच्चो के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हे उनको घर की बनी वस्तुएं उपयोग में लेनी के लाभ पर चर्चा की , प्राइवेट हॉस्पिटल की जगह सरकारी हॉस्पिटल के फायदे समझाए गए। जिला समन्वयक पूजा मेघवंशी ने बताया कि मजदूरों को 15 दिन की खर्ची मिलती हे उनके 15 दिन के खर्च के अनुसार जिसमें उनके राशन की एक पर्ची बनती हे कुछ उनको रोकड़ मिलता हे जो कि सीमित होता हे ,उसे वह अपना अगली खर्ची तक चलाना होता हे , मजदूरों में ज्यादातर परिवार देखा गया कि खर्ची के दिन मिला रोकड़ पैसा आदमी आधे से ज्यादा दारू , तंबाकू , भांग जैसी नशीले सेवन में खर्च कर देते हे ओर बाजार में पेकिंग फूड जो कि स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हे उस पर खर्च होता हे। भट्ठे पर बाहरी समान बेचने वाले भी खर्ची के दिन ही आते हे कपड़े , महिला के साझ सिंगार की वस्तुएं आदि । 15 दिन में खर्च होने वाला पैसा 2 दिन के खर्ची वाले अवकाश में खत्म हो जाता हे , जिससे कि न तो ये हरी सब्जियां खरीद पाते हे न ही बच्चों की शिक्षा की आवश्यकता को पूरा कर सकते हे । मजदूरों को छोटी छोटी पोषण वाटिका लगाकर वो ताजा हरी सब्जियां पा सकते हे जो कि कुछ परिवार ने लगाना भी शुरू किया हे। भीलवाड़ा में 10 केंद्र ( पवन , न्यू पवन, लक्ष्मी , शक्ति, गीता, जय श्री, जुगनू, चेतक, विनायक, प्रभु) ब्रिक्स पर प्रशिक्षण का आयोजन किया , इस प्रशिक्षण में हक फॉर चाइल्ड राइट्स से आए स्नेह भाटी ने प्रशिक्षण कर्ता के रूप में मजदूरों को जानकारी दी। व छ्र्रु की टिम से प्रेमी गुर्जर, महावीर प्रसाद तथा फिल्ड कार्यकर्ता की भागीदारी रही ।

# सुशासन सप्ताह के तहत टोडारायसिंह कस्बे में हुई जनसुनवाई, आमजन की समस्याओं का हुआ समाधान

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग भारत सरकार व जन अभियोग निराकरण विभाग राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार केकड़ी जिले के टोडारायसिंह कस्बे में समस्या समाधान शिविर आयोजित किया गया। पंचायत समिति सभागार में आयोजित इस शिविर में टोडारायसिंह उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल पारीक, नायब तहसीलदार मनीष मीणा, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा टोडारायसिंह क्षेत्र की जन शिकायतों का निस्तारण किया गया।

उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग की 8, पंचायत राज विभाग की 20, नगरपालिका की 9, चिकित्सा विभाग की 2, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग की 3, श्रम विभाग की 3, पुलिस विभाग की एक तथा बैंक की एक शिकायत सहित कुल 52 शिकायतें दर्ज की गई। इन सभी शिकायतों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज करवाया गया। इनमें से 36 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इनके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर कुल सात परिवाद प्राप्त हुए। उपखण्ड अधिकारी शर्मा ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को सम्पर्क पोटर्ल से प्राप्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिये, साथ ही समय पर उपस्थित होने एवं अपने अपने कार्यों को सही से संपादन करने की हिदायत दी। शिविर में समस्त ग्राम पंचायतों के संबधित ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी सहित समस्त ग्राम पंचायत स्तरीय कार्मिक व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



# ईमानदारी अभी जिंदा है, दुकानदार ने लौटाया रूपयो से भरा पर्स

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा( नि.स. )।** स्थानीय पुलिस थाना परिसर में रविवार दोपहर को एक दुकानदार ने एक पर्स जमा करवाकर ईमानदारी का परिचय दिया।

प्राप्त जानकारी अनुसार विनीत जनरल स्टोर के प्रोपराइटर गौतम स्वरूप जिसकी फैंसी की दुकान पुलिस थाने के पीछे है। वहां रविवार को कोई महिला अपना पर्स भूल गई थी। गौतम स्वरूप ने वह पर्स लाकर थाने में जमा करवाया, जिसको पुलिस थाना स्टाफ ने चेक किया तो उसमें लगभग दो हजार पांच सो रुपए थे।

फिलहाल खबर लिखे जाने तक ऐसी किसी महिला ने अपना पर्स खो जाने की रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई। लेकिन गौतम स्वरूप ने पर्स थाने में जमा करवाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। दुकानदार गौतम ने बताया कि उनकें पास सुबह एक ही महिला आई थी जो अपना पर्स उनकी दुकान पर ही छोड गई।



# राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा निंबाहेड़ा के चुनाव निर्विरोध संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**कपासन/चितौड़गढ़।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा निंबाहेड़ा के चुनाव अंबा माता मंदिर परिसर में रविवार को संगठन की आयोजित बैठक में निर्विरोध संपन्न हुवे।यहां पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया दौरान संगठन के चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष जयपाल बुरड़क एवं जिला मंत्री सुरेश कुमार पर्यवेक्षक तथा निर्वाचन अधिकारी रूप में उपस्थित रहे। इधर जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में उपशाखा निंबाहेड़ा अध्यक्ष पद पर सचिन मान,उपशाखा मंत्री विजेंद्र अवाना,कोषाध्यक्ष मुसद्दीलाल मीणा,ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेश माहिच,प्रमोद मीणा,ब्लॉक संयुक्त मंत्री रामगोपाल भादू,सभाध्यक्ष जसवंत यादव, ब्लॉक संगठन मंत्री अरविंद पूनिया,मीडिया प्रभारी अभिषेक चौधरी सहित ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य रूप में विमलेश सिहाग,अभय यादव, राजेश कुमार, बंटी प्रजापत को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। साथ ही बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा माल्यार्पण कर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर गिरिराज सिंह, हेमराज मीणा,मनोज कुमार,कुलदीप चौधरी,मुकेश भारद्वाज,सूर्यकांत चौधरी आदि संगठन के सदस्य अध्यापक उपस्थित रहे।

# चंबल नदी में 30 तारीख को बड़ी संख्या में किसान करेंगे जल सत्याग्रह



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( सुनील मेघवाल )।** केशोरायपाटन क्षेत्र के आड़ा गेला मंदिर परिसर में शुगर मिल पुनः संचालन की मांग को लेकर बैठक आयोजित की । बैठक में बड़ी संख्या में किसान पहुंचे किसानों द्वारा 30 तारीख को पाटन चंबल नदी में जल सत्याग्रह करने का निर्णय लिया गया। बैठक में दशरथ शर्मा ने बताया शुगर मिल को लेकर लड़ेंगे आर पार की लड़ाई, गिर्राज गौतम ने कहा किसानों को एक होकर संघर्ष करना होगा और ज्यादा से ज्यादा किसानों को आगे आना होगा यह एक जने की लड़ाई नहीं पूरे किसानो की लड़ाई है । बैठक में पंचायत समिति सदस्य देवकिशन मीणा ने संबोधित किया । क्षेत्रीय विधायक सीएल प्रेमी को अवगत करवाने के बाद भी किसान समर्थन सभा में नहीं पहुंचे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को तो चुनाव के समय याद आती है जनता ,किसानों से दूरी बनाई ।

### हिंदुस्तान जिंक की समाधान पहल से प्रदेश के 30 हजार से अधिक किसान लाभान्वित

# हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से पांच किसान एफपीओ के माध्यम से 5 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** हिन्दुस्ताान ज़िंक की समाधान परियोजना से जुडे किसान पन्ना लाल ने अमरूद की खेती के माध्यम से स्वयं को अर्थिक रूप से मजबूत किया है। मामूली उपज से शुरू कर, प्रशिक्षण सत्रों के दौरान सिखाई गई खेती की तकनीकों के माध्यम से उनकी आय केवल दो बार की फसल में लगभग 60 प्रतिशत तक बढ़ गई। अपनी सफलता से प्रेरित होकर, वह अब अपने समुदाय केअन्य किसानों को भी उन्नत कृषि तकनीक को अपनाने के लिए सलाह देते हैं, जिससे कृषि प्रगति की ओर अग्रसर है। डेयरी फार्मिंग में श्यामूबाई की सफलता समाधान परियोजना की उपलब्धी का एक ओरउदाहरण है। वें हिन्दुस्तान ज़िंक की समाधान पहल के तहत घाटावली माताजी किसान उत्पादक संगठन सदस्य बनीं। पशु चिकित्सा देखभाल, गुणवत्तापूर्ण चारा और गर्भाधान सहायता से उनका डेयरीउत्पादन 5 लीटर से बढ़कर 25 लीटर प्रतिदिन हो गया, जिससे उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने में मदद मिली। एफपीओ से जुड कर लाभदायक डेयरी व्यवसाय सेआज श्यामुबाई आत्मनिर्भर हो कर परिवार को सहारा दे रही हैं। उनकी कहानी सामूहिक उद्यम और आधुनिक संसाधनों द्वारा पोषित सशक्तिकरण का प्रमाण है। हिन्दुस्तान ज़िंक



लिमिटेड द्वारा समाधान पहल के माध्यम से, सस्टेनेबल कृषि पद्धति को बढ़ावा और आजीविका में सुधार कर प्रदेश में 30 हजार से अधिक किसानों के जीवन में सकारात्मक रूप सेबदलाव लाया जा रहा है। इसमें 6,900 से अधिक शेयरधारकों के साथ पांच किसान उत्पाद संगठन आई-एफपीओ हैं, जिन्होंने दो लघु उद्यमों डेयरी इकाई - गौयम और मिनरल मिक्सचर इकाई के तहतवित्त वर्ष 24 में लगभग 5 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। समाधान पहल किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सस्टेनेबल सिंचाई विधियों को अपनाने, मवेशी पालन और बागवानी जैसीलाभदायक पद्धतियों को एकीकृत करने के लिए आवश्यक उपकरण और नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराती है। अपनी स्थापना के बाद से, समाधान पहल ने उन्नत कृषि पद्धतियों में 5 हजार से अधिक किसानों को प्रशिक्षित किया है। क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से 10 हजार किसानों को लाभान्वित किया है। कृषि उद्यमिता में 4,300 महिलाओं को सहायता प्रदान की है। मई 2022 से सामूहिक प्रयासों के माध्यम से 389 किसान हित समूहों की स्थापना कर 79 लाख रुपये से अधिक का राजस्व उत्पन्न किया।परियोजना का विस्तार करते हुए, डेयरी प्रसंस्करण इकाइयों जैसे लघु उद्यम भी शामिल हैं, जो प्रतिदिन 1200 लीटर तक दूध का प्रसंस्करण करते हैं। इस प्रकार आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर ग्रामीणअर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी हैं। कृषकों के लिये समाधान परियोजना के अलावा हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा सीएसआर के तहत् शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण, जल और स्वच्छता, कौशल विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार सहित विभिन्न विषयगत क्षेत्रों में योगदान दिया है। शिक्षा संबल, ऊंची उड़ान और नंद घर पहलों के माध्यम से कंपनी ने 3,700 गांवों केलगभग 20 लाख लोगों को लाभान्वित किया है। डिजिटल साक्षरता, छात्रवृत्ति, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण खेलों पर केंद्रित प्रयासों ने इन समुदायों के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने को और मजबूतकिया है। यह प्रयास परिचालन क्षेत्रों में सतत और समावेशी विकास बनाने के लिए हिंदुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। भारत की शीर्ष 10 सीएसआर कंपनियों में से हिंदुस्तान जिंक आने वालीपीढ़ियों के लिए सस्टेनेबल और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अभिनव प्रयासों और सहयोगी पहलों के माध्यम से देश के कृषक समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित है।



### 'नवोत्कर्ष विक्रम संवत 2081' कार्यक्रम आयोजित

# राष्ट्र भूभाग नहीं सनातन मूल्य से जुड़ा विचार और संस्कृति : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राष्ट्र कोई भूभाग भर नहीं होता है, यह संस्कृति और सनातन मूल्य से जुड़ा विचार है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम है और बाद में सब है, इस मानसिकता का प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल में जो संस्कार मिलते हैं, उसी से भविष्य का विचार बनता है। उन्होंने देश में मैकाले द्वारा प्रारंभ शिक्षा पद्धति की चर्चा करते हुए कहा कि इसके जरिए भारतीय संस्कृति को जड़ों से उखाड़ने के निरंतर प्रयास हुए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को कभी कोई मिटा नहीं सकता क्योंकि यह हमारे रक्त में घुला है।

श्री बागडे रविवार को एक होटल में 'नवोत्कर्ष विक्रम संवत 2081' कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को मिटाने का निरंतर प्रयोग होता रहा, पर यह जीवंत संस्कृति है। उन्होंने प्राचीन भारतीय आविष्कारों की चर्चा करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने आजादी से पहले गजट में लिखा है कि भारत में जितने गुरुकुल हैं, उतने ब्रिटेन में भी नहीं है। उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत, दशमलव के प्रयोग आदि की चर्चा करते हुए कहा कि वैदिक काल से हमने उन सिद्धांतों को स्थापित कर दिया जो बाद में पश्चिम ने अपने नाम किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का गौरवमय इतिहास शिक्षा पद्धति से ही पता चलता है। भारतीयता के विचार से ही देश में नई शिक्षा नीति बनाकर लागू की गई है। इसे सभी प्रभावी रूप में क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस देश के लोग अपने इतिहास को भूल जाते हैं, उनका भूगोल भी कम होता जाता है। इसलिए सनातन भारतीय मूल्यों के लिए सभी मिलकर कार्य करें। भारत को विकसित राष्ट्र बनाएं। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री रामचरण बोहरा ने सभी का आभार जताया। राज्यपाल ने आरंभ में नवोत्कर्ष फाउंडेशन द्वारा प्राचीन भारत के गौरवमय शासकों, सनातन संस्कृति से जुड़ी चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

# जिला प्रशासन द्वारा की जा रही घायलों एवं मृतक परिजनों के ठहरने एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था

## अतिरिक्त उपायुक्त, निगम एवं जिला रसद अधिकारी को नियुक्त किया गया नोडल अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों की पालना में जिला प्रशासन द्वारा दिल्ली-अजमेर हाईवे पर शुक्रवार को घटित दुर्घटना के घायलों एवं मृतकों के परिजनों के रात्रि विश्राम एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की जा रही है। घायलों एवं मृतकों के परिजनों के रुकने, शयन करने एवं भोजन की गुणवत्ता पूर्ण व्यवस्था हेतु अतिरिक्त उपायुक्त, जयपुर नगर निगम श्रीमती सीमा कुमार एवं जिला रसद अधिकारी श्री त्रिलोकचंद मीणा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उक्त अधिकारियों द्वारा दुर्घटना के घायलों एवं मृतक आश्रितों के लिए रात्रि विश्राम एवं भोजन गुणवत्तापूर्ण इंतजाम सुनिश्चित किये जा रहे हैं।

# युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** शहर के पुर थाना इलाके में स्थित ओवर ब्रिज के निकट रविवार सवेरे एक युवक की लाश मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एक और जहां परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है तो वहीं दूसरी ओर पुलिस भी मामले को संदिग्ध मानते हुए गहनता से जांच कर रही है। पुर थाना अधिकारी जय सुल्तान ने बताया राजू रेगर पिता हीरालाल रैगर निवासी बिलिया खुर्द पुर रोड कल शाम करीब 7:00 बजे बर्थडे पार्टी में जाने की बात कह कर किराएदार के साथ घर से निकला था, जिसकी आज रविवार को सेवर पुर ओवर ब्रिज के पास बॉडी मिली, पुलिस ने शव को एमजी मोर्चरी पहुंचकर इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने एमजी हॉस्पिटल मोर्चरी पहुंच कर हत्या का आरोप लगाते हुए मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस ने भी मामले को संदिग्ध मानते हुए मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की गहनता से जांच शुरू की है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी के 106 मामलों का निपटारा, बिजली निगम के बकायादारों से 14 लाख से अधिक का राजस्व वसूला

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ।** सैपऊ उपखंड के न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट परिसर में रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट रेणु कुमारी गोयल की अध्यक्षता में फौजदारी के 106 मामलों का राजीनामा कराकर निपटारा किया है। इसके साथ ही बिजली निगम ने बकाया बिलों में छूट देकर 14 लाख से अधिक राजस्व वसूल किया है। एसडीएम हेमंत कुमार घनघोर ने बताया कि सैपऊ उपखंड मुख्यालय स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मजिस्ट्रेट रेणु कुमारी गोयल की अध्यक्षता में किया गया। इसमें फौजदारी के 106 मामलों का निस्तारण राजीनामा कराकर कराया गया है। कोर्ट में विचाराधीन चल रहे फौजदारी के मामलों में दोनों पक्षों से समझाइश कर गिले शिकवे दूर कराकर राजीनामा कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि विद्युत निगम और आम जन के विवाद बकाया राशि को लेकर लंबे समय से चल रहे थे। विद्युत निगम के अधिकारी व पक्षकारों को एक जाजम पर बिठाकर निस्तारण कराए गए हैं। एसडीएम ने बताया जिन उपभोक्ताओं पर विद्युत निगम की राशि 1 लाख से अधिक बकाया चल रही थी, उन्हें 50 फीसदी छूट देकर राशि जमा कराई गई है। विद्युत निगम द्वारा 14 लाख 50 हजार का राजस्व वसूल किया है।

# रिंकी बोहरा को ज्योतिष रत्न की उपाधि से किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**निवाई/टोंक (का.स.)।** अखिल भारतीय 22 वें ज्योतिष महासम्मेलन, विश्व शान्ति महायज्ञ एव दिक्षान्त समारोह का आयोजन जानकी बाई गेस्ट हाउस टोंक में किया गया । समारोह में निवाई निवासी पूर्व सहवरण पार्षद व जिला काग्रेस कमेटी की सचिव रिकी बोहरा को ज्योतिष कार्य हेतु ज्योतिष रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया ।अखिल भारतीय ज्योतिष संस्था संघ (प.) नई दिल्ली एव मनु ज्योतिष एव वास्तु शोध संस्थान टोक के सयुंक्त तत्वावधान मे जानकी बाई गेस्ट हाउस मे आयोजित ज्योतिष महासम्मेलन के समापन के अवसर पर दिक्षान्त समारोह मे रिकी बोहरा को ज्योतिष रत्न की उपाधि प्रदान की गई । उल्लेखनीय है कि कुमारी मनु की पुण्य स्मृति पर प्रति वर्ष आयोजित होने वाले इस ज्योतिष महासम्मेलन मे देश विदेश सहित प्रदेश के अनेक सम्मानित ज्योतिषाचार्य एव खगोलशास्त्री, वास्तुशास्त्र एवं अनेक विद्वानों ने भाग लिया।

### पेंशनर समाज का जिला स्तरीय वार्षिक अधिवेशन हुआ आयोजित

# पेंशनर समाज की मुख्य धुरी : मंत्री संजय शर्मा

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में रविवार को राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा अलवर का जिला स्तरीय वार्षिक अधिवेशन, स्मारिका विमोचन व पेंशनर सम्मान समारोह आयोजित हुआ। वन मंत्री शर्मा ने सभी पेंशनरों की दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के पेंशनरों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और उनकी सभी समस्याओं का हरसंभव समाधान करने का सकारात्मक प्रयास करती आ रही है। उन्होंने पेंशनर समाज को साधुवाद देते हुए कहा कि पेंशनर समाज द्वारा निरन्तर सामाजिक सरोकार के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स अनुभवी व्यक्ति होते हैं अतः केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अपने आसपास के लोगों को जागरूक कर योजनाओं से लाभांवित कराने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पेंशनर समाज की सभी न्यायोचित मांगों को राज्य सरकार स्तर से पूरा कराने का सकारात्मक प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ वरिष्ठजनों को देने के लिए सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले पेंशन लाभ को बढाकर 1150 रूपये किया है ताकि वे किसी अन्य पर आश्रित न रहकर अपना जीवन स्वाभिमान के साथ व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा तीर्थयात्रा योजना के तहत बडी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों को भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों की बस, रेल व हवाई जहाज के माध्यम से यात्रा कराई गई है। इस दौरान उन्होंने स्मारिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में 90 वर्ष से अधिक के 21 व्यक्तियों एवं 75 वर्ष से अधिक के 111 व्यक्तियों का माला पहनाकर व शॉल ओढाकर तथा बैग प्रदान कर सम्मान किया। पेंनशर समाज के जिला अध्यक्ष श्री मधुसूदन शर्मा ने पेंशनर समाज द्वारा की गई गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर पेंशनर समाज के पदाधिकारी एवं बडी संख्या में पेंशनर्स व उनके परिजन मौजूद रहे।

# बद्रीनाथ मंदिर व गांव में विकास कार्यों के लिए विधायक को दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** श्री श्याम सखा परिवार नटवाड़ा के शिष्ट मंडल ने निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा को श्री बद्रीनाथ मंदिर तथा ग्राम पंचायत नटवाड़ा में विकास कार्यों हेतु व्यवस्थाओं के लिए ज्ञापन दिया गया। ग्राम पंचायत नटवाड़ा में बाईपास तिराहे पर बस स्टैंड निर्माण, श्री बद्रीनाथ मंदिर परिसर में सुलभ शौचालय निर्माण, हाई मास्क लाइट लगवाने, हेरिटेज धार्मिक संरक्षण आदि को लेकर ज्ञापन दिया गया।

जिस पर विधायक वर्मा द्वारा जल्द ही उक्त कार्यों को करवाए जाने का आश्वासन दिया गया। श्री बद्रीनाथ मंदिर की महिमा के अनुसार मुख्य मार्ग पर विशाल तोरण द्वार बनवाए जाने का भी आग्रह किया गया। इस अवसर पर रामदेव प्रजापत, बद्री विजय, तेजभँवर सिंह राठौड़, साँवरा जोशी, मुकेश कीर, जितेंद्र विजय, ज्ञानप्रकाश बोकण, हीरा लाल कसाणा, देवलाल गुर्जर, हेमराज बोकण, नेहनू लाल गुर्जर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# फुलेरा की बेटी नेहा खारडिया को पीएचडी की उपाधि, बधाई देने वालों का लगा तांता




बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( सत्यनारायण कुमावत )।** कस्बे के दादू नगर कॉलोनी निवासी प्रेम प्रकाश वर्मा की सुपुत्री नेहा खारडिया ने 21 दिसंबर 2024 को राजस्थान के राज्यपाल हरीभाऊ किशन राव बागडे से डॉक्टरेट पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अपने परिवार सहित फुलेरा का नाम रोशन किया ।नेहा ने यह उपाधि राजस्थान कृषि महाविद्यालय महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर से मृदा विज्ञान(सॉइल साइंस) विषय में डॉ. पीडी सिंह के मार्गदर्शन में अर्जित की है। नेहा खारडिया ने जस्ता रूपांतरण, उपयोग क्षमता औरगेहूं(ट्रिटिकम एस्टिवम एल.) की उत्पादकता पर जस्ता अनुप्रयोग का प्रभाव विषय पर गहन अध्ययन किया। नेहा खारडिया ने अपनी उपलब्धि के लिए अपने दादा बद्री नारायण खारड़िया, दादी श्रीमती ग्यारस देवी, व माता-पिता भंवरी देवी/प्रेम प्रकाश वर्मा को श्रेय दिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : आपसी सहमति से निपटेंगे लम्बित व विवाद पूर्ण मुकदमे

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद में आज चतुर्थ राष्ट्रीय अदालत का आयोजन किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजसमंद कार्यालय में आज चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में राजसमंद के सभी न्यायालयों में राजीनामा योग्य लम्बित एवं विवाद पूर्ण श्रेणी के मुकदमों का आपसी सहमति से शीघ्र निस्तारण किया जाएंगे। शुभारंभ के दौरान अश्विनी कुमार यादव, न्यायाधीश, एमएसीटी न्यायालय, संतोष अग्रवाल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजसमंद एवं साक्षी शर्मा, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजसमंद उपस्थित रहे। इस दौरान राजसमंद क्षेत्र के बैंक, विभाग, वित्तीय संस्थानों से आए प्रतिनिधि व कर्मचारी मौजूद रहें। चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकदमों को निपटाने के लिए कई लोग पहुंचे।

### एम बी सी के 55 जवानों ने एक-47 सहित विभिन्न हथियार से साधे अपने निशाने

# कुंवारिया फायरिंग रेंज पर निशाने साधने का सलाना अभ्यास जारी

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद जिले के कुंवारिया कस्बे के फायरिंग रेंज में आज मेवाड़ भील कोर बी कंपनी की सालाना चांदमारी करवाई गई, यह फायरिंग इंचार्ज उप निरीक्षक निर्भय सिंह के नेतृत्व में की गई जहां 55 जवानों ने एक-47 सहित विभिन्न हथियार से अपने निशाने साधे उप निरीक्षक निर्भय सिंह ने बताया कि अपराधियों से निपटने के लिए कुंवारिया फायरिंग रेंज पर आज मेजर श्री लाल शंकर, अमृत लाल ,आर मोरर मदनलाल अलोडिया, जयप्रकाश यादव, बिगुलर प्रकाश चंद्र द्वारा मेवाड़ भील कोर के हेड कांस्टेबल 4, कांस्टेबल 47, महिला कांस्टेबल 4 सहित 55 जवानों ने मजबूत पकड़ के साथ श्वास रोक कर बारी-बारी से अपने निशाने साधे। बताया कि जवानों ने 100 से 200 गज की दूरी पर अपने टारगेट लगाया है। किसी ने बुल ने किसी ने इनर किसी ने मेघ पाई, आउटर पर भी निशाने लगे हैं। जवानों को राइफल से 20 राउंड कार्बइन मशीन से 10-10 राउंड वह एलएनजी के 50 राउंड करवाए गए ऐसे में जवानों में काफी उत्साह देखा गया वहीं जवानों ने एसएलआर 7.62एमएम, इंसास 5.56एमएम, एके-47, कार्बाइन 9एमएम, 12 बोर पंप एक्शन से चांदमारी की गई।उप निरीक्षक में हिट फायरिंग की गई बटालियन के हेड कांस्टेबल लाल शंकर,लहर सिंह, अमृतलाल व शारदा ने 25 गज की दूरी पर कार्बाइन 9एम एम, मशीन से फिगर इलेवन टारगेट टांगों पर फायरिंग की है वही फायरिंग रेंज पर जवानों को हथियार साफ सफाई के तौर तरीके बताए गए हथियार सफाई किए गए निशाने साधने में जवानों में खासा उत्साह देखा गया।

# किसान दिवस की तैयारियों को दिया जा रहा है अंतिम रूप

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** किसान महापंचायत निवाई के पदाधिकारियों एवं किसानों ने मिलकर गांव-गांव संपर्क करके लोगों को किसान दिवस के बारे में अवगत करवाया गया । ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि समिति के पदाधिकारियों ने किसानों को बताया कि सब किसान एक साथ मिलकर किसान दिवस मनाएंगे जिससे सरकार को किसानों की ताकत के बारे में पता चल सके। किसानों की एकता का परिचय देना है इसको लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है किसान अपने-अपने साधनों से ट्रैक्टर ट्रॉली मोटरसाइकिल जीप कार एवं अन्य साधनों के माध्यम से अपने गंतव्य स्थान से रवाना होकर 10 बजे बरोनी एचपी पेट्रोल पंप के पास एकत्रित होंगे जहां पर चाय नाश्ता करने के बाद पूरे लवाजमें के साथ रवाना होकर कृषि उपज मंडी टोंक पहुंचेंगे और अपनी एकता का परिचय देंगे । जिला मंत्री शंकर लाल मीणा कोषाध्यक्ष, मोहनलाल चौधरी, कमलेश चौधरी ,लक्ष्मण मीणा ,गोविंद चौधरी ,रामस्वरूप चौधरी ,खेमराज मीणा, राजेश सैनी ,कालूराम मीणा ,बाबूलाल मीणा ,रामजी लाल बैरवा ,शंकर लाल मीणा ,भगवती प्रसाद शर्मा, राधा कृष्ण मीना ,बद्री गुर्जर सहित अन्य किसानों को कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी दी गई ।

# दूसरों से कपड़े उधार लेकर पहनती हैं मिर्जापुर की गोलू

## श्वेता त्रिपाठी बोलीं- इलेक्ट्रिसिटी बचाने के लिए बिना धोए और प्रेस किए कपड़े पहनती हूं

एक्ट्रेस श्वेता त्रिपाठी को वेब सीरीज 'मिर्जापुर' से बड़ी पहचान मिली है। इस सीरीज के तीसरे सीजन के बाद श्वेता की 'ये काली काली आंखें' का दूसरा सीजन भी नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो चुका है। हाल ही में एक्ट्रेस ने इस सीरीज को लेकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने एक्टिंग के अलावा सामाजिक और पर्यावरण में हो रहे बदलाव के बारे में भी बात की। एक्ट्रेस ने बताया कि हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि धरती को बचाने में अपना योगदान दें। एक्ट्रेस ने इंटरव्यू के दौरान इस बात का भी खुलासा किया कि वो दूसरों से कपड़े उधार लेकर पहनती हैं। ऐसा उन्होंने क्यों कहा, इस इंटरव्यू में आगे जानेंगे। **बहरहाल, पेश है उनसे हुई बातचीत के कुछ खास अंश....**



**किसी सीरीज का जब कोई किरदार लोकप्रिय होता है, तो उसके अगले सीजन में किरदार को और इंटरेस्टिंग बनाने में किस तरह की चुनौतियां आती हैं?**

पहले सीजन में दिल और दिमाग में जो आता है, वही करते हैं। जब शो लोकप्रिय हो जाता है, तब लोग थोड़ा क्रिटिकल हो जाते हैं। हालांकि, मुझे नहीं लगता कि इसके बारे में एक्टर को सोचने की जरूरत है। मिर्जापुर में गोलू की अब तक की जर्नी दर्शक देख ही चुके हैं। 'ये काली काली आंखें' का सीजन 2 भी स्ट्रीम हो रहा है। मेरा मानना है कि सच्चे मन और प्यार से कोई भी शो बनाया जाए और एक्टर उसी समर्पण भाव से काम करे, तो दर्शक उस शो को पसंद करते ही हैं।

**अब तब आपने जितने किरदार निभाएं हैं, उनमें से किसी रियल किरदार से मिलना हुआ है?**

मैंने वेब सीरीज 'कालकूट' में एसिड अटैक सर्वाइवर का किरदार निभाया था। उस दौरान मैं कुछ लोगों से मिली थी और उन्हें एसिड अटैक विक्टिम बुलाती थी। हालांकि, वे अपने आपको सर्वाइवर बुलाती हैं। उनकी यह बात सही भी है, क्योंकि वे सर्वाइव कर रही हैं। हमनें उन्हें विक्टिम बनाया है। उनके भी अपने सपने होते हैं, लेकिन जब उनका सपना टूटता है, तो वह सपना सिर्फ उनका नहीं, बल्कि पूरे परिवार का होता है। 'मिर्जापुर' और 'ये काली काली आंखे' के अलावा 'कालकूट' को भी लोगों ने बहुत पसंद किया है।

**अब तक आप कई यादगार किरदार निभा चुकी हैं, इंडस्ट्री में आने से पहले बॉलीवुड की अभिनेत्रियों के बारे में आपकी क्या सोच थी?**

हीरो-हीरोइन या किसी भी परफॉर्मिंग एक्टर को काम अच्छा करना चाहिए। राइटर-डायरेक्टर ने जिस किरदार को लिखा है, उस किरदार में जान और सांस डाल देनी चाहिए। यही मेरी सोच है। मेरे लिए यह कोई मायने नहीं रखता है कि आप कैसे दिखते हैं और हाइट कितनी है।

यह समाज हमें बताता है कि हीरो-हीरोइन को किस तरह से दिखना चाहिए। रूप रंग और हाइट आप पर थोपे जाते हैं। यह आपके ऊपर निर्भर करता है कि इस चैलेंज को कैसे लें। मुझे चैलेंज लेने में बहुत मजा आता है।

**समाज की जब इस सोच के साथ आप इंडस्ट्री में आईं, तो किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा?**

**मुझे इस बात का कभी फर्क नहीं पड़ा कि मेरी हाइट कम है। एक जगह प्रॉब्लम होती है, जब पार्टी में होते हैं। म्यूजिक बजता है और दोस्त लंबे होते हैं। तब सुनाई नहीं देता कि वे क्या कह रहे हैं। मैंने जीवन को हमेशा से ही सहज बनाकर रखा है। अपनी जिंदगी को जितना कठिन बनाएंगे, जिंदगी उतनी ही कठिन रहेगी। मैंने कम हाइट को कभी भी अपनी कमजोरी नहीं बनने दी।**


**इंडस्ट्री में कभी किसी के साथ प्रतिस्पर्धा महसूस हुई?**

नहीं, मैंने जिसके भी साथ काम किया है, सबने बहुत ही सपोर्ट किया। 'मसान' में ऋचा चड्ढा और 'हरामखोर' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी से बहुत कुछ सीखने को मिला था। ये मेरे करियर की शुरुआती दौर की फिल्में हैं।

# मुकेश खन्ना ने रणबीर के राम बनने पर कसा तंज

## कहा- जो राम का किरदार निभाए वो रावण जैसा नहीं दिखना चाहिए

रणबीर कपूर जल्द ही नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में प्रभु राम का किरदार निभाने जा रहे हैं। इस बीच मुकेश खन्ना ने रणबीर कपूर पर तंज किया है। उन्होंने रणबीर को लंपट छिछोरा तक कह दिया है।



**फिल्म रामायण में राम के रोल को लेकर बोले मुकेश खन्ना**-मुकेश खन्ना से मिड-डे ने इंटरव्यू के दौरान एक सवाल पूछा कि भगवान राम की भूमिका निभाने वाले रणबीर कपूर के बारे में आपकी क्या राय है? जिसका जवाब देते हुए मुकेश खन्ना ने अपना आइडिया शेयर करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि उन पर सभी के बारे में कमेंट करने के आरोप लगाए जाते हैं।

**जो राम का किरदार निभाए वो रावण जैसा न दिखे- मुकेश**-बातचीत के दौरान मुकेश खन्ना से एक सवाल और पूछा गया कि उन्हें क्या लगता है कि इंडस्ट्री से भगवान राम की भूमिका के लिए कौन सबसे परफेक्ट है, तो मुकेश खन्ना ने कहा कि जो भी भूमिका निभाता है उसे उस किरदार को अपनाना चाहिए। उसे रावण जैसा नहीं दिखना चाहिए।

**इनडायरेक्टली रणबीर को कहा छिछोरा**-मुकेश खन्ना ने रणबीर कपूर पर इनडायरेक्टली तंज करते हुए आगे कहा, 'अपनी रियल लाइफ में अगर कोई लंपट छिछोरा हैं, तो वो स्क्रीन पर भी ऐसा ही दिखाई देगा। यदि आप राम का किरदार निभा रहे हैं, तो आपको राम जैसा लगना पड़ेगा। उसे पार्टी करने और शराब पीने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। लेकिन मैं कौन होता हूँ यह तय करने वाला कि राम की भूमिका कौन निभाएगा।

**फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी**-बता दें, फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभाएंगे और साई पल्लवी सीता का किरदार निभाएंगी। वहीं, सुपरस्टार यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी, जिसका पहला पार्ट 2026 में दिवाली के मौके पर रिलीज होगा और दूसरा पार्ट 2027 में रिलीज होगा। रिपोर्ट्स की मानें तो ये भी कहा जा रहा है कि इस फिल्म में सनी देओल भगवान हनुमान की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, अब तक एक्टर या मेकर्स ने इस पर कोई जानकारी नहीं दी है।



# सास का रोल नहीं करना चाहती थीं अमीषा पटेल

गदर 2 की शूटिंग के दौरान डायरेक्टर से बात नहीं की थी, अनिल शर्मा ने शेयर किया किस्सा फिल्म मेकर अनिल शर्मा इन दिनों अपनी फिल्म वनवास को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच उन्होंने गदर- 2 में अमीषा पटेल को कास्ट करने के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में एक्ट्रेस सास का रोल नहीं निभाना चाहती थीं।

### अमीषा पटेल की उम्र को लेकर बोले अनिल शर्मा

सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत के दौरान अनिल शर्मा ने कहा कि अमीषा पटेल को गदर 2 में उतनी जगह नहीं मिल पाई जितनी गदर में मिली थी। वो समझ नहीं पाईं कि उम्र भी एक चीज होती है। जब आप जीते की मां हैं तो आपको उसकी वाइफ की सास भी बनना पड़ेगा।

### कलाकार को हर तरह को रोल करना पड़ता है- अनिल

अनिल ने आगे कहा- मैं ये मानता हूं कि उन्होंने अपने आप पर काफी मेहनत की है। लेकिन वो हैं तो एक कलाकार ही तो हर तरह का रोल करना पड़ेगा। नरगिस भी तो मदर इंडिया में मां बनी थीं। वो तो तब काफी यंग थीं।

### शूटिंग के दौरान डायरेक्टर से बात नहीं की थी- अमीषा

अमीषा पटेल भी पुराने कई इंटरव्यू में अनिल शर्मा के साथ क्रिएटिव डिफरेंस के बारे में बात कर चुकी हैं। एक पुराने इंटरव्यू में अमीषा पटेल ने बताया था कि उन्होंने शूटिंग के दौरान डायरेक्टर अनिल शर्मा से बात नहीं की थी। एक्ट्रेस ने ये भी कहा था- मैं उनकी बहुत इज्जत करती हूं। जिसकी वजह से हमारे रिलेशनशिप पर कभी भी कोई असर नहीं पड़ा। गदर 2 की शूटिंग 30-40 दिन के लिए शेड्यूल थी।

### साल 2023 में रिलीज हुई थी गदर 2

बता दें, अमीषा पटेल आखिरी बार सनी देओल के साथ फिल्म गदर 2 में नजर आई थीं। ये फिल्म सिनेमाघरों में 11 अगस्त 2023 को रिलीज हुई थी। 22 साल के बाद गदर 2 सिनेमाघरों में उतनी ही हिट हुई जितनी गदर हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 670 करोड़ की कमाई कर कई रिकॉर्ड ब्रेक किए थे।

# दिवंगत एक्ट्रेस स्मिता पाटिल की बायोग्राफी करना चाहती हूं:टीवी एक्ट्रेस राजश्री ठाकुर बोलीं- वे हर किरदार को बेहद ईमानदारी से निभाती थीं



राजश्री ठाकुर, जिन्होंने सलोनी के किरदार में अपनी पहचान बनाई थी, इन दिनों टीवी शो बस इतना सा ख्वाब में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान, एक्ट्रेस ने अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ के बारे में कुछ दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने दिवंगत एक्ट्रेस स्मिता पाटिल की बायोग्राफी में काम करने की इच्छा भी जताई। पढ़िए बातचीत के कुछ प्रमुख अंश:

**शुरुआत में जब आपने घर पर कहा कि आप एक्ट्रेस बनना चाहती हैं, तो घर वालों का क्या रिएक्शन था?**

मैं मराठी परिवार से हूं, जहां पढ़ाई और एक अच्छी नौकरी हमेशा प्राथमिकता दी जाती थी। उस समय बैंक की नौकरी को सबसे सुरक्षित और सम्मानजनक माना जाता था। लेकिन मुझे यह सब नहीं करना था। जब मैंने घर पर कहा कि मुझे एक्ट्रेस बनना है, तो पापा कई दिनों तक मुझसे बात ही नहीं कर रहे थे। हालांकि, जब उन्होंने मेरा काम देखा और लोगों से मुझे मिलता प्यार देखा, तो उनकी सोच बदल गई। फिर वही पापा बोले, यही तुम्हारा सही ख्वाब है, और तुम जो कर रही हो, वो बहुत अच्छा कर रही हो। यह मेरे लिए एक बड़ा पल था, जिसने मेरे ख्वाब को और भी खास बना दिया।

# शाहरुख ने नहीं मारा था हनी सिंह को थप्पड़

## डॉक्यूमेंट्री में रैपर बोले- उनके साथ परफॉर्म नहीं करना था, इसलिए मग से अपना सिर फोड़ा




शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस में हनी सिंह ने लुंगी डांस सॉन्ग को आवाज दी थी। गाने को पॉपुलैरिटी मिलने के बाद शाहरुख, हनी सिंह को अपने साथ शिकागो शो में लेकर गए थे, लेकिन उस शो में सिंगर ने परफॉर्म ही नहीं किया। कुछ समय बाद खबरें आईं कि शाहरुख खान ने सिंगर और रैपर हनी सिंह से झगड़ा होने पर उन्हें थप्पड़ मारा है। अब सालों बाद हनी सिंह ने अपनी डॉक्यूमेंट्री में इस मामले की पूरी सच्चाई उजागर की है।

हनी सिंह की डॉक्यूमेंट्री यो यो हनी सिंह: फेमस 20 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। इस डॉक्यूमेंट्री में हनी सिंह ने शाहरुख से झगड़े का कारण बताया है। उन्होंने कहा है, किसी ने ये अफवाह फैला दी कि शाहरुख खान ने हनी सिंह को थप्पड़ मारा है। वो आदमी (शाहरुख) मुझे इतना प्यार करता है कि कभी कुछ नहीं मारेगा। अब बताता हूं 9 साल बाद क्या हुआ। ये बात किसी को भी नहीं पता है, आज इस कैमरे के सामने बताने जा रहा हूं।

आगे सिंगर ने कहा, जब वो मुझे लेकर गए शिकागो के शो में, तो मुझे वो शो नहीं करना था। मुझे लगा था कि शो में मेरी मौत हो जाएगी। मैं तैयार नहीं हो रहा था। शाहरुख ने कहा, मुझे तैयार करो, मेरी मैनेजमेंट टीम आ गई। मेरे साथ कोई थे, उन्होंने कहा तैयार हो, मैंने कहा, मैं नहीं जा रहा हूं, बोल दिया न। मैं वॉशरूम में गया, मैंने ट्रिमर निकाला और अपने बाल ट्रिम कर दिए।

# ममता कुलकर्णी बोलीं- मेरा ड्रग्स से कोई वास्ता नहीं:

## सिर्फ विक्की गोस्वामी के संपर्क में थी; ड्रग माफिया के तौर पर मशहूर है गोस्वामी

एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी ने 25 साल बाद मुंबई वापसी और ड्रग माफिया विक्की गोस्वामी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि जेल में रहकर विक्की ने पहली बार उन्हें मिलने के लिए बुलाया था। 2016 तक वे विक्की के टच में थीं। इसके बाद उन्होंने कभी भी विक्की से कॉन्टैक्ट करने की कोशिश नहीं की। ममता ने आगे कहा कि वे बॉलीवुड में काम करने के लिए मुंबई वापस नहीं आई हैं। न ही वे एक्ट्रेस के तौर पर कमबैक करना चाहती हैं।

### ममता बोलीं- ड्रग की दुनिया से मेरा रिलेशन नहीं, सिर्फ विक्की से जुड़ी थी

न्यूज एजेंसी के साथ बातचीत में ममता ने कहा- मेरा डी ( ड्रग ) की दुनिया से कोई संबंध नहीं है। मैं इन लोगों से कभी नहीं मिली। हां, मैं विक्की गोस्वामी से जुड़ी थी। 1996 में मेरी आध्यात्मिक यात्रा शुरू हुई। उसी वक्त मेरी लाइफ में एक गुरू आए। जब विक्की दुबई के जेल में था, तो उसने मुझे मिलने के लिए बुलाया था। जब मैं उससे मिली, मैंने 12 साल बिताए। फिर मैं ध्यान तप और पूजा-पाठ में व्यस्त हो गई। जब वह 2012 में जेल से बाहर आया, तब तक मेरी सारी इच्छाएं खत्म हो चुकी थीं। प्यार करना या शादी करना, कुछ नहीं बचा था। मैंने तय कर लिया था कि जब तक वह बाहर नहीं आता, मैं इंडिया वापस नहीं जाऊंगी। फिर वह केन्या चला गया और मैं 20212-13 के आसपास कुंभ मेले के लिए भारत आई।

# आराध्या की परफॉर्मेंस देख भावुक हुए अमिताभ बच्चन

## कहा- मां-बाप की मौजूदगी में बच्चों का बेस्ट परफॉर्म करना खुशी की बात, ऐश्वर्या-अभिषेक ने भी साथ किया डांस



आराध्या बच्चन हाल ही में धीरू भाई अंबानी स्कूल के वार्षिक समारोह में हुए एक प्ले का हिस्सा बनी थीं, जिसकी तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर सुर्खियों में हैं। बेटी का हौसला बढ़ाने के लिए ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन साथ पहुंचे थे। अब आराध्या के दादा जी अमिताभ बच्चन ने भी उनकी तारीफों में कसीदे पढ़े हैं।

अमिताभ बच्चन ने शुक्रवार शाम अपने ब्लॉग में आराध्या की परफॉर्मेंस की तारीफ कर लिखा,बच्चे, उनकी मासूमियत और माता-पिता की उपस्थिति में अपना बेस्ट परफॉर्म करने की चाहत, कितना आनंददायक है। और जब वे हजारों लोगों के साथ आपके लिए परफॉर्म करते हैं, तो ये सबसे ज्यादा आनंददायक अनुभव होता है। आज ऐसा ही हुआ है। अमिताभ बच्चन ने अपनी पोस्ट में ये भी बताया है कि एक दिन का रेस्ट लेने के बाद वो काम पर लौटने वाले हैं।

**बेटी के लिए साथ पहुंचे ऐश्वर्या-अभिषेक, साथ किया डांस**-हाल ही में स्कूल फंक्शन का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें बच्चों की परफॉर्मेंस के बाद ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। इस बीच शाहरुख खान ने भी स्कूल के बच्चों के साथ जमकर डांस किया है।

**अमिताभ बच्चन के साथ बैठी थीं ऐश्वर्या**-आराध्या की परफॉर्मेंस देखने के लिए ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन, अमिताभ बच्चन और ऐश्वर्या की मां वृंदा भी पहुंची थीं। फंक्शन से कई तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें ऐश्वर्या, बिग बी के साथ खड़ी नजर आ रही हैं। बताते चलें कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं ऐश्वर्या और अभिषेक की तस्वीरों का एक कारण ये भी है कि बीते कुछ दिनों से दोनों के तलाक की खबरें सुर्खियों में थीं। हालांकि अब कपल ने साथ बेटी के लिए स्कूल पहुंचकर तलाक की खबरों पर विराम लगा दिया है।

सकारात्मकता की माटी में पनपने वाला पौधा ही एक दिन विशाल वट वृक्ष बनता है।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# मंत्री खर्रा बोले-कांग्रेस झूठ बोलने में माहिर

## इन्हें जनहित के काम पच नहीं रहे; राहुल गांधी 55 साल के युवा, अभी भी मैच्योर नहीं हो पाए हैं

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** कांग्रेस द्वारा केन्द्र और राज्य सरकार की नीतियों को लेकर किए जा रहे धरना-प्रदर्शन पर मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पलटवार किया है। मंत्री का कहना है कि कांग्रेस झूठ बोलने में माहिर है। पिछले एक साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जिस तरह से राज्य सरकार ने जनहित के काम किए हैं। वो कांग्रेस को पच नहीं रहे हैं। कांग्रेसी नेता अर्नगल प्रलाप करके प्रदेश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। जनता इनके बहकावे में नहीं आ रही है। इससे ये ज्यादा परेशान हैं।

उन्होंने कहा- हमारी सरकार ने पिछले एक साल में भ्रष्टाचार, पेपरलीक पर अंकुश लगाया है। युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए अगले एक साल का भर्ती कलेंडर भी जारी कर दिया है। वहीं, अब तक जो भर्ती परीक्षाएं हुई हैं, वह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हुई हैं। इससे कांग्रेस में भारी व्याकुलता है। इसी व्याकुलता की वजह से इस प्रकार के धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं।

### राहुल 55 साल के युवा, अभी भी मैच्योर नहीं हुए

झाबर सिंह खर्रा ने कहा- कांग्रेस ने सदैव भीमराव अम्बेडकर का अपमान किया है। उनका अपमान करने में इन्होंने कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। इन्होंने अपने कार्यकाल में कभी बाबा साहब का कोई स्मारक नहीं बनवाया। नेहरू, इंदिरा और राजीव ने खुद को भारत रत्न दे दिया। बाबा साहेब को इन्होंने भारत रत्न नहीं दिया। इन्होंने हमेशा बाब साहब का अपने हित में उपयोग किया। केवल भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है, जिसने बाबा साहब को उनके पद के अनुसार सम्मान देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

# तेलंगाना में रेप विक्टिम के रिश्तेदारों का आरोपी पर हमला

## घर को आग लगाई, पुलिस वालों पर भी अटैक किया

बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** तेलंगाना के गुडीहटनूर गांव में यौन शोषण का शिकार हुई लड़की के परिवारवालों ने संदिग्ध आरोपी के घर पर हमला कर दिया। इसके बाद यहां हिंसा भड़क गई। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस वहां पहुंची और संदिग्ध को बचाया और अस्पताल पहुंचाया, जिसके बाद गुस्साए गांववालों ने पुलिस की टीम पर भी हमला कर दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, एक युवक ने कथित तौर पर एक युवती को अगवा किया और उसे अपने घर में कैद करके रखा। उसने कथित तौर पर युवती का रेप किया। जब इस घटना की जानकारी युवती के रिश्तेदारों को मिली, तो वे तुरंत उसके घर पहुंचे और युवक पर हमला कर दिया।

गांववालों ने आरोपी के घर और पुलिस के दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें एक सर्कल इंस्पेक्टर भी शामिल हैं।

# सरकार घुमंतू समाज के लोगों को फिर जारी करेगी पट्टे

## मंत्री बोले- राजस्थान में 62.50 लाख से ज्यादा पौधे हुए खत्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश में फरवरी तक घुमंतू और अर्ध घुमंतु जाति के लोगों के लिए पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें लगभग 30 हजार से ज्यादा लोगों को नए आवास के पट्टे दिए जाएंगे। इसको लेकर रविवार को पंचायती राज और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया- प्रदेश में चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुल 3 करोड़ 57 लाख 64 हजार पौधे लगाए गए थे। इनमें से 62.50 लाख से ज्यादा पौधे अब तक खत्म हो चुके हैं। जिन्हें नए सिरे से प्रदेश भर में लगाया जाएगा। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि प्रदेशभर में विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतु वर्ग के 1 लाख 23 हजार 757 परिवार चिन्हित किए गए थे। इनमें से 49 हजार 546 परिवारों के पास पूर्व में पट्टे हैं। जबकि 51 हजार 78 आवासहीन परिवारों को चिन्हित कर पट्टा वितरण किया जाना है। इस साल 2 अक्टूबर को सरकार ने 17 हजार 156 परिवारों को प्रदेशभर में एक साथ पट्टे वितरित किए गए थे। ऐसे में अब शेष 30 हजार से ज्यादा पात्र लोगों को सरकार द्वारा फरवरी में पट्टे वितरित किए जाएंगे। दिलावर ने बताया कि 7 अगस्त 2024 को आयोजित हरियालो राजस्थान अभियान में पंचायती राज और शिक्षा विभाग द्वारा किए गए पौधरोपण का सफलता प्रतिशत 82.49% प्रतिशत रहा है।



# अल्लू अर्जुन के घर तोड़फोड़

## आरोपी उस्मानिया यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट; भगदड़ में मरने वाली महिला के परिवार को 1 करोड़ देने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एक्टर अल्लू अर्जुन के हैदराबाद स्थित घर के बाहर उस्मानिया यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने तोड़फोड़ की है। इस मामले में पुलिस ने 8 लोगों की गिरफ्तारी की है। ये लोग एक्टर के घर में जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे। स्टूडेंट्स ने पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान संध्या थिएटर में मची भगदड़ में मारी गई महिला के परिवार को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की। इस घटना के कुछ समय पहले ही अल्लू अर्जुन ने पोस्ट किया था- मैं अपने सभी फैंस से अपील करता हूं कि वे हमेशा की तरह जिम्मेदारी से अपनी भावनाएं व्यक्त करें। ऑनलाइन और ऑफलाइन किसी भी प्रकार की अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल न करें, ना ही किसी से गलत व्यवहार करें।

एक्टर पहले ही मृतक रेवती के परिवार को 25 लाख रुपए देने की बात कह चुके हैं। साथ ही घायलों का इलाज भी अपने खर्च पर करा रहे हैं।

# झोपड़ी में आग, 3 जिंदा जले





## शिवपुरी में दादा-दो पोतियों पर गिरा जलता छप्पर

**शिवपुरी।** शिवपुरी में झोपड़ी में आग लगने से तीन लोग जिंदा जल गए। जलता छप्पर दादा और दो पोतियों पर गिर गया। घटना लक्ष्मीपूरा गांव में शनिवार रात करीब 11 बजे की है। पड़ोसियों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। बुजुर्ग और एक पोती की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि दूसरी पोती ने अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। बैराड़ थाना क्षेत्र के रसेरा पंचायत के लक्ष्मीपूरा गांव में रहने वाले वासुदेव और उसकी पत्नी रुकमणी रिश्तेदार की गमी में शामिल होने धौलपुर गए हुए थे। वासुदेव उसकी तीन बेटी अनुष्का, संध्या और ज्योति को अपने पिता हजारी के पास छोड़ गया था। 65 साल के बुजुर्ग हजारी बंजारा पोती संध्या (5) और ज्योति (10) के साथ सो रहे थे।

# राजस्थान में ओले गिरने की चेतावनी

## जयपुर सहित 11 जिलों में तेज बारिश होगी, पिछले 24 घंटे में 4 डिग्री गिरा पारा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( एजेंसी )।** राज्य के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने और उत्तरी हवा के कमजोर होने से रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। इससे लोगों को आज से कड़ाके की सर्दी से राहत मिलनी शुरू होगी। उधर, राजस्थान में शनिवार को शीतलहर और कोहरे से कई शहरों का तापमान गिर गया। सीकर, जयपुर, पिलानी, अजमेर के न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई। 23 दिसंबर से भरतपुर, जयपुर संभाग के 11 जिलों में बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है। 26-27 दिसंबर को बारिश और ज्यादा तेज हो सकती है। इस दौरान कहीं-कहीं ओले गिरने की भी आशंका है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आज राज्य में सर्द हवा का प्रभाव कम होगा। सुबह-शाम कड़ाके की सर्दी से लोगों को राहत मिलेगी। अगले एक सप्ताह में कई शहरों में रात के मिनिमम तापमान में बढ़ोतरी होगी। अधिकांश जगहों पर न्यूनतम तापमान 8 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हो सकते हैं। पिछले 24 घंटे में दिन का अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 26.2 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ। जोधपुर में 25.8 डिग्री सेल्सियस, चित्तौड़गढ़ में 24.8, चूरू में 23.4, जैसलमेर में 21.4, कोटा में 23.5, जयपुर में 23.9, अजमेर में 24.2 और उदयपुर में 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**इसलिए कम होगी रात में सर्दी**-मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, 25-26 दिसंबर से एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत पर एक्टिव होगा। इस सिस्टम का असर जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में देखने को मिलेगा।

# शाह के इस्तीफे के लिए कांग्रेस कैंपेन चलाएगी

## 26 जनवरी तक देशभर में प्रदर्शन होंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गृह मंत्री अमित शाह की इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी अगले साल 26 जनवरी तक देशभर में कैंपेन चलाएगी। 22 और 23 दिसंबर को कांग्रेस के नेता 150 से ज्यादा शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। 24 मार्च को कलेक्ट्रेट पर मार्च निकालेंगे। 27 दिसंबर को कर्नाटक के बेलगावी में पार्टी बड़ी रैली होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को बताया कि संसद सत्र में संविधान पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने अपने भाषण में बाबा साहब का अपमान किया है। शाह के बयान से सभी आहत हैं। अब तक अमित शाह या प्रधानमंत्री ने इसके लिए माफी मांगने की कोशिश नहीं की। कांग्रेस गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी तक इस मुद्दे को देशभर में उठाएगी।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी जानकारी दी थी कि लोकसभा और राज्यसभा के कांग्रेस सांसद सीडब्ल्यूसी सदस्यों के साथ देश भर के 150 अलग-अलग शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करेंगे।

भाजपा ने भी जवाबी तैयारी शुरू की कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए भाजपा ने भी विपक्ष को जवाब देने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने अपने एससी/एसटी मोर्चा को सभी विधानसभा सीटों पर जवाबी अभियान की योजना बनाने के लिए कहा है।



यूपी भाजपा एससी/एसटी मोर्चा के अध्यक्ष राम चंद्र कन्नौजिया ने पुष्टि की कि पार्टी जमीनी स्तर पर विपक्ष को बेनकाब करने के लिए अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा, पार्टी दलित विरोधी नारों और विपक्षी दलों के तहत पिछली सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों को उजागर करेगी।

उन्होंने कहा कि इस महीने के अंत में होने वाले संगठनात्मक चुनावों के तुरंत बाद यह कैंपेन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मोर्चे की जिला इकाइयों को दलित बहुल गांवों में जाने और पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने को कहा गया है।

अंबेडकर विवाद पर शाह सफाई दे चुके अंबेडकर पर दिए बयान पर अमित शाह सफाई दे चुके हैं। उन्होंने 18 दिसंबर को कहा था- संसद में बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए। भाजपा के सदस्यों ने ऐसा ही किया।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- शादी विश्वास पर आधारित रिश्ता

## इसका मकसद खुशी और सम्मान है, विवाद नहीं; 20 साल से अलग कपल का तलाक मंजूर किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी का रिश्ता आपसी भरोसे, साथ और साझा अनुभवों पर टिका होता है। अगर ये चीजें लंबे समय तक नहीं हों तो शादी सिर्फ कागजों पर रह जाती है।

कोर्ट ने आगे कहा कि शादी का उद्देश्य दोनों की खुशी और सम्मान है, न कि तनाव और विवाद।

कोर्ट ने यह टिप्पणी मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखते हुए की, जिसमें 20 साल से अलग रह रहे सॉफ्टवेयर इंजीनियर दंपति को तलाक देने का आदेश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने तलाक मंजूर करते हुए पत्नी को 50 लाख रुपए एलीमनी देने का आदेश दिया। इसके साथ ही बेटी की पढ़ाई और भविष्य के खर्चों के लिए भी 50 लाख रुपए देने को कहा। यह रकम पति को चार महीने के अंदर चुकानी होगी।



### सुप्रीम कोर्ट की 3 टिप्पणियां

- पति-पत्नी पिछले 20 सालों से अलग रह रहे हैं।
- दोनों के बीच रिश्ते इतने खराब हो चुके हैं कि इसे ठीक करना मुमकिन नहीं है।
- लंबे समय से अलगाव और झगड़े इस बात का सबूत हैं कि यह शादी टूट चुकी है।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# तुर्किए में टेक ऑफ करते वक्त हॉस्पिटल से टकराया हेलिकॉप्टर


## दो पायलट समेत 4 लोगों की मौत, घने कोहरे की वजह से हुआ हादसा


बढ़ता राजस्थान

**अंकारा ( एजेंसी )।** तुर्किए के मुगला प्रांत में रविवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश में दो पायलट और एक डॉक्टर समेत 4 लोगों की मौत हो गई। मुगला के गवर्नर अब्दुल्ला एरिन ने मीडिया को बताया कि घने कोहरे की वजह से हेलिकॉप्टर पास ही मौजूद एक अस्पताल की चौथी मंजिल से टकरा गया। मामले की जांच अभी जारी है।

हेलिकॉप्टर ने मुगला से अंताल्या शहर के लिए उड़ान भरी थी। इस घटना का वीडियो और कई तस्वीरें सोशल मीडिया वायरल हैं। इन तस्वीरों में हेलिकॉप्टर का मलबा हॉस्पिटल के पास बिखरा हुआ नजर आ रहा है।

अभी तक की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में प्लेन में सवार लोगों के अलावा किसी और को नुकसान नहीं पहुंचा है। घटनास्थल पर लगे कैमरे की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। हादसे के बाद रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंच कर शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल भेजा।





### नए पायलेट्स के लिए कई बार जानलेवा होता है कोहरा

अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक कोहरे में उड़ान भरना अनुभवी पायलेटों के लिए काफी मुश्किल होता। ऐसे में नए पायलेट्स के लिए तो यह कई बार जानलेवा साबित होता है। हर साल कोहरे और मौसम संबंधी विमान घटनाओं की वजह से लगभग 400 लोगों की मौत होती है।

**तुर्किए में इसी महीने हेलिकॉप्टर टक्कर में गई थी 6 लोगों की जान**-इससे पहले तुर्किए में 9 दिसंबर को प्रांत इस्पार्टा में दो मिलिट्री हेलिकॉप्टरों की टक्कर में सेना के 6 जवानों की मौत हो गई थी। यह दुर्घटना डेली रूटीन की ट्रेनिंग उड़ान के दौरान हुई थी। मरने वालों में एक ब्रिगेडियर जनरल भी शामिल थे।